राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 197
लखनऊ, शनिवार 21 मार्च, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



तेज बारिश से 27 गांवों की बिजली गुल 10

नन्हें परिंदों का संरक्षण हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी : केशव 03

### तृतीयं चन्द्रघण्टा



पिण्डजप्रवरारूढ़ा चण्डकोपास्त्रकेर्युता। प्रसादं तनुते मह्यं चंद्रघण्टेति विश्रुता॥

मां दुर्गा की तीसरी शक्ति का नाम चंद्रघंटा है। नवरात्रि में तीसरे दिन इनकी पूजा होती है। इनके मस्तक पर घंटे के आकार का आधा चंद्र है जिससे इनका यह नाम पड़ा। इनके दस हाथ हैं जिनमें वह अस्त्र-शस्त्र लिए हैं. हालांकि देवी का यह रूप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। ये एक हाथ में कमल दूसरे हाथ में तलवार धारण किए रहती हैं।

### सूचना

सुधी पाठकों, वितरकों, विज्ञापनदाताओं को ईद की मुबारकबाद। इस अवसर पर दिनांक 21 मार्च 2026 को कार्यालय में अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक 23 मार्च 2026 को प्रकाशित होगा।

प्रधान संपादक

### संक्षिप्त समाचार

#### केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी को मिली जान से मारने की धमकी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी को एक अज्ञात व्यक्ति से कथित तौर पर जान से मारने की धमकी मिली है, जिसके बाद पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई है। अधिकारी ने बताया कि कौशल विकास और उद्यमिता राज्य मंत्री चौधरी को बृहस्पतिवार को एक अज्ञात नंबर से धमकी भरा फोन आया, जिसके बाद उनकी सुरक्षा की तुरंत समीक्षा की गई। पुलिस ने बताया कि चौधरी की ओर से तुगलक रोड थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है और मामले की जांच जारी है। उसने बताया कि फोन के स्रोत का पता लगाने और फोन करने वाले की पहचान करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

#### सोना 35,000 रुपये सस्ता, चांदी 1.80 लाख रुपये आई नीचे

**मुंबई।** बीते दिन बाजारों में देखी गई बड़ी गिरावट के बाद आज शुक्रवार को सराफ़ बाजार में एक बार फिर तेजी का माहौल है। वैश्विक बाजारों में अस्थिरता और मिडिल ईस्ट में जारी तनाव के चलते निवेशकों ने सुरक्षा के लिहाज से एक बार फिर कीमती धातुओं की ओर रुख किया है। इसी का परिणाम है कि आज सोने और चांदी की कीमतों में 3 प्रतिशत तक की रिकवरी दर्ज की गई है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर आज सुबह से ही खरीदारी का जोर दिखा। अप्रैल वायदा सोना 3,151 की बढ़त के साथ 1,48,105 प्रति 10 ग्राम पर ट्रेड कर रहा है। वहीं, चांदी में और भी तगड़ी तेजी देखी गईय मई वायदा चांदी 7,937 चढ़कर 2,39,397 प्रति किलो के स्तर पर पहुंच गई है।

#### एयर इंडिया की दिल्ली-वैंकूवर फ्लाइट सात घंटे बाद चीन के एयरस्पेस से सुरक्षित लौटी

**नई दिल्ली।** टाटा की अगुवाई वाली एयर इंडिया एयरलाइन की एक बार फिर बड़ी चूक सामने आई है, जिसके कारण दिल्ली से कनाडा के वैंकूवर जा रही फ्लाइट एआई-185 को उड़ान भरने के करीब 7 घंटे बाद वापस दिल्ली लौटना पड़ा। इस घटना की जानकारी आज सामने आई है। इस विमान में 300 से ज्यादा यात्री मौजूद थे। एयर इंडिया ने गुरुवार को दिल्ली से कनाडा के वैंकूवर जाने वाले यात्रियों को बोइंग 777-300 ER की जगह बोइंग 777-200 LR फ्लाइट में भेज दिया था। एयरलाइन को गलती का पता तब चला जब विमान करीब 4 घंटे उड़ान भरकर चीन के कुनमिंग एयरस्पेस में पहुंच चुका था। इसके बाद तुरंत विमान ने यू-टर्न लिया। इस विमान की दिल्ली एयरपोर्ट पर सुरक्षित लैंडिंग हो गई है। एयरलाइन ने शुक्रवार को जारी एक बयान में बताया कि विमान दिल्ली हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतर गया है। हालांकि, कंपनी की ओर से ज्यादा कोई विशिष्ट जानकारी नहीं दी गई।

# यूपी में बारिश से फसलों को भारी नुकसान

- बारिश के साथ कई स्थानों पर गिरे ओले
- अचानक बदले मौसम से लुढ़का तापमान

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ समेत कई जिलों में शुक्रवार की सुबह मौसम का रुख अचानक बदल गया। गरज चमक के साथ तेज हवा के बीच झमाझम बारिश हुई और आकाशीय बिजली की चपेट में आने से अलग-अलग घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गयी। अचानक बदले मौसम से तापमान भी लुढ़क गया।

खड़ी फसल को सबसे अधिक नुकसान होने से किसानों की चिंता बढ़ गयी है। मौसम विभाग ने 21 मार्च को भी ऐसे ही मौसम होने का पूर्वानुमान लगाया है।

लखनऊ में शुक्रवार को सूर्योदय के समय आसमान साफ था और धूप भी खिली हुई थी लेकिन आठ- नौ बजे के बीच अचानक काले बादल घिरने लगे और देखते देखते गरज-चमक के साथ बारिश शुरू हो गई। कहीं कहीं ओले भी गिरे। बारिश और तेज हवाओं के चलते तापमान में काफी गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग ने पहले ही पश्चिमी विक्षोभ के असर से मौसम में बदलाव का अनुमान जताया था।

मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि शुक्रवार को बारिश के समय हवा की रफ्तार 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे तक रही और तापमान में लगभग 4 से 5 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट दर्ज की गयी है। राजधानी लखनऊ समेत सीतापुर, बहराइच, गोंडा, बलरामपुर, रायबरेली, उन्नाव, हरदोई, हमीरपुर, फर्रुखाबाद, फतेहपुर समेत कई जिलों और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मौसम बदल गया। बारिश के साथ कई स्थानों में ओले भी गिरे।



### सरसों की फसल प्रभावित, आलू उत्पादक चिंता में

शुक्रवार को हुई बारिश ने उन किसानों को चिंता में डाल दिया है, जिनकी फसल पक चुकी है या पकने वाली है, क्योंकि बारिश से फसल नम होने से उसके दाने प्रभावित होंगे। अब काटने में भी समय लगेगा। इसी प्रकार जिन किसानों का आलू अभी खेत से घर या कोल्ड स्टोर नहीं पहुंचा है। वे भी परेशान होने लगे हैं, क्योंकि खेत गीले होने से अब खुदाई में समय लगेगा। इसके अलावा सरसों की फसल भी प्रभावित हुई है। लेकिन मेंथा की रोपाई कर चुके या करने वाले किसानों के लिए यह बारिश फायदे वाली है जबकि गेहूं की फसल को भी नुकसान होगा। किसानों का कहना है कि इस समय सरसों की कटाई चल रही है, ऐसे में बारिश से फसल भीगने पर दाना खराब हो सकता है।

### आकाशीय बिजली गिरने से तीन की मौत, कई घायल

तेज बारिश में आकाशीय बिजली गिरने से अलग अलग घटनाओं में प्रदेश में तीन लोगों की मौत हो गयी जबकि कई घायल हो गये। बहराइच जिले में महसी इलाके के बदनपुरवा बंभौरी गांव में मुनऊ (30) की मौत हो गई। बलरामपुर जिले के धुसाह गांव के निवासी तीरथ वर्मा (30) की भी मौत आकाशीय बिजली की चपेट में आने से हुई । इसी प्रकार प्रयागराज में एक युवक की मौत हो गयी जबकि दूसरा युवक घायल हो गया। यहां कई गोवंश भी घायल हुए हैं। सीतापुर समेत कई जिलों में भी दीवार व छप्पर गिरने से भी लोग घायल हुए हैं।

## जंग का असर, प्रीमियम पेट्रोल के दाम में 2.30 रुपये की बढ़ोत्तरी

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

पश्चिम एशिया संकट के बीच सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने प्रीमियम पेट्रोल के दाम 2 रुपये से लेकर 2.30 रुपये प्रति लीटर तक बढ़ाये हैं, जबकि सामान्य पेट्रोल का भाव स्थिर है।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने प्रीमियम पेट्रोल की कीमतें 2 रुपये से लेकर 2.30 रुपये तक बढ़ा दी हैं। हालांकि आम उपभोक्ताओं के लिए बड़ी राहत की बात यह है कि नियमित (रेगुलर) पेट्रोल की कीमतों में फिलहाल कोई बढ़ोत्तरी नहीं किया गया है। यह बदलाव आज सुबह 6 बजे से ही पूरे देश में लागू हो चुके हैं। रिपोर्ट के मुताबिक इस ईंधन पर प्रति लीटर इनमें हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) का 'पावर' पेट्रोल और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) का 'एक्सपी95' (XP95) जैसे प्रमुख नाम शामिल हैं। आमतौर लोग अपनी महंगी कारों और आधुनिक बाइक्स में स्मूथ इंजन परफॉरमेंस की उम्मीद में प्रीमियम पेट्रोल को प्राथमिकता देते हैं। यह फैसला मुख्य रूप से मध्य पूर्व में चल रहे भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक ईंधन बाजारों पर इसके बढ़ते प्रभाव के कारण लिया गया है। उल्लेखनीय है कि ईरान-इजरायल और अमेरिका बीच जारी जंग के चलते ब्रेंट क्रूड ऑयल के दाम आज 109.54 डॉलर प्रति बैरल पर हैं। एक दिन पहले कच्चे तेल का दाम 117.98 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया था। वहीं, भारत में क्रूड की कीमतें लगभग दोगुनी होकर 146 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गई हैं।



# सशक्त और आत्मनिर्भर भारत तभी संभव है जब उसके नागरिक स्वस्थ हों : राष्ट्रपति

**मथुरा, समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि एक सशक्त और 'आत्मनिर्भर' भारत तभी संभव है, जब उसके नागरिक स्वस्थ हों। आज कैंसर सबसे गंभीर स्वास्थ्य चुनौतियों में से एक है। इस बीमारी का समय पर पता चलना और उच्च स्तरीय उपचार मरीज की जान बचाने में निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं।

राष्ट्रपति मुर्मु शुक्रवार को वृंदावन स्थित रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम अस्पताल में नवनिर्मित 'नंद किशोर सोमानी ऑन्कोलॉजी ब्लॉक' (कैंसर चिकित्सा केंद्र) के उद्घाटन के बाद लोगों को संबोधित कर रही थीं। इससे पहले सेवाश्रम अस्पताल में पहुंचने पर राष्ट्रपति मुर्मु का उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और रामकृष्ण मिशन सेवा आश्रम के सचिव सुप्रकाश आनंद एवं सह सचिव कालीकृष्णानंद ने उन्हें बुके देकर स्वागत किया। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि एक सशक्त और 'आत्मनिर्भर' भारत तभी संभव है, जब उसके नागरिक स्वस्थ हों। आज कैंसर सबसे गंभीर स्वास्थ्य चुनौतियों में से एक है। इस बीमारी का समय पर पता चलना और उच्च स्तरीय उपचार मरीज की जान बचाने में निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने कहा कि कुछ परिवारों के लिए आर्थिक परिस्थितियों के कारण इस बीमारी का इलाज मुश्किल या लगभग असंभव सा लगता है। ऐसे समय में जनसेवा की भावना से काम करने वाले संगठन समाज कल्याण में सक्रिय भूमिका निभा सकते हैं।



- राष्ट्रपति ने वृंदावन में रामकृष्ण मिशन अस्पताल के ऑन्कोलॉजी ब्लॉक का किया उद्घाटन

### राष्ट्रपति मुर्मु ने प्रेमानंद महाराज से की भेंट, लिया आशीर्वाद



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज अपने दूसरे दिन के दौरे के दौरान वृंदावन में प्रसिद्ध संत प्रेमानंद महाराज से मुलाकात की। शुक्रवार सुबह राष्ट्रपति श्री हित राधा केली कुंज आश्रम पहुंचीं, जहां उन्होंने प्रेमानंद महाराज के दर्शन किए और बातचीत की। राष्ट्रपति की इस यात्रा को लेकर पूरे मथुरा-वृंदावन क्षेत्र में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। प्रेमानंद महाराज ने राष्ट्रपति को ब्रज की महिमा और सेवा भाव का महत्व समझाया। इस आध्यात्मिक मिलन ने न केवल ब्रजवासियों बल्कि देशभर के श्रद्धालुओं का ध्यान खींचा है। आश्रम पहुंचने पर प्रेमानंद महाराज के शिष्यों और परिकरों ने राष्ट्रपति का भव्य एवं पारंपरिक स्वागत किया। इसके बाद राष्ट्रपति मुर्मु और पूज्य महाराज के बीच वार्तालाप हुआ। इस भेंट के दौरान मुख्य रूप से अध्यात्म, निस्वार्थ सेवा और जनकल्याण जैसे गहन विषयों पर चर्चा की गई।

# थाईलैंड के नए नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री अनुतिन को पीएम मोदी ने दी बधाई

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अनुतिन चर्नविराकुल को थाईलैंड का प्रधानमंत्री निर्वाचित होने पर हार्दिक बधाई दी है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने शुक्रवार को बताया कि मोदी ने सोशल मीडिया पर अपने संदेश में भारत-थाईलैंड रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए थाईलैंड के नेतृत्व के साथ मिलकर काम करने में गहरी रुचि व्यक्त की।

उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच संबंध साझा सभ्यतागत विरासत, घनिष्ठ सांस्कृतिक जुड़ाव और लोगों के बीच जीवंत संबंधों पर आधारित हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत और थाईलैंड अपने-अपने देशों की जनता के लिए शांति, प्रगति और समृद्धि की साझा आकांक्षाओं को लेकर एकजुट हैं। पीएम मोदी ने अपनी पोस्ट में लिखा, थाईलैंड के प्रधानमंत्री के रूप में श्री अनुतिन चर्नविराकुल के निर्वाचन पर उन्हें हार्दिक बधाई। मैं उनके साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हूं। हम मिलकर भारत-थाईलैंड की बहुआयामी रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करेंगे। हमारे संबंध साझा सभ्यतागत विरासत, घनिष्ठ सांस्कृतिक जुड़ाव और जन-जन के बीच जीवंत संबंधों पर आधारित हैं। भारत और थाईलैंड अपने लोगों के लिए शांति, प्रगति और समृद्धि की साझा आकांक्षाओं को लेकर एकजुट हैं। उल्लेखनीय है कि श्री चर्नविराकुल गुरूवार को देश के नये प्रधानमंत्री चुने गये थे।



- पीएम ने थाईलैंड के नेतृत्व के साथ मिलकर काम करने में गहरी रुचि व्यक्त की

### प्रधानमंत्री ने बहरीन के राजा से की बातचीत, क्षेत्रीय स्थिति पर जताई चिंता

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को बहरीन के राजा हमद बिन ईसा अल खलीफा से बातचीत कर पश्चिम एशियाई क्षेत्र की मौजूदा स्थिति पर चर्चा की और ऊर्जा तथा नागरिक बुनियादी ढांचे पर हो रहे हमलों की कड़ी निंदा की। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर दी जानकारी में बताया कि उन्होंने राजा को ईद अल-फित्र के अवसर पर शुभकामनाएं दीं और बहरीन की जनता के लिए भी मंगलकामनाएं व्यक्त कीं।

## राजधानी में दिखा चांद, ईद आज

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

राजधानी लखनऊ में शुक्रवार को ईद का चांद नजर आ गया। शनिवार को ईद मनाई जाएगी। 30 रमजान को ईद के चांद की तस्दीक हो गई। चांद नजर आने के साथ ही ईदगाह ऐशबाग समेत सभी मस्जिदों में ईद मनाए जाने का ऐलान कर दिया।

इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया के अध्यक्ष मौलाना खालिद रशीद ने कहा- 29 रमजान गुरुवार को चांद नहीं दिखा था, इसलिए शुक्रवार 30 रमजान को चांद की तस्दीक की जाती है। मौलाना ने सभी देशवासियों को ईद की मुबारकबाद देते हुए कहा नमाज के लिए इस्लामिक सेंटर आफ इंडिया की तरफ से जारी की गई गाइडलाइन का पालन करें। किसी भी तरीके से सड़क पर नमाज अदा करने की कोशिश न करें। ईदगाह ऐशबाग में सुबह 10:00 बजे नमाज होगी। समय से लोग पहले पहुंचे और नमाज अदा करें। इसके अलावा अपने मोहल्ले की मस्जिदों और शहर की ईदगाहों के अंदर नमाज पढ़ें। मौलाना ने कहा ईद की नमाज से पहले सभी लोग फितरा अदा करें। ईद के दिन गरीबों और जरूरतमंद लोगों की दिल से मदद करें। देश की तरक्की और खुशहाली के लिए दुआ करें। ईद की नमाज ईदगाह में ही अदा करें। त्योहारों को ध्यान में रखते हुए प्रशासन की ओर से सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं।



## युद्ध केवल स्वार्थ का नतीजा : मोहन भागवत

**एजेंसी, नागपुर।**

संघ प्रमुख मोहन भागवत ने शुक्रवार को कहा है कि दुनिया में संघर्षों की मूल वजह स्वार्थी हित और वर्चस्व की चाहत है। उन्होंने जोर देकर कहा है कि स्थायी शांति केवल एकता, अनुशासन और धर्म के पालन से ही हासिल की जा सकती है। नागपुर में एक सभा को संबोधित करते हुए भागवत ने कहा कि 2,000 सालों से दुनिया ने संघर्षों को सुलझाने के लिए कई विचारों पर प्रयोग किए हैं, लेकिन सफलता बहुत कम मिली है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख शहर में विश्व हिंदू परिषद के दफ्तर की नींव रखने के बाद एक सभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने बताया कि धार्मिक असहिष्णुता, जबरदस्ती धर्म परिवर्तन और ऊंच नीच की भावनाएं आज भी मौजूद हैं। उन्होंने कहा, विश्व अभी लड़खड़ा रहा है। सारी परिस्थितियां हमारे सामने हैं। युद्ध होने के पीछे की असली वजह स्वार्थ है। वर्चस्व की कलह है। मूल में स्वार्थ प्रवृति है। संघ प्रमुख ने कहा कि भारत मानवता में विश्वास रखता है, जबकि दूसरे लोग अस्तित्व के संघर्ष और योग्यतम की उत्तरजीविता में विश्वास रखते हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया को सद्भाव की जरूरत है, संघर्ष की नहीं। युद्ध के बीच बार बार देशों से आवाज उठ रही है कि भारत ही इसको समाप्त कर सकता है। क्योंकि भारत की प्रवृत्ति का ज्ञान विश्व को है।

भागवत ने आगे कहा कि भारत का प्राचीन ज्ञान सिखाता है कि सभी आपस में जुड़े हुए हैं और एक हैं। उन्होंने आगे कहा कि आधुनिक विज्ञान भी धीरे-धीरे इसी समझ की ओर बढ़ रहा है। वहीं आचरण के महत्व पर जोर देते हुए भागवत ने कहा कि धर्म केवल शास्त्रों तक ही सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि लोगों के व्यवहार में भी झलकना चाहिए।



## चुनाव के दौरान सोशल मीडिया विज्ञापनों के लिए आयोग के कड़े नियम

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

चुनाव आयोग (ईसीआई) ने आगामी विधानसभा चुनावों और उपचुनावों के मद्देनजर चुनावी विज्ञापनों और सोशल मीडिया के उपयोग को लेकर सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं। आयोग ने स्पष्ट किया है कि अब किसी भी राजनीतिक दल या उम्मीदवार को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर विज्ञापन देने से पहले सरकारी समिति से अनुमति लेना अनिवार्य होगा। निर्वाचन सदन की ओर से जारी की गई जानकारी के अनुसार असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों के दौरान राजनीतिक दलों को मीडिया प्रमाणन और निगरानी समिति (एमसीएमसी) से विज्ञापनों का पूर्व-प्रमाणन करवाना होगा। इसके अलावा उम्मीदवारों को अपने प्रामाणिक सोशल मीडिया खातों का विवरण साझा करना होगा।

चुनाव आयोग ने 15 मार्च को 5 राज्यों में विधानसभा चुनावों और 6 राज्यों में उपचुनावों का कार्यक्रम घोषित किया। आयोग के आदेश के मुताबिक उम्मीदवार जिला स्तर की एमसीएमसी में और राजनीतिक दल राज्य स्तरीय एमसीएमसी में आवेदन कर सकते हैं। यदि कोई समिति के निर्णय से संतुष्ट नहीं है तो मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) की अध्यक्षता वाली अपीलीय समिति में शिकायत की जा सकती है। आयोग ने पारदर्शिता बढ़ाने के लिए उम्मीदवारों को निर्देश दिया है कि वे नामांकन दाखिल करते समय अपने प्रामाणिक सोशल मीडिया खातों का विवरण शपथ-पत्र में अनिवार्य रूप से दें। बिना पूर्व-प्रमाणन के इंटरनेट पर कोई भी राजनीतिक विज्ञापन जारी करना नियमों का उल्लंघन माना जाएगा। चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया है कि पेड न्यूज (सशुल्क समाचार) के मामलों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। साथ ही, चुनाव खत्म होने के 75 दिनों के भीतर राजनीतिक दलों को अपने डिजिटल प्रचार का पूरा खर्च आयोग को सौंपना होगा। इसमें वेबसाइट विज्ञापनों के लिए किया गया भुगतान, कंटेंट (वीडियो/ग्राफिक्स) बनाने पर हुआ खर्च, सोशल मीडिया अकाउंट के संचालन का खर्च शामिल है।

**रिपोर्ट** — एडीआर रिपोर्ट में चौंकाने वाले खुलासे

# राज्यसभा के 32 प्रतिशत सांसदों पर क्रिमिनल केस दर्ज

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने राज्यसभा के मौजूदा सांसदों के क्रिमिनल रिकॉर्ड को लेकर ताजा रिपोर्ट जारी किया है, जो उनके स्वयं के शपथपत्रों पर आधारित है। कुल 233 सदस्यों में से 229 सदस्यों (जिनमें हाल ही में निर्वाचित 37 सदस्य शामिल हैं) को कवर करने वाली यह रिपोर्ट भारत के उच्च सदन में आपराधिक मामलों और आय से अधिक संपत्ति को लेकर खुलासा करती है।

जांचे गए 229 सांसदों में से 73 (32 प्रतिशत) ने अपने खिलाफ लंबित आपराधिक मामलों की घोषणा की है। इनमें 36 सांसद (16 प्रतिशत) शामिल हैं जिन पर हत्या, हत्या का प्रयास, अपहरण और महिलाओं के खिलाफ अपराध जैसे गंभीर आरोप हैं। गौरतलब है कि एक सांसद ने 36 गंभीर मामलों की घोषणा की है, जबकि अन्य सांसदों के खिलाफ कम से कम एक हत्या से संबंधित मामला, चार हत्या के प्रयास से संबंधित मामले और तीन महिलाओं के खिलाफ अपराध से संबंधित मामले दर्ज हैं। प्रमुख पार्टियों में, बीजेपी सबसे आगे है, जिसके 99 सांसदों में से 27 पर क्रिमिनल केस दर्ज हैं। इसके बाद कांग्रेस (28 में से 12), टीएमसी (13 में से 4) और आम आदमी पार्टी (10 में से 4) का स्थान आता है। वहीं बीआरएस के एक सांसद ने 5,300 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति घोषित की है, जो अब तक की सबसे अधिक रिपोर्ट है। वित्तीय मोर्चे पर, रिपोर्ट धन के अत्यधिक केंद्रीकरण को उजागर करती है। 31 सांसद (14 प्रतिशत) अरबपति हैं, जिनकी घोषित संपत्ति 100 करोड़ रुपये से अधिक है। राज्यसभा सांसद की औसत संपत्ति 120.69 करोड़ रुपये है, जो यह दर्शाती है कि सदन में अति-धनी लोगों का प्रतिनिधित्व अधिक है। पार्टीवार औसत में भारी अंतर है। आम आदमी पार्टी (आप) 574.09 करोड़ रुपये प्रति सांसद के साथ सूची में सबसे ऊपर है फिर वाईएसआरसीपी 522.63 करोड़ रुपये प्रति सांसद के साथ दूसरे स्थान पर है। समाजवादी पार्टी 399.71 करोड़ रुपये प्रति सांसद के साथ तीसरे स्थान पर है। कांग्रेस 128.61 करोड़ रुपये प्रति सांसद के साथ चौथे स्थान पर है। भाजपा 28.29 करोड़ रुपये प्रति सांसद के साथ पांचवे स्थान पर है। टीएमसी 17.70 करोड़ रुपये प्रति सांसद के साथ छठे स्थान पर है। डीएमके 11.90 करोड़ रुपये प्रति सांसद के साथ 7वें स्थान पर है। सबसे धनी सांसद की पहचान भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के पार्था सारथी रूप में हुई है, जिन्होंने 5,300 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति घोषित की है। वहीं, सबसे गरीब सांसद की बात करें तो वह आप के संत बलबीर सिं हैं, जिनकी संपत्ति करीब 3 लाख रुपये है।



### अवैध बेटिंग व सट्टेबाजी पर कार्रवाई, 300 वेबसाइट्स और ऐप्स ब्लॉक

**एजेंसी, नई दिल्ली।** केन्द्र सरकार ने ऑनलाइन चल रहे अवैध जुआ और सट्टेबाजी के खिलाफ कार्रवाई तेज करते हुए 300 और वेबसाइटों व ऐप्स को ब्लॉक कर दिया है। 'ऑनलाइन गेमिंग एक्ट' लागू होने के बाद से इन गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार नए कानून के तहत अब तक कुल 4,900 प्लेटफॉर्म्स पर गाज गिरी है। पिछले आंकड़ों के साथ इनकी संख्या 8,400 हो जाती है। हालिया कार्रवाई के निशाने पर मुख्य रूप से ऑनलाइन स्पोर्ट्स बेटिंग प्लेटफॉर्म, ऑनलाइन कैसीनो (स्लॉट्स, रूलेट और लाइव डीलर टेबल), और बेटिंग एक्सचेंज (पी2पी मार्केटप्लेस) शामिल हैं। इसके अलावा सट्टा नेटवर्क पर भी शिकंजा कसा गया है। सट्टा-मटका जुआ नेटवर्क और असली पैसों का लालच देने वाले कार्ड गेम ऐप्स को भी प्रतिबंधित किया गया है।

समस्त जनपद वासियों को 'चैत्र नवरात्र' की हार्दिक शुभकामनाएं



डॉ. एच.एम.विश्वकर्मा
(बी.ए.एम.एस.)
श्वांस, चर्म, डायबिटीज (शुगर), ब्लड प्रेशर, उदर रोग विशेषज्ञ
पता - कोच बस स्टैंड, उरई, फोन - 9415194751

# गोंडा के दो दोस्तों की सड़क हादसे में मौत

**गोंडा।** बलरामपुर जिले के मां पटेश्वरी तुलसी पुर मंदिर का दर्शन करने जा रहे दो दोस्तों की बलराम पुर जिले के तुलसी पुर मार्ग स्थित दुल्हनियापुर ग्राम के पास बृहस्पतिवार की देर रात्रि में बाइक अचानक अनियंत्रित हो कर एक पेड़ से टकरा गई जिस से दोनो दोस्तों की मौत हो गई। मौत की खबर घर मिलने से कोहराम मच गया। देहात कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत चिश्तीपुर निवासी 20 वर्षीय राधेश्याम और करौंधिया निवासी 21 वर्षीय चंदन यादव की बलरामपुर के दुल्हिनपुरवा के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में मौत हो गई। दोनों दोस्त चैत्र नवरात्रि के अवसर पर मोटरसाइकिल से मां पाटेश्वरी देवी के दर्शन करने बलरामपुर जा रहे थे, तभी उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक पेड़ से टकरा गई। देर रात हुए इस हादसे की सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और वे सुबह ही बलरामपुर रवाना हो गए। बताया जा रहा है कि राधेश्याम अपने परिवार का इकलौता सहारा था, जिसने हाल ही में दर्जीकुंआ चौराहा पर एक रिकॉर्डिंग स्टूडियो खोलकर घर की जिम्मेदारी संभाली थी। स्थानीय पुलिस ने हादसे की पुष्टि करते हुए बताया कि विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण की बैठक संपन्न

- विशेष रूप से एक परिवार के सभी सदस्यों के नाम एक ही मतदान केंद्र (बूथ) पर सुनिश्चित किए जाएं : रोल प्रेक्षक

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।**

कलेक्ट्रेट सभागार में आयुक्त देवीपाटन मण्डल, गोण्डा/रोल प्रेक्षक की अध्यक्षता में अर्हता तिथि 01.01.2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में विधायक कटरा बाजार बावन सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न राजनीतिक दलों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में जिलाधिकारी गोण्डा प्रियंका निरंजन ने भी प्रतिभाग करते हुए पुनरीक्षण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की।




बैठक के दौरान रोल प्रेक्षक द्वारा निर्वाचन नामावली को अधिक सुदृढ़ एवं पारदर्शी बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। उन्होंने विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया कि एक ही परिवार के सभी सदस्यों के नाम एक ही मतदान केंद्र (बूथ) पर सुनिश्चित किए जाएं, जिससे मतदाताओं को मतदान के समय किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। इसके अतिरिक्त उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक बूथ पर नियुक्त बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) के मोबाइल नंबरों का सत्यापन अनिवार्य रूप से कर लिया जाए, ताकि मतदाताओं को आवश्यक जानकारी समय पर उपलब्ध कराई जा सके। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि पुनरीक्षण कार्य पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं समयबद्धता के साथ संपन्न किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी पात्र मतदाता का नाम सूची से वंचित न रह जाए तथा अपात्र नामों को नियमानुसार हटाया जाए। साथ ही उन्होंने जनप्रतिनिधियों एवं राजनीतिक दलों से अपील की कि वे इस प्रक्रिया में सक्रिय सहयोग प्रदान करें और अधिक से अधिक पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए प्रेरित करें। बैठक में निर्वाचन प्रक्रिया को सुचारु रूप से संपन्न कराने हेतु विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अंत में सभी उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने निर्वाचन नामावली के सफल पुनरीक्षण हेतु पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार, अपर उपजिलाधिकारी विशाल कुमार, अपर उपजिलाधिकारी जितेंद्र गौतम, सासंद कैसरगंज प्रतिनिधि संजीव सिंह, पूर्व विधायक बैजनाथ दूबे, विधायक तरबगंज प्रतिनिधि, जिलाध्यक्ष भाजपा अकबाल बहादुर तिवारी, महामंत्री राकेश कुमार तिवारी, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी सहित अन्य सभी संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# वायरल हुआ दबंग समाज कल्याण अधिकारी का गालीबाज चेहरा

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** जहां एक तरफ प्रदेश के मुखिया मान सम्मा न और तहजीब की बात करते हैं, वहीं दूसरी तरफ समाज कल्याण अधिकारी बदसलूकी में पहले पायदान पर नजर आते हैं, बता दें कि जिनको सम्मान देने की शिक्षा बचपन से ही दी जाती है उन माँ को एक जिम्मेदार अधिकारी ने ऐसी गंदी भाषा का प्रयोग किया जो सुनकर किसी का भी आपा खो सकता है, गौरतलब है कि जिले के समाज कल्याण अधिकारी से सामूहिक विवाह के बारे में कुछ सवाल पूछा गया तो इतने में ही जिला समाज कल्याण अधिकारी भड़क गए और सवाल पूछने वाले व्यक्ति को ही भद्दी - भद्दी गालियां देने लगे जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जानकारी के अनुसार




मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह मे हो रही गड़बड़ी का ठीकरा ब्लॉक के लोगों पर फोड़ा जा रहा है, लेकिन मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह की संपूर्ण जिम्मेदारी निभाने वाले ऐसे जिला समाज कल्याण अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह हों तो ये कैसे सफल होगा, इससे ये अनुमान लगा सकते हैं, दरअसल उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले के समाज कल्याण अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह से सवाल पूछने पर वो भड़क जाते हैं सवाल पूछने वाले के सामने ही जिम्मेदारी का पाठ पढ़ने के दौरान सारी हदें भूल गए और महिलाओं के सामने ही महिलाओं को गंदी-गंदी गालियां देने लगे, इसका वीडियो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है। जिसमे साफ -साफ देखा जा सकता है कि कैसे समाज कल्याण अधिकारी साहब बार- बार गालियां दे रहे हैं, उनकी गालियां सुनकर वहां मौजूद महिलाएं शर्म से तार तार हो गई, और नजरें चुराने लगीं, वायरल वीडियो की इस समाचार की पुष्टि समृद्धि नहीं करता है। इस वायरल वीडियो का सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद जिला समाज कल्याण अधिकारी की हर तरफ थू-थू हो रही है।

वायरल वीडियो में दिख रहा है कि जिला समाज कल्याण अधिकारी से कुछ लोगों के द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में हो रही गड़बड़ी के बारे में सवाल किया तब समाज कल्याण अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह भड़क गए और गंदी गंदी गालियां को देने लगे। इतने मे ही किसी ने गाली देते हुए समाज कल्याण अधिकारी का किसी ने वीडियो बना लिया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। अब सोशल मीडिया पर गाली बाज समाज कल्याण अधिकारी की थू-थू मची हुई है।

# कुदरत की मार और किसानों की बेबसी

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** जनपद में हुई बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि ने हमारे अन्नदाता की साल भर की मेहनत पर पानी फेर दिया है। खेतों में बिछी हुई गेहूं की फसल किसानों के टूटे हुए अरमानों की कहानी राष्ट्रीय छात्र पंचायत अध्यक्ष शिवम पांडे की जुबानी जिसमें उन्होंने किसानों का दर्द बयां किया है कहा है अप्रैल माह से शिक्षा का नया सत्र प्रारंभ हो रहा है ऐसे में किसानों पर कुदरत की मार के कारण अब उनके बच्चों की पढ़ाई बाधित हो सकती है क्योंकि जो आस लगाकर बैठे थे वह बे मौसम बरसात में समाप्त कर दिया ऐसे में सरकार से निम्न मांग किया गया है की सरकार किसानों की मदद करें जिससे उनके टूटे हुए अरमान फिर से लौट आएँ।



# नहीं मिल रही स्वच्छ जल मिशन की सहूलियतें



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।** कर्नलगंज तहसील क्षेत्र के विकास खंड परसपुर के ग्राम पंचायत खरगूपुर बेलवा संपर्क मार्ग से खरगूपुर चौराहे से स्थित खाले पुरवा और बढ़ई पुरवा तक जल निगम की पाइप लाइन डालने हेतु सड़क को बीचों बीच से फाड़ दिया गया।और गहरे गड्ढे हो गए लेकिन उसमें मिट्टी तक नहीं डाली गई।जिससे राहगीरों को भारी मुसीबत झेलनी पड़ रही।सूत्रों के अनुसार ग्राम पंचायत में जल निगम टंकी का निर्माण चल रहा है।और गांवों में स्वच्छ जल पहुंचाने हेतु पाइप लाइन बिछाई गई।परंतु न तो स्वच्छ जल किसी को नसीब हुआ।बल्कि सड़के गड्ढा युक्त हो गई।जबकि मंडलायुक्त शशिलाल भूषण सुनील ने एक आदेश जारी कर कहा था कि जल निगम द्वारा सड़कों को जो क्षति हुई है।उसको पहले की तरह किया जाना चाहिए। लेकिन मंडलायुक्त का जल निगम अधिकारियों को निर्देश दिए गए थे।लेकिन निर्देश का पालन तो दूर की बात है।उस पर कोई अमल तक नहीं किया गया।

## खबरें एक नजर में

### चैत्र नवरात्रि के दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी का पूजन

मंदिरों में हवन-पूजन के साथ हो रही आरती

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** विभिन्न मंदिरों में चैत्र नवरात्रि के दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी की पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर सतरूपा अष्टभुजा दुर्गा मंदिर में विशेष धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां विधि-विधान से पूजा और हवन संपन्न हुआ। सतरूपा अष्टभुजा दुर्गा मंदिर में महा आचार्य राम उजागर मिश्रा के नेतृत्व में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। आचार्य मिश्रा ने प्रातःकाल से ही दुर्गा सप्तशती का पाठ प्रारंभ किया। पुजारी पंडित संतोष पाण्डेय और पंडित राम गोपाल मिश्रा ने विधि-विधान से पूजन और हवन कराया। आरती कार्यक्रम में एस कुमार, अंकुर श्रीवास्तव, गीता श्रीवास्तव, डॉ. वीरांगना कान्त, अनुष्का साहू, नैंसी गुप्ता, प्रिया सोनी, शोभा जायसवाल सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी भक्तों ने मां ब्रह्मचारिणी के चरणों में श्रद्धापूर्वक पूजा-अर्चना की। पूरे कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी रही और जय माता दी के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। इसी क्रम में जगदीश्वरी मंदिर, माह गौरी मंदिर, श्याम मंदिर और काली कुंड मंदिर में भी चैत्र नवरात्रि की पूजा धूमधाम से की गई।




### कड़ी सुरक्षा, बारिश में अदा हुई अलविदा नमाज



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** बाबागंज में शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अलविदा की नमाज अदा की गई। यह नमाज ईद उल फितर का चांद बृहस्पतिवार की शाम नजर न आने के कारण दूसरी बार पढ़ी गई। इससे पहले, पिछले शुक्रवार को भी अलविदा की नमाज अदा की गई थी। चांद न दिखने के कारण इस बार भी मुस्लिम समुदाय के लोगों ने यह नमाज पढ़ी। बाबागंज, रूपईडीहा, चरदा, नवाबगंज सहित क्षेत्र की विभिन्न मस्जिदों में अलविदा की नमाज अदा की गई। सुबह से हो रही मूसलाधार बारिश के बावजूद बड़ी संख्या में नमाजी मस्जिदों में पहुंचे। नमाज अदा करने के बाद मुस्लिम समुदाय के लोगों ने देश में अमन-चैन और खुशहाली के लिए दुआ मांगी। वही चप्पे-चप्पे पर पुलिस प्रशासन मौजूद रहा।

### भारी बारिश से सरसों की फसल बर्बाद

**समृद्धि न्यूज़, महुआ बाजार (बलरामपुर)।** चैत माह में जब किसान की फसल लगभग पक चुका होता है उस वक्त नित्य भोर में जाकर किसान अपने भविष्य निधि को निहारता रहता है और भविष्य की योजनाओं को कल्पना में ही कंजूसी से खर्च कर अपनी जरूरी कार्यों में खर्च करता है। किन्तु यदि प्रकृति ही नाराज हो जाए तो सारा सपना ढह जाता है। यही दशा आज किसानों की हो गई। अचानक जब आसमान में बादल छा गए कजरी ऐसी उठी मानो भादो की रात हो गई हो, कोई सरसों कटाई करने निकला, कोई बाहर पड़ी सरसों को ढकने के लिए किंतु कुछ ही पलों में घनघोर घटाओ के बीच से आफत भरी पानी की बूंदे गिरने लगी साथ ही ओलावृष्टि भी होने लगी। कटी सरसों के फसल को बचाने के लिए दौड़े पट्टू यादव, धोखे राम बताते है कि खेत तक पहुंच गया था कि झमाझम बारिश शुरू हो गई देखते देखते सारी कटी सरसों की फसल भीग गई। हालांकि ओलावृष्टि हल्की हुई नहीं पूरी तरह गेहूं सरसों मटर की फसल पूरी तरह चौपट हो जाती। भगवत प्रसाद मिश्र बताते हैं कि गेहूं फसल लगभग तैयार हो चुका था किंतु पानी के साथ तेज हवाएं चलने से गेहूं फसल गिर गया जिसके चलते फसल नुक्सान हो गया। दिलीप कुमार और विनोद कुमार ने बताया कि किसान एक तो महंगे डीजल और उर्वरक के साथ साथ महंगे लेबर से जहां पहले से ही परेशान रहता है वहीं बे मौसम चैत माह में बारिश हो जाने से किसानों की स्थिति और भयावह हो सकती हैं। बताया कि अब गेहूं के दाने काले पड़ जाएंगे जिससे उनके अच्छे दाम नहीं मिलेंगे।



# आकाशीय बिजली गिरने से किसान की मौत

खेत में फसल देखने जा रहा था, ईद की खुशियां मातम में बदलीं

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** जिले के महसी तहसील स्थित बंभौरी गांव में आकाशीय बिजली गिरने से एक किसान की मौके पर ही मौत हो गई। किसान भारी बारिश के बीच खेत में अपनी फसल देखने जा रहा था।मृतक की पहचान हरदी थाना क्षेत्र के बंभौरी गांव के मजरा बदनपुरवा निवासी मुनऊं पुत्र जलील (32) के रूप में हुई है। वह आज सुबह करीब 11 बजे अपने घर से कुछ दूरी पर स्थित खेत में सरसों की फसल देखने जा रहे थे, तभी यह हादसा हुआ।ग्रामीणों के अनुसार, मुनऊं के दो छोटे बेटे हैं, जिनकी उम्र तीन साल और चार माह है। परिवार ईद का पर्व मनाने की तैयारी कर रहा था, लेकिन इस घटना से खुशियां मातम में बदल गईं। घटना की सूचना स्थानीय तहसील प्रशासन को दे दी गई है। गौरतलब है कि आज सुबह से ही जिले में गरज-चमक के साथ लगातार तेज बारिश हो रही है।



## जिले में हवाओं के साथ तेज बारिश, तापमान आई गिरावट

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** जिले में शुक्रवार सुबह मौसम में अचानक बदलाव आया। तेज हवाओं के साथ हुई बारिश से दिन में अंधेरा छा गया और तापमान में गिरावट दर्ज की गई। इस बारिश से जहां लोगों को गर्मी से राहत मिली, वहीं गेहूं और दलहन की फसलों को नुकसान पहुंचने की आशंका है। आज सुबह करीब 11 बजे जिले में मौसम का मिजाज बदला। तेज हवाओं, गरज-चमक और बारिश के कारण दिन में ही अंधेरा छा गया।

# संचारी रोगों पर प्रहार, 1 अप्रैल से चलेगा विशेष अभियान

- घर-घर दस्तक देंगी आशा-आंगनबाड़ी कार्यकर्ता
- एसडीएम की अध्यक्षता में हुई अंतर्विभागीय बैठक



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** गर्मियों की शुरुआत के साथ ही संचारी रोगों और दिमागी बुखार पर प्रभावी रोकथाम के लिए तहसील प्रशासन ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। शुक्रवार को उप जिलाधिकारी राम दयाल की अध्यक्षता में तहसील सभागार में एक महत्वपूर्ण अंतर्विभागीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में एसडीएम ने अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि संचारी रोगों पर नियंत्रण और मरीजों का त्वरित इलाज शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।बैठक में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रमोद वर्मा, बीसीपीएम अजय कुमार यादव, बीएमसी सफीउर रहमान, अंकिता श्रीवास्तव सहित खंड शिक्षा अधिकारी और नगर पंचायत के प्रतिनिधि व अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

**ई-कवच पोर्टल पर दर्ज होगा मरीजों का ब्यौरा**

एसडीएम ने बताया कि क्षेत्र में 1 से 30 अप्रैल 2026 तक 'संचारी रोग नियंत्रण अभियान' और 10 से 30 अप्रैल 2026 तक 'दस्तक अभियान' चलाया जाएगा। इस दौरान आशा और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां घर-घर जाकर क्षय रोग, दिमागी बुखार और खांसी-जुकाम जैसे संचारी रोगों का सर्वे करेंगी। सर्वे के दौरान मिलने वाले लक्षणयुक्त मरीजों को अस्पताल रेफर करने के साथ ही उनका नाम, पता और मोबाइल नंबर सहित पूरा विवरण 'ई-कवच' पोर्टल पर भी अपलोड किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि जन जागरूकता कार्यक्रम के दौरान कोई भी गांव, मोहल्ला या घर इस अभियान से अछूता नहीं रहना चाहिए।

**स्वच्छता और शुद्ध पेयजल पर विशेष जोर**

बैठक में एसडीएम ने स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, पंचायती राज और नगर पंचायत सहित सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय बनाकर काम करने के निर्देश दिए। मच्छरों को पनपने से रोकने के लिए नियमित फॉगिंग कराने, खुली नालियों को ढकने और जलभराव वाले स्थानों पर चूने का छिड़काव कराने को कहा गया है। इसके अलावा, उथले हैंडपंपों को चिन्हित कर आम जनमानस के लिए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

# शाखा के माध्यम से व्यक्तित्व निर्माण होता है : शिवम

- विद्या मंदिर प्रांगण में माधव शाखा का वार्षिक उत्सव कार्यक्रम हुआ आयोजित

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ माधव शाखा का वार्षिकोत्सव भव्य रूप से मनाया गया कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में नगर कार्यवाह शिवम जी उपस्थित रहे। वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने समता, खेल, दंड, योग आदि का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता शिवम जी ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपनी स्थापना का एक शतक पूर्ण कर लिया हैद्य संघ स्थापना का उद्देश्य संपूर्ण हिंदू समाज को संगठित कर हिंदुत्व के अधिष्ठान पर अपने इस महान राष्ट्र को समर्थ एवं परम वैभवशाली बनाना है। राष्ट्र निर्माण के अभियान में निरंतर कार्य करने के लिए समर्पित कार्यकर्ता आवश्यक थे, ऐसे कार्यकर्ता निर्माण के लिए संघ संस्थापक डॉक्टर हेडगेवार जी ने एक सरल अत्यंत परिणामकारक नित्य लगने वाली शाखा की पद्धति विकसित की। संघ शाखा के माध्यम से स्वयंसेवकों में व्यक्तित्व का निर्माण होता है। संघ के स्वयंसेवक अपने पूर्ण मनोयोग से मां भारती की जय जयकार हो इसके लिए पूर्ण मनोयोग से कार्य कर रहे हैं। संघ के स्वयंसेवक लगातार सामाजिक समस्याओं व चुनौतियों का समाधान करने में लगे हुए हैं। संघ स्वयंसेवक समाज के सहयोग से स्वास्थ्य शिक्षा संस्कार और स्वावलंबन के विषयों पर सेवा कार्य व अन्य गतिविधियां चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि 100 वर्षों की संघ यात्रा बहुत ही रोचक रही है संघ उपहास विरोध को पार कर स्वीकृति एवं समर्थन प्राप्ति की स्थिति में पहुंच गया है। समाज परिवर्तन के लिए संघ के स्वयंसेवक सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन तथा स्व आधारित जीवन एवं नागरिक कर्तव्य जैसे विषयों पर लगातार जन जागरण चला रहे हैं। कार्यक्रम में विभाग प्रचार प्रमुख अतुल गौड़,जिला कार्यवाह भूपेंद्र, प्रांत सामाजिक समरसता संयोजक वरिष्ठ प्रचारक राजकिशोर, उत्तम, अखिलेश, अनूप, नगर प्रचारक अभिषेक इत्यादि संघ के कार्यकर्ता सहित माधव शाखा के स्वयंसेवक एवं समाज से लोग उपस्थित रहे।



## बसावन बनकट विद्यालय में वार्षिक परीक्षा सम्पन्न, 30 मार्च को मिलेगा रिपोर्ट कार्ड

**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय बसावन बनकट में कक्षा 1 से 8 तक की वार्षिक परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न हो गई। परीक्षा के दौरान विद्यालय प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई, जिससे परीक्षाएं बिना किसी व्यवधान के सम्पन्न हुई। प्रधानाध्यापक वंशराज कनौजिया ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 30 मार्च 2026 को विद्यालय में विद्यार्थियों को उनका रिपोर्ट कार्ड वितरित किया जाएगा। इस दौरान अभिभावकों को भी बच्चों की शैक्षिक प्रगति से अवगत कराया जाएगा। विद्यालय के शिक्षक सतीश सिंह, प्रीति सिंह, अमित सिंह, संतोष शुक्ल, सरिता वर्मा, मीरा वर्मा एवं राजेंद्र कुमार ने बताया कि 1 अप्रैल से नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ होगा।

## 10 दिव्यांगजनों को सांसद के हाथों मिली मोटराईज़्ड ट्राई साईकिल

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण योजना अन्तर्गत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश नवनिर्माण के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनपद में चल रहे 09 दिवसीय समारोह के अन्तर्गत विकास भवन में आयोजित वितरण शिविर में मुख्य अतिथि सांसद बहराइच डॉ. आनन्द गोंड द्वारा पात्र दिव्यांगजनों को 10 मोटराईज़्ड ट्राई साईकिल का वितरण किया। मुख्य अतिथि सांसद बहराइच डॉ. गोंड ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा दिव्यांगजन के कल्याणार्थ अनेकों योजनाएं एवं कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं। डॉ. गोंड ने कहा कि दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण योजना के पीछे सरकार की यही मंशा है कि हाथ, पैर, ऑख, कॉन अथवा मानसिक रूप से दिव्यांग व्यक्तियों की पेंशन, कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण के माध्यम से सहयोग प्रदान कर उनके जीवन में खुशहाली लायी जाये। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी मंजरी भारद्वाज ने विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों के बारे में जानकारी प्रदान की तथा सभी उपस्थित को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर पीडी डीआरडीए मनीष कुमार तथा विकास भवन स्थित विभिन्न कार्यालयों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



# भारी बारिश के बीच महिला पुलिस कर्मियों ने निकाली बाइक रैली



- मिशन शक्ति के तहत बारिश में भीगते हुए दिया सुरक्षा का संदेश

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** मिशन शक्ति फेज-5 के तहत महिला पुलिसकर्मियों ने एक बाइक रैली निकाली। भारी बारिश के बावजूद, सैकड़ों महिला पुलिसकर्मियों ने भीगते हुए महिलाओं को सुरक्षा का संदेश दिया। इस रैली का नेतृत्व क्षेत्राधिकारी पयागपुर हर्षिता तिवारी ने किया। पुलिस अधीक्षक बहराइच आरएन सिंह और अपर पुलिस अधीक्षक डीपी तिवारी ने पुलिस लाइन से रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान सीओ सिटी नारायण दत्त मिश्रा भी उपस्थित थे। रैली के दौरान मिशन शक्ति और महिला सशक्तिकरण से संबंधित जागरूकता गीत और जिंगल प्रसारित किए गए। इसका मुख्य उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूक करना था। रैली में पीआरवी वाहन और अन्य चार पहिया वाहनों के साथ 55 दोपहिया वाहन शामिल थे। इन वाहनों पर 180 से अधिक जागरूकता पोस्टर और बैनर प्रदर्शित किए गए। इनके माध्यम से उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा संचालित विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाई गई। इनमें वीमेन पावर हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, वन स्टॉप सेंटर 181, साइबर हेल्पलाइन 1930, स्वास्थ्य सेवा 102 और एम्बुलेंस सेवा 108 शामिल हैं। बाइक रैली शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरी, जहां 'नारी सुरक्षा, नारी सम्मान' और 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' जैसे नारों के माध्यम से व्यापक जन जागरूकता फैलाई गई। आमजन को यह भी प्रेरित किया गया कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, हिंसा या उत्पीड़न की स्थिति में तत्काल हेल्पलाइन सेवाओं का उपयोग करें।

# सांस्कृतिक आयोजन विश्व शांति व विकास की राह दिखाते हैं : जयवीर

- विश्व शांति एवं स्थिरता' पर विशेष आयोजन, शुरूआत 22 से
- शहीद स्मृति भवन में सजेगा कला, संगीत व व्यंजन का मंच



लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

जब दुनिया के कई हिस्सों में तनाव और संघर्ष देखने को मिल रहा है, ऐसे माहौल में कला, संस्कृति और खानपान के जरिए लखनऊ में शांति और एकता का संदेश देने की कोशिश की जा रही है। इसी सोच के साथ उत्तर प्रदेश राजकीय अभिलेखागार और व्हाइटस्वान आर्ट, नई दिल्ली के सहयोग से 22 से 25 मार्च तक 'विश्व शांति एवं स्थिरता के लिए समर्पित कला, संगीत और व्यंजन उत्सव' का आयोजन किया जाएगा।

यह चार दिवसीय कार्यक्रम लोगों को जोड़ने और मानवीय मूल्यों के संदेश को आसान और प्रभावी तरीके से सामने लाने का प्रयास है। इसका उद्घाटन 22 मार्च को किया जाएगा, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. जय कृष्ण अग्रवाल मौजूद रहेंगे, जो प्रख्यात कलाकार हैं लखनऊ विश्वविद्यालय के आर्ट कॉलेज के पूर्व डीन रह चुके हैं।

23 मार्च को व्हाइटस्वान आर्ट की फाउंडर डॉ. अंजली निगम तानपुरे पर प्रार्थना से कार्यक्रम की शुरुआत करेंगी। विश्व शान्ति एवं स्थिरता में समर्पित कला विषय पर पैनल चर्चा होगी और लखनऊ के उभरते कलाकारों का संगीत कॉन्सर्ट भी आयोजित किया जाएगा। विस्मृत व्यंजनों के स्टॉल लगाए जाएंगे, जहां यूनेस्को से मिले गैस्ट्रोनॉमी दर्जे का जश्न होगा। 24 मार्च को पीवाईएसएसयूएम के सहयोग से विशेष जरूरतों वाले और वंचित बच्चों के लिए आर्ट कैंप होगा, जिसमें कलाकार और आर्ट स्कूल भाग लेंगे। 25 मार्च को कार्यक्रम का समापन होगा। हाइटस्वान आर्ट का उद्देश्य कला, संगीत और भोजन के जरिए दुनिया में शांति और सामंजस्य लाना है। यह संस्था मानती है कि कला इंसानियत की पहचान है, इसलिए उभरते कलाकारों, आर्ट स्टूडेंट्स और वंचित प्रतिभाओं को आगे बढ़ाकर कला को शांति का माध्यम बनाया जा सकता है, जो राजनीतिक और धार्मिक सीमाओं से ऊपर उठकर लोगों को जोड़ती है। इसी तरह संगीत को एक ऐसी ताकत माना गया है, जो बिना किसी सीमा के हर दिल तक पहुंचती है। 'रिस्पॉन्सिबल म्यूजिक' के जरिए उनका लक्ष्य युद्ध के शोर को कम कर शांति का संदेश फैलाना है।

पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि, कला और संस्कृति केवल अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने और मानवीय मूल्यों को सशक्त करने का सशक्त साधन हैं। सांस्कृतिक आयोजन विश्व शांति और विकास की राह दिखाते हैं। ऐसे आयोजन न केवल हमारी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करते हैं, बल्कि नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ते हुए विश्व शांति और सतत विकास की दिशा में प्रेरित करते हैं।

# नन्हें परिंदों का संरक्षण हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी : केशव

- विश्व गौरैया दिवस पर उपमुख्यमंत्री ने दी प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं




लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने विश्व गौरैया दिवस पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं। उन्होंने इस अवसर पर प्रकृति के संतुलन में गौरैया की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए इसके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। अपने संदेश में उपमुख्यमंत्री ने कहा कि गौरैया केवल एक पक्षी नहीं, बल्कि हमारे बचपन की यादों और ग्रामीण व शहरी परिवेश का एक अभिन्न हिस्सा है।

उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आधुनिक जीवनशैली और कंक्रीट के बढ़ते जंगलों के कारण यह नन्हा पक्षी आज संकट में है। गौरैया पर्यावरण चक्र को बनाए रखने में सहायक है। इसका विलुप्त होना हमारे ईकोसिस्टम के लिए एक चेतावनी है। श्री मौर्य ने जनता से अपील की कि वे अपने घरों की छतों, बालकनी और आंगन में गौरैया के लिए दाना-पानी रखें और उनके लिए कृत्रिम घोंसलों की व्यवस्था करें। उन्होंने शिक्षकों और अभिभावकों से आग्रह किया कि वे बच्चों को प्रकृति और पक्षियों के प्रति संवेदनशील बनाएं ताकि आने वाली पीढ़ी जीव-जंतुओं के महत्व को समझ सके।

## खबरें एक नजर में

### लोगों का आकर्षिक कर रही ह्यूंडई EXTER




लखनऊ, समृद्धि न्यूज। 5,79,900 रुपये की शुरुआती कीमत पर नई ह्यूंडई EXTER के साथ 'Drive to shine' के लिए हो तैयार जाइए ज्यादा बोल्ड डिजाइन, ज्यादा स्मार्ट टेक, ज्यादा स्पेस और ज्यादा मजबूत सुरक्षा डिजाइन, टेक्नोलॉजी, कम्फर्ट और सेफ्टी के मामले में 25 से ज्यादा सुधार नई एवं बोल्ड एसयूवी स्टाइलिंग और नया एक्सटीरियर, जो नई ह्यूंडई EXTER की मॉडर्न और ज्यादा आत्मविश्वास भरी रोड प्रेजेंस को और भी शानदार बनाते हैं। सबसे बड़े व्हीलबेस के साथ सेगमेंट की सबसे लंबी एसयूवी जिससे बेहतरीन रोड प्रजेंस और स्पेशियस केबिन मिलेगा। नेवी और ग्रे के डुअल टोन के साथ प्रीमियम केबिन इंटीरियर थीम दिया गया है, जिसमें नया 3डी कार्बन-पैटर्न डैशबोर्ड फिनिश, मेटल पैडल (सेगमेंट में पहला), स्पोर्टी डी-कट स्टीयरिंग व्हील, नई सीट अपहोल्स्ट्री और फोल्डिंग ड्राइवर आर्मरेस्ट शामिल है। ज्यादा स्मार्ट इन-कार टेक्नोलॉजी, जिसमें डैशकैम (सेगमेंट में पहला), वायरलेस एंड्रॉयड ऑटो और एप्पल कारप्ले, पीछे बैठने वाले पैसेंजर के लिए टाइप-सी यूएसबी पोर्ट और 60 से ज्यादा ब्लूलिंक कनेक्टेड फीचर्स नई ह्यूंडई EXTER डुअल-सिलेंडर CNG में स्टैंडर्ड फीचर के तौर पर अंडरबॉडी स्पेयर टायर दिया गया है, साथ ही 225 लीटर के बड़े बूट स्पेस के साथ यह रोजमर्रा के इस्तेमाल को और भी आसान बनाता है। 45 से ज्यादा एडवांस्ड सेफ्टी फीचर्स और सभी वैरिएंट में स्टैंडर्ड के तौर पर 30 सेफ्टी फीचर्स के साथ बेजोड़ सुरक्षा, ताकि आप पूरी तरह बेफिक्र होकर गाड़ी चला सकें। तमाम खूबियों के साथ ह्यूंडई EXTER लोगों का आकर्षिक कर रही है।

### एक ही परिवार के तीन लोगों ने खाया जहर, मां-बेटे की मौत, पिता गंभीर

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। राजधानी लखनऊ में बीती रात एक बड़ी घटना हुई है, यहां नींवा गांव में एक ही परिवार के तीन लोगों ने जहर खा लिया। जिसके बाद मां और बेटे की मौत हो गई। वहीं पिता की हालत गंभीर बतायी जा रही है, जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। दरअसल, राजधानी स्थित बंथरा के नीवां गांव का है, बताया जा रहा है कि परिवार आर्थिक तंगी से परेशान था, जिसके कारण परिवार ने जहरीला पदार्थ खा लिया। जहरीला पदार्थ खाने से रुपनारायण चौरसिया, उनकी पत्नी तारावती और बेटे संदीप की हालत बिगड़ गई। आनन-फानन सभी को अस्पताल पहुंचाया गया। जहां तारावती और संदीप की मौत हो गई। सूचना मिलते ही मौके पर एसीपी कृष्णानगर, इंस्पेक्टर बंथरा की टीम पहुंच गई। जांच शुरू कर दिया है। वहीं, मौके पर एफएसएल की टीम को भी बुलाया गया है। शुरूआती जांच में कर्ज से परेशान होने की बात सामने आई है। संदीप के जेब से सुसाइड नोट मिला है। जिसकी जांच की जा रही है। जांच में पुलिस को मृतक संदीप की जेब से एक सुसाइड नोट मिला है। जिसमें लिखा है कि अपनी मौत के जिम्मेदार हम हैं । हालांकि, इस घटना की असल वजह अब तक साफनहीं हो पाई है। वहीं कुछ लोग घर के बाहर किसी तरह के पर्चे चिपके होने की बात भी बता रहे हैं, लेकिन वह पर्चे अब वहां नहीं हैं, वह फट चुके हैं। इस पर क्या लिखा था, यह कोई नहीं बता पा रहा है। पुलिस के मुताबिक दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। वहीं मामले की जांच की जा रही है।

### सपा महिला विंग ने गैस सिलेंडर की अर्थी निकाल जताया विरोध



लखनऊ, समृद्धि न्यूज। महंगाई और गैस सिलेंडर की किल्लत को लेकर समाजवादी पार्टी की महिला विंग की कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को कैसरबाग स्थित पार्टी मुख्यालय पर अनोखा प्रदर्शन किया। महिलाओं ने गैस सिलेंडर को शव मानते हुए उसकी अर्थी निकाली और सरकार के खिलाफजमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने सिलेंडर को सफेद कपड़े ओढ़ाकर उसके चारों ओर बैठकर विलाप किया। महिलाएं छाती पीटते हुए कह रही थीं अब हम अपने बच्चों को कैसे पालेंगे, सिलेंडर हमें छोड़कर चला गया, अब हम क्या करेंगे ष् इस भावनात्मक अंदाज में उन्होंने बढ़ती महंगाई और रसोई गैस की समस्या को उजागर किया। कुछ महिलाएं हाथों में पोस्टर और खाली बर्तन लेकर पहुंचीं थी, जिन पर लिखा था ष्महंगी गैस, महंगा तेल-मोदी योगी दोनों फेल। सपा कार्यालय से निकलकर सड़कों पर उतरीं कार्यकर्ताओं ने नारा लगाया ष्मोदी तेरे सरकार में, कटोरा हाथ मेंष्। प्रदर्शनकारी महिला सीमा यादव ने कहा कि महंगाई से आम जनता त्रस्त है। उन्होंने आरोप लगाया कि पहले आधार, फिर नोटबंदी और अब गैस सिलेंडर जैसी समस्याओं ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। उनका कहना था कि आज हालात ऐसे हैं कि कई परिवारों के लिए खाना बनाना भी मुश्किल हो गया है। सपा प्रदेश सचिव मनीषा ने बताया कि गैस सिलेंडर की अर्थी उठाकर विरोध दर्ज कराया जा रहा है और आगे इसे वाराणसी ले जाकर गंगा स्नान करने की भी योजना है।

# रानी अवंती बाई लोधी को सीएम सहित कई नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

- मातृभूमि की रक्षा के लिए रानी अवंती बाई लोधी का अद्वितीय साहस, नेतृत्व व सर्वोच्च बलिदान भारतीय इतिहास का स्वर्णिम अध्याय : सीएम



लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वीरांगना अवंती बाई लोधी के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शुक्रवार को कहा कि उनका अद्वितीय साहस, नेतृत्व और सर्वोच्च बलिदान भारतीय इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है।

योगी आदित्यनाथ ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की वीरांगना, राष्ट्र-स्वाभिमान की अमर प्रतीक रानी अवंती बाई लोधी के बलिदान दिवस पर विनम्र श्रद्धांजलि। मुख्यमंत्री ने कहा कि मातृभूमि की रक्षा हेतु उनका अद्वितीय साहस, नेतृत्व और सर्वोच्च बलिदान भारतीय इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है। उनका जीवन नारी शक्ति और राष्ट्रभक्ति का प्रेरक उदाहरण है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष पंकज चौधरी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 1857 की क्रांति में अंग्रेजों के खिलाफ लड़ते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वाली महान वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी के बलिदान दिवस पर कोटि-कोटि नमन। उन्होंने कहा, उनके अद्वितीय साहस, निडर संघर्ष और असाधारण बलिदान को देश सदैव याद रखेगा।

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, अदम्य साहस एवं शौर्य की प्रतीक, 1857 स्वतंत्रता संग्राम की अमर वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी जी के बलिदान दिवस पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। मौर्य ने कहा, मातृभूमि की रक्षा हेतु उनके अतुलनीय पराक्रम और सर्वोच्च बलिदान का इतिहास सदैव राष्ट्रभक्ति, स्वाभिमान एवं साहस की प्रेरणा देता रहेगा।

उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, राष्ट्र के सम्मान हेतु आजीवन संघर्ष करने वाली महान योद्धा, नारी शक्ति की पर्याय अमर वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी जी के बलिदान दिवस पर विनम्र श्रद्धांजलि।

आधिकारिक जानकारी के अनुसार भारत के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के महान सेनानियों में रानी अवंती बाई लोधी का प्रमुख स्थान है। उनका जन्म 16 अगस्त 1831 को मध्यप्रदेश के सिवनी जिले के मनकेहनी नामक गांव में हुआ था। उनके पिता राव जुझार सिंह एक जमींदार थे और उन्होंने बचपन में ही तलवारबाजी और घुड़सवारी में महारत हासिल कर ली थी। उन्होंने 20 मार्च 1858 को मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया था।

# 1,228 नर्सिंग अधिकारियों को 22 मार्च को नियुक्ति पत्र देगी यूपी सरकार

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं और चिकित्सा शिक्षा को सुदृढ़ करने की दिशा में किये जा रहे प्रयासों के तहत रविवार को प्रदेश के 1,228 नवचयनित नर्सिंग अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए जाएंगे।

लोकभवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 492 अभ्यर्थियों को स्वयं नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे जबकि शेष 736 अभ्यर्थियों को प्रदेश के विभिन्न जिलों में आयोजित कार्यक्रमों के दौरान जनप्रतिनिधियों के माध्यम से नियुक्ति पत्र सौंपे जाएंगे। यह पूरा कार्यक्रम लाइव प्रसारण के जरिए एक साथ जोड़ा जाएगा। अपर मुख्य सचिव, चिकित्सा शिक्षा अमित कुमार घोष ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर विभाग में रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया तेज की गई है, जिससे युवाओं को रोजगार के अवसर मिल सकें और स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर हों। भर्ती प्रक्रिया उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के माध्यम से पूरी की गई है।

चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण विभाग की सचिव एवं महानिदेशक डॉ. सारिका मोहन के अनुसार, इन नर्सिंग अधिकारियों की तैनाती प्रदेश के 13 राजकीय मेडिकल कॉलेजों आगरा, कानपुर, प्रयागराज, मेरठ, झांसी, गोरखपुर, अंबेडकरनगर, कन्नौज, आजमगढ़, जालौन, सहारनपुर, बांदा और बदायूं सहित दो प्रमुख संस्थानों, जेके कैंसर संस्थान और हृदय रोग संस्थान कानपुर में की जाएगी। उन्होंने बताया कि चयनित अभ्यर्थियों में 1,097 महिलाएं और 131 पुरुष शामिल हैं, जो स्वास्थ्य सेवाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। गौरतलब है कि प्रदेश सरकार ने इस वर्ष करीब डेढ़ लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देने का लक्ष्य तय किया है। इसी कड़ी में विभिन्न विभागों में भर्ती प्रक्रिया जारी है।

# काली पट्टी बांधकर अदा की गई अलविदा की नमाज

- बारिश से बचने के लिए नमाजियों ने तानी पन्नी



लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

राजधानी लखनऊ में आज अलविदा (रमजान का आखिरी जुमा) की नमाज अदा की गई। अलविदा की नमाज शहर की सभी मस्जिदों में हुई। इरान-इजराइल के बीच चल रहे जंग के विरोध में बड़ा इमामबाड़ा में हाथ में काली पट्टी बांधकर नमाज पढ़ी गई।

ऐशबाग ईदगाह स्थित जामा मस्जिद में मौलाना खालिद रशीद की इमामत में नमाज अदा की गई। बता दें कि पिछले शुक्रवार को भी अलविदा की नमाज पढ़ी गई थी, लेकिन 19 मार्च को चांद न दिखने की वजह से आज, 20 मार्च को ईद नहीं मनाई गई। आज फिर से अलविदा की नमाज अदा की गई।

टीले वाली मस्जिद पर नमाज को लेकर खास तैयारी की गई। मस्जिद के इमाम मौलाना फजलुल मन्नान ने बताया कि यहां 370 सालों से अलविदा की नमाज अदा की जा रही है। मौलाना खालिद रशीद ने कहा कि अलविदा जुमा हमको यह एहसास करवाता है कि हमारे बीच से रमजान जा रहा है। यह आखिरी जुमा बेहद खास होता है हम सभी लोगों को इस खास दिन पर ज्यादा से ज्यादा दुआएं करना चाहिए। विशेष रूप से देश में अमन और शांति के लिए दुआ करनी चाहिए।

मौलाना ने कहा कि रमजान के अंतिम दिनों में जरूरतमंद लोगों तक हमें पहुंचना चाहिए। ईद की तैयारी में उनकी मदद करते हुए आर्थिक सहयोग करना बेहद जरूरी है। यह हमारी सामाजिक जिम्मेदारी है कि उन लोगों की खुशियों में शामिल हो जो कमजोर और बेसहारा हैं।

काली पट्टी बांधकर नमाज पढ़ने वाले मीसम जैदी ने कहा कि हम लोगों के लिए गम का दिन चल रहा है। अमेरिका और इजरायल ने आतंकवादी हमला करके अयातुल्ला अली खामेनेई को शहीद कर दिया है। ईरान और गाजा में अमेरिका इजराइल का अत्याचार हो रहा है।

गाजा को बमों से पाट दिया गया है। अब ईरान का नम्बर आया है। इसकी के विरोध में हम लोगों ने काली पट्टी बांधकर नमाज अदा की। ईद पर भी काली पट्टी बांधकर नमाज पढ़ेंगे। बड़ा इमामबाड़ा, टीले वाली मस्जिद और ईदगाह समेत शहर की विभिन्न मस्जिदों पर पुलिस का पहरा है। सोशल मीडिया की कड़ी निगरानी हो रही है। असामाजिक तत्वों पर नजर रखी जा है। संवेदनशील इलाकों में सीसीटीवी कैमरा से मॉनिटरिंग की जा रही है।

अहले वतन को ईद-उल-फित्र की खुशियाँ मुबारक हों
छिबरामऊ परिशिष्ट

























**अलर्ट** — नवरात्र में कुट्टू-सिंघाड़ा आटे से सावधान

# फलाहारी खाद्य पदार्थों को लेकर फूड विभाग ने बढ़ाई सख्ती



समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

चौत्र नवरात्रि की शुरुआत के साथ ही लखनऊ में खाद्य सुरक्षा को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। शुक्रवार को व्रत के दौरान इस्तेमाल होने वाले कुट्टू, सिंघाड़ा और अन्य फलाहारी खाद्य पदार्थों को लेकर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने सख्ती बढ़ा दी है और व्यापारियों को साफ चेतावनी दी है कि लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई होगी।

नवरात्र के दौरान श्रद्धालु बड़ी संख्या में व्रत रखते हैं और फलाहार के रूप में कुट्टू आटा, सिंघाड़ा आटा, मूंगफली, मेवे, रामदाना, घी और फलाहारी मिठाइयों का सेवन करते हैं। इसी समय इन खाद्य पदार्थों की मांग अचानक बढ़ जाती है, जिसके चलते कई बार गुणवत्ता से समझौता होने की आशंका भी बढ़ जाती है।

खाद्य विभाग ने स्पष्ट किया है कि कुट्टू और सिंघाड़ा जैसे उत्पादों को यदि अत्यधिक नमी और गर्म तापमान में रखा जाए तो उनमें फफूंदी लगने का खतरा बढ़ जाता है। ऐसी स्थिति में एफ्लाटॉक्सिन नामक जहरीला तत्व विकसित हो सकता है, जो मानव स्वास्थ्य के लिए बेहद खतरनाक होता है। इसके सेवन से लोगों के बीमार होने और गंभीर मामलों में जान-माल की हानि तक की आशंका रहती है।

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने सभी फुटकर और थोक विक्रेताओं, सप्लायर, भंडारणकर्ता और निर्माताओं को निर्देश जारी किए हैं कि वे खाद्य पदार्थों का भंडारण सूखे, ठंडे और हवादार स्थान पर ही करें। साथ ही पैकेट पर निर्माण तिथि और उपभोग तिथि अंकित होना अनिवार्य किया गया है। बिना तिथि वाले या एक्सपायरी उत्पादों की बिक्री पर पूरी तरह रोक लगाने के निर्देश दिए गए हैं।

विभाग की ओर से पूरे जिले में व्यापक निरीक्षण और प्रवर्तन कार्रवाई शुरू कर दी गई है। अधिकारियों का कहना है कि बाजार में बिक रहे फलाहारी खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की लगातार जांच की जा रही है, ताकि श्रद्धालुओं को सुरक्षित खाद्य सामग्री मिल सके। पिछले वर्ष नवरात्र के दौरान विभाग द्वारा 82 खाद्य नमूनों की जांच की गई थी, जिसमें 25 नमूने अधोमानक और 4 नमूने असुरक्षित पाए गए थे। इन मामलों में संबंधित कारोबारियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई भी की गई थी, जिससे यह स्पष्ट होता है कि लापरवाही पर विभाग सख्त रुख अपनाता है। खाद्य विभाग ने चेतावनी दी है कि यदि कोई व्यापारी खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन नहीं करता है और उसकी लापरवाही से कोई अप्रिय घटना सामने आती है, तो इसे संज्ञेय अपराध मानते हुए सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# सड़क हादसे में किशोर समेत दो की मौत, दो गंभीर घायल

**खुटार, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**

थाना क्षेत्र में गुरुवार शाम एक भीषण सड़क हादसे में एक किशोर समेत दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा बंडा-खुटार मार्ग पर स्थित पिपरिया भागवत मोड़ के पास उस समय हुआ, जब सड़क किनारे खड़ी बाइक के पास खड़े दो किशोरों को तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मोहल्ला पूर्वी गढ़ी निवासी हिमांशु तिवारी अपने 12 वर्षीय भांजे लव बाजपेई

**▸ बंडा-खुटार मार्ग पर पिपरिया भागवत मोड़ के पास गुरुवार शाम हुआ हादसा**

और 14 वर्षीय मौसेरे भाई कृष्णा मिश्र के साथ बाइक से बंडा की ओर जा रहे थे। रास्ते में पिपरिया भागवत मोड़ के पास उन्होंने बाइक किनारे खड़ी कर दी और लघुशंका के लिए चले गए। इसी दौरान लव बाजपेई और कृष्णा मिश्र बाइक के पास ही खड़े थे। तभी खुटार की ओर से तेज रफ्तार में आ रही दूसरी बाइक, जिसे आलमपुर पिपरिया निवासी शिवराम



सक्सेना चला रहे थे, ने अचानक नियंत्रण खो दिया और खड़ी बाइक समेत दोनों किशोरों को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और चारों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर सभी को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान कृष्णा मिश्र और शिवराम के ससुर रामेश्वर दयाल ने दम तोड़ दिया, जबकि अन्य दो घायलों की हालत नाजुक बनी हुई है। घटना के बाद मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया है। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## मिर्ज़ापुर ब्लॉक की ग्राम पंचायत भरतपुर के प्रधान का बीमारी से निधन

**मिर्ज़ापुर (शाहजहांपुर)।** ब्लॉक की ग्राम पंचायत भरतपुर के प्रधान मानिस्टर लगभग तीन साल से बीमार थे। उनका बरेली के एक निजी अस्पताल से इलाज चल रहा था। बीती रात उनका निधन हो गया। वे लगभग 56 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार ढाईघाट गंगातट पर किया गया। चिता को मुखाग्नि प्रधान के चचेरे भाई विमलेश ने दी। मृतक प्रधान के प्रतिनिधि सन्तोष कुमार सिंह ने बताया कि मानिस्टर प्रधान लगभग तीन साल से बीमार चल रहे थे। उनके परिवार में कोई नहीं था। प्रधान के निधन की सूचना पर प्रधान प्रतिनिधि सन्तोष कुमार सिंह, अर्जुन गुप्ता, विमलेश, अनुज, देवेन्द्र, मनदीप, रामहरी, शिवसरन आदि तमाम ग्रामीणों ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी।

# मतदाता सूचियों का अन्तिम प्रकाशन 10 अप्रैल को होगा: जिलाधिकारी

**▸ जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में राजनैतिक दलो के साथ बैठक**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**




विधानसभा मतदाता सूचियों के विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण के गतिमान कार्यों के अन्तर्गत जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीएम धर्मेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में राजनैतिक दलो के पदाधिकारियों के साथ बैठक की गयी। डीएम द्वारा राजनैतिक दलों को अवगत कराया गया कि पुनरीक्षण कार्य में नो-मैपिंग तथा लॉजिकल डिस्क्रिपेन्सी वाले मतदाताओं को जारी नोटिसों की सुनवाई का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। साथ ही पुनरीक्षण प्रक्रिया में मतदाता सूची में नाम शामिल कराये जाने के लिए प्राप्त फार्म-6, सूची से नाम कटवाने के लिए प्राप्त फार्म-7 तथा नाम आदि के संशोधित कराने, प्रविष्टि को स्थानान्तरित कराये जाने के लिए प्राप्त फार्म-8 के निस्तारण का कार्य किया जा रहा है। उक्त कार्यवाहियों के पश्चात आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रमानुसार मतदाता सूचियों का अन्तिम प्रकाशन 10 अप्रैल को किया जाएगा। इस अवसर पर एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र एवं राजनैतिक दलों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## खेत से मिट्टी चोरी, विरोध पर धमकी- प्रशासन मौन, दबंग खनन माफिया बेखौफ

**▸ ससुराल गया था परिवार, पीछे से खोद डाला खेत-शिकायत के बाद भी नहीं हुई कोई कार्रवाई**

**खुटार (शाहजहांपुर)।** थाना क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन का मामला अब गंभीर रूप लेता जा रहा है, लेकिन जिम्मेदार विभाग पूरी तरह खामोश नजर आ रहे हैं। ग्राम महोलिया वीरान में एक पीड़ित के खेत से उसकी गैरमौजूदगी में मिट्टी खोदकर बेच दी गई, फिर भी अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।पीड़ित राजकुमार के मुताबिक, वह परिवार के साथ ससुराल गया हुआ था। इसी दौरान गांव के कुछ दबंगों ने उसके खेत में घुसकर बड़े पैमाने पर मिट्टी का अवैध खनन कर उसे बाहर भिजवा दिया। जब वह वापस लौटा तो खेत की हालत देखकर उसके होश उड़ गए। राजकुमार का आरोप है कि विरोध पर दबंग खनन माफियाओं ने जान से मारने की धमकियां भी दीं। दबंगों ने साफ कहा– ÷जहां शिकायत करनी है कर लो, हमारा कुछ नहीं होगा।÷ पीड़ित ने थाना खुटार में शिकायत दी, लेकिन अब तक न तो कोई प्रभावी कार्रवाई हुई है और न ही आरोपियों पर कोई शिकंजा कसा गया है। इससे प्रशासन और खनन विभाग की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। पीड़ित ने प्रशासन से मांग की है कि उसके खेत से चोरी से निकाली गई मिट्टी की जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। फिलहाल, कार्रवाई न होने से दबंगों के हौसले बुलंद हैं और पीड़ित न्याय के लिए दर-दर भटकने को मजबूर है।

# मिलेट्स रेसिपी विकास- उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**

उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम 2025-26 मिलेट्स रेसिपी विकास एवं उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम एक दिवसीय का आयोजन गन्ना शोध परिषद संस्थान में किया गया। मुख्य अतिथि महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता द्वारा कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। उप कृषि निदेशक पीके मिश्रा, डा.पीके कपिल गन्ना किसान प्रशिक्षण संस्थान, जिला कृषि अधिकारी, भूमि संरक्षण अधिकारी, जिला गन्ना अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, डा. महेश गुप्ता, जिला उद्यान अधिकारी, वैज्ञानिक डा.नूतन वर्मा केवीके नियामतपुर, वैज्ञानिक डा. संजीव पाठक गन्ना शोध उपस्थित रहें।

महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता ने बताया कि मोटे अनाज की खेती एवं मोटा अनाज अपने खाने में प्रयोग करें, जिससे आप स्वस्थ रहें। उप कृषि निदेशक पीके मिश्रा द्वारा कृषकों एवं अतिथियों का स्वागत करते हुए किसानों को मिलेट्स के उत्पादों की गुणवत्ता के बारे में



जानकारी दी गई।उन्होंने बताया की कोई किसान भाई मोटे अनाज की खेती करना चाहता है और बीज की जरूरत है, तो हम उसको बीज उपलब्ध कराये गये ओर साथ ही साथ कहा की किसी भी योजना का लाभ लेने के लिए कृषि विभाग में अपना पंजीकरण आवश्य करायें, जिससे आपको अन्य योजनाओं का लाभ भी प्राप्त हो सकें। डा.महेश गुप्ता, डा.संजीय पाठक, डा. विद्या गुप्ता, विमल कुमार सिंह वैज्ञानिकों द्वारा कृषकों एवं अतिथियों का स्वागत करते हुए मिलेट्स की खेती, गौ-आधारित खेती, प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए किसानों को उत्साहित, गन्ने की खेती एवं होने वाले रोग व उपाय एवं फसल प्रबन्धन के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

डॉ. पीके कपिल सहित केवीके एवं अन्य कृषि वैज्ञानिकों द्वारा कृषकों को मिलेट्स की खेती को बढावा देने के लिए किसानों को उत्साहित कर इसकी गुणवत्ता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में जनपद के कॉलेज, स्कूल जीएफ कालेज, आर्य महिला डिग्री कॉलेज, आर्य कन्या पाठशाला इण्टर कॉलेज एवं आर्य महिला इण्टर कॉलेज द्वारा प्रतिभाग किया तथा होटल एवं रेस्टोरेट श्रेणी में होटल सत्यम इम्परिया द्वारा प्रतिभाग किया गया, जिसमें सावां एवं रागी से सम्बन्धित उत्पाद बनाये। निणायक मण्डल द्वारा प्रतिभाग जागरूकता कार्यक्रम में बनाए मिलेट्स उत्पादों को प्रमाण-पत्र एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। अन्त में उप कृषि निदेशक द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## बीएसए ने ब्लॉक संसाधन केंद्र अनुचर सतीश भारती को किया निलंबित

**तिलहर - शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दिव्या गुप्ता ने 11 मार्च को तिलहर ब्लॉक संसाधन केंद्र के अनुचर सतीश कुमार भारती को एक तिथि में कार्यालय तथा न्यायालय में उपस्थित दर्ज कराए जाने के मामले में जांचोपरांत निलंबित कर दिया है। बीएसए ने सतीश कुमार भारती द्वारा 17 जुलाई 2025, 25 सितंबर 2025 तथा 03 अक्टूबर 2025 को न्यायालय व कार्यालय में एक साथ उपस्थिति दर्ज किए जाने पर दोषी मानते हुए उक्त दिन दिनों के प्राप्त किये गए

**▸ आचरण नियमावली के विरुद्ध कार्य तथा विभाग की छवि धूमिल करने का आरोप**

वेतन की वसूली माह मार्च 2026 से किया जाना सुनिश्चित किया है। बता दें कि खंड शिक्षाधिकारी तिलहर नगर कार्यालय में तैनात चतुर्थ श्रेणी कर्मी राजेंद्र कुमार द्वारा तिलहर ब्लॉक संसाधन केंद्र पर तैनात अनुचर सतीश कुमार भारती की शिकायत मामले में खंड शिक्षाधिकारी की जांच आख्या के आधार पर सतीश कुमार भारती को कर्मचारी आचरण नियमावली के विरुद्ध कार्य करने तथा विभाग की छवि धूमिल करने के आरोप में निलंबित किया है। उन्होंने मुख्यालय के खंड शिक्षाधिकारी को जांच सौंपते हुए तीन दिवस में आरोप पत्र देकर 15 दिवस के भीतर आख्या उपलब्ध कराए जाने को निर्देशित किया गया है।

# चौथे दिन भाकियू टिकैत के धरना स्थल पर पहुंचे सीओ

**पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**

किसानों की समस्याओं को लेकर भाकियू टिकैत गुट के कार्यकर्ताओं ने चौथे दिन भी धरना प्रदर्शन जारी रखा। चौथे दिन धरना स्थल पर सीओ पहुँचे ओर कार्यकर्ताओ से बातचीत की साथ ही पुलिस सम्बंधित समस्याओं का तीन दिन में समाधान करने का आश्वासन दिया। चौथे दिन भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के कार्यकर्ताओं ने मंडी परिसर में धरना प्रदर्शन जारी रखा। धरना स्थल पर पहुँचे सीओ प्रवीण मलिक ने किसान धरना समाप्त करने के लिए कार्यकर्ताओं को समझाया लेकिन कार्यकर्ताओं ने कहा जब तक हम लोगों की समस्याओं का समाधान नही किया जाएगा तब तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। जिसके बाद



सीओ ने कार्यकर्ताओं से कहा कि पुलिस सम्बंधित किसानों की समस्याओं का तीन दिन में समाधान हो जाएगा। जिलाध्यक्ष अनिल सिंह यादव ने जब तक सभी समस्याओं का समाधान नही होगा तो धरना जारी रखेंगे। साथ ही बताया कि किसानों की समस्याओं में गांव घनश्याम पुर खुर्द में गाटा संख्या 250 सरकारी चकमार्ग है जिसको पड़ोसी किसानों द्वारा जोत कर अपने अपने खेतों में मिला लिया है। जिस कारण सरकारी चकमार्ग पूरी तरह बंद पड़ा है। इसलिए पर चकमार्ग की पैमाइश कराकर रास्ता खुलवाया जाए, गांव गंगसरा में अरब सिंह ने मुनेश व राजेन्द्र से एक प्लाट खरीदा लेकिन अरब सिंह जब उस प्लॉट पर जाता है तो विक्रेताओं की महिलाएं उसे प्लॉट पर आकर गाली गलौज व हरिजन एक्ट के झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देती है जिसकी जांच कराकर कानूनी कार्यवाही की जाए, गांव गंगसरा में 18 लोगों के खिलाफ एससी एसटी एक्ट में फर्जी रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है जिसको विवेचना के दौरान समाप्त किया जाए। साथ ही कहा कि अगर इन सभी समस्याओं का समाधान नही होने पर कार्यकर्ताओं ने मंडी परिसर में अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन कर दिया किसानों का कहना है कि जब तक समस्याओं का समाधान नही होगा तब तक धरना जारी रहेगा। धरना प्रदर्शन करने बालों में तहसील अध्यक्ष श्रीकृष्ण जाटव, विजय प्रकाश शर्मा, पातीराम, बदनसिंह, विजयपाल सिंह, प्रदीप कुमार, वीरेंद्र शर्मा, जयसिंह, अरब सिंह समेत तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# हज यात्रा की नयी गाइडलाइन जारी, हज कमेटी ने किए बदलाव

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति, लखनऊ के निर्देश क्रम में हज 2026 की यात्रा को सुगम, सुरक्षित एवं सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से हज कमेटी ऑफ इंडिया द्वारा नई गाइडलाइन जारी की गई है। जिसकी जानकारी देते हुए जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी रोहित सिंह ने बताया कि इस बार हज यात्रियों के लिए पासपोर्ट पूर्व में जमा करने की अनिवार्यता समाप्त कर दी गई है तथा यात्रियों को अपने पासपोर्ट स्वयं सुरक्षित रखने के निर्देश दिए गए हैं। हज 2026 के लिए यात्रियों को अपने मूल अंतरराष्ट्रीय पासपोर्ट को सुरक्षित रखते हुए उड़ान स्थल पर साथ लेकर जाना होगा, जहां पासपोर्ट दिखाने के पश्चात यात्रा प्रपत्र उपलब्ध कराया जाएगा। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि पासपोर्ट की वैधता निर्धारित तिथि तक हो तथा उसमें अंकित नाम, जन्मतिथि एवं अन्य विवरण हज आवेदन में दर्ज विवरण के अनुरूप हों पास। हज कमेटी ऑफ इंडिया द्वारा फ्लाइट बुकिंग की व्यवस्था ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से की जाएगी। फ्लाइट बुकिंग पूर्ण होने पर प्राप्त रसीद को सुरक्षित रखना अनिवार्य होगा। जिन यात्रियों द्वारा पोर्टल के माध्यम से बुकिंग नहीं कराई गई है, उन्हें निर्धारित समय से पूर्व उड़ान स्थल पर पहुंचना होगा। यात्रा पर प्रस्थान करने से पूर्व यात्रियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि उनके पास मूल पासपोर्ट, आवश्यक यात्रा दस्तावेज, बैंक रसीद, फ्लाइट बुकिंग रसीद तथा हज कमेटी द्वारा जारी अन्य अभिलेख उपलब्ध हों। हज किट, जिसमें स्मार्ट कार्ड, आईकार्ड, वीजा एवं अन्य आवश्यक प्रपत्र शामिल है, संबंधित उड़ान स्थल से प्राप्त करना अनिवार्य होगा। जिन हज यात्रियों ने अपनी फ्लाइट बुकिंग पोर्टल के माध्यम से नही करायी है उन्हें 48 घण्टे पूर्व तथा जिन्होंने ऑनलाइन पोर्टल पर फ्लाइट बुकिंग कंफर्म करा ली है उन्हें 24 घण्टे पूर्व अपने लगेज सहित उड़ान स्थल पहुंचना अनिवार्य होगा। अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति द्वारा उक्त दिशा-निर्देश हज यात्रियों के हितार्थ एवं उनकी जानकारी के लिए निर्गत किये गए है।

## बंदर दौड़ने से ब्लॉक छत से गिरकर गंभीर घायल

**तिलहर-शाहजहांपुर।** छत पर अचानक बंदरों का झुंड आ जाने से घबराकर बल्क छत से नीचे जा गिरा । जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन फानन में परिजन उसे सीएचसी लेकर पहुंचे । जहां से उसे गंभीरावस्था में जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया । नगर के मोहल्ला हिंदू पट्टी निवासी अजय कुमार का नौ वर्षीय पुत्र कवि अपने घर की छत पर था । अचानक बंदरों के हमलावर हो दौड़ने पर वह छत से नीचे गिरकर गंभीर घायल हो गया । बच्चे के गिरने और चीख पुकार सुनकर परिवार के लोग मौके पर पहुंचे जिसके बाद पिता अजय कुमार उसे सीएचसी ले गए । बता दें कि आए दिन बंदरों के दौड़ने से लोग गिरकर चोटिल हो रहे हैं। बंदरों के आतंक से निजात दिलाए जाने के चलते नागरिकों ने वन विभाग से बंदरों को पकड़वाए जाने की प्रशासन से मांग की है ।

# सीबीएसई बोर्ड स्कूलों में किताबों-स्टेशनरी बिक्री की तो खैर नहीं

**▸ डीएम ने किताबों की सूची-रेटलिस्ट को एनआईसी शाहजहांपुर पर कराया अपलोड**

**प्रभाकर मिश्रा।**

**शाहजहांपुर।** जनपद में जिलाधिकारी की कमान संभालने के बाद से वैसे तो डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह द्वारा जिले के सर्वांगीण विकास व उन्नति की राह आसान बनाने के लिए नई- नई कार्ययोजनाएं, बनाकर प्लान तैयार कर कार्य कराएं जा रहे है। जिसमें बुध बाजार को बहादुरगंज से हटाकर वहां जाम की समस्या निजात हो या फिर ब्लाक-तहसील



मुख्यालयों पर लाइव मानीटरिंग के लिए शुरू की गई, जनता दरबार प्रक्रिया हो। सभी जनहित के लिए लाभकारी सिद्ध हुए हैं। इनमें सबसे महत्वपूर्ण कार्य डीएम द्वारा प्राइवेट स्कूलों वालों की मनमानी पर शिकंजा कसने के लिए किया गया। जनपद में सीबीएसई बोर्ड स्कूलों की मिल रही शिकायतों पर उन्होंने अभिभावकों व बच्चों से वादा किया था कि किताबों, स्टेशनरी के नाम पर उनका शोषण नहीं होने दिया जाएगा। जिस पर उनके द्वारा प्लान तैयार कर कार्य शुरू कर दिया गया है। डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि शासन ने एक मुहिम चलाई थी कि जनपद के सभी सीबीएसई बोर्ड के विद्यालय अपनी किताबों की सूची अपनी बेवसाइट पर अपलोड करेगे, उन किताबों की सूची, रेटलिस्ट व फोटो के लिए जिला प्रशासन ने अपनी वेबसाइट शाहजहांपुर एनआईसी डाट इन पर अपलोड करा दी है। इस वेबसाइट पर कोई भी अभिभावक देख सकेंगे कि उनका बच्चा किस स्कूल में पढ़ता है, और उसको कौन सी किताबें जरूरत होगी। इससे फायदे होगे कि कोई भी विद्यालय किताबों को स्कूल में न बेच सके और किसी को किताब खरीदने के लिए मजबूर न किया जाए। इससे सीबीएसई स्कूलों संचालकों की मनमानी नहीं चलेगी। डीएम ने अभिभावकों व बच्चों से अपील की है कि वह किताबों की अपलोड सूची का अवलोकन कर अपने सुझाव कमेंट में शेयर करें।

सच में डीएम की यह पहल बच्चों के सर्वांगीण विकास व उन्नति व उनके भविष्य की राह में दूरगामी परिणाम लेकर आएगी, इससे किताबों की कालाबाजारी, ओवर रेट पर बिक्री व अभिभावकों का शोषण पर शिकंजा कसेगा। अभिभावकों ने डीएम की पहल की सराहना करते हुए कहा कि जनपदवासियों के लिए यह एक अच्छा मैसेज है।

## दुकान पर बैठे युवक पर हमला, चार हमलावरों ने बेरहमी से पीटा

**▸ खुटार के पुवायां रोड स्थित लक्ष्मीपुर मोड़ का मामला, वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल**

**खुटार, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र में दबंगई का एक और मामला सामने आया है, जहां दिनदहाड़े दुकान पर बैठे युवक पर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। घटना पुवायां रोड स्थित लक्ष्मीपुर गांव की मोड़ के पास की है। बताया जा रहा है कि पीड़ित युवक अपनी दुकान पर बैठा हुआ था, तभी बाइक सवार चार युवक वहां पहुंचे और बिना किसी बात के उस पर हमला बोल दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हमलावरों ने युवक को घेरकर लात-घूंसों से बुरी तरह पीटा, जिससे वह घायल होकर गिर पड़ा। इसी दौरान युवक ने बचाव में दुकान में रखा प्लास्टिक पाइप उठा लिया और शोर मचाया, जिसके बाद आसपास के लोग मौके पर जुटने लगे। लोगों को आता देख हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। घटना के बाद घायल युवक को उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। बताया जा रहा है कि आरोपी खुटार क्षेत्र के टाह खुर्द कला गांव के निवासी हैं। पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिससे क्षेत्र में दहशत और आक्रोश का माहौल है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# सैमसंग स्टोर का पूर्व एमएलसी ने किया उद्घाटन

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**

समाजवादी पार्टी के पूर्व एमएलसी जयेश प्रसाद ने तारीन बहादुरगंज पचराहा स्थित लिबर्टी शोरूम के निकट सैमसंग एक्सक्लूसिव स्टोर एंड सर्विस सेंटर का उद्घाटन किया।कार्यक्रम में जयेश प्रसाद का समर्थकों व शुभचिंतकों ने फूल-मालाओं और जोरदार नारों के बीच उनका स्वागत किया। स्टोर के प्रोपराइटर विजय मिश्रा ने बताया कि यहां ग्राहकों को सैमसंग के नवीनतम मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों के साथ-साथ बेहतर सर्विस सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे क्षेत्र के लोगों को अब शहर से बाहर नहीं जाना पड़ेगा।इस अवसर पर जयेश प्रसाद ने कहा कि इस तरह के



प्रतिष्ठानों के खुलने से क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ते हैं और स्थानीय विकास को नई गति मिलती है। उन्होंने विजय मिश्रा को शुभकामनाएं दी।

# शाहजहांपुर राउंड टेबल व लेडीज़ सर्किल द्वारा बच्चों को दी सौगात

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**

शाहजहांपुर राउंड टेबल 298 एवं शाहजहांपुर लेडीज़ सर्किल 179 द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की गई है। राउंड टेबल द्वारा एफटीई प्रोजेक्ट के अंतर्गत 4 कक्षाओं के ब्लॉक का निर्माण कर उसका उद्घाटन जेपी इंटर कॉलेज रौसर कोठी में संपन्न किया गया। यह पहल शिक्षा के माध्यम से स्वतंत्रता के दृष्टिकोण को साकार करती है, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को एक बेहतर, सुरक्षित एवं प्रेरणादायक शिक्षण वातावरण प्रदान करना है। नवनिर्मित कक्षाएं शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने के साथ-साथ विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर करने में सहायक होंगी। इस अवसर पर नेशनल प्रेसिडेंट रचित बंसल, नेशनल ट्रेज़रर विपुल भूटड़ा, एरिया चेयरमैन निखिल अग्रवाल व ऑनरेरी टेबलर आदित्य मूर्ति विशेष रूप से उपस्थित रहे। रिबन कटिंग,

**▸ जेपी इंटर कॉलेज में चार कक्षाओं को बनाकर किया उद्घाटन**

शिलान्यास एवं दीप प्रज्ज्वलन के माध्यम से कक्षाओं का विधिवत उद्घाटन किया गया। अभिभावकों द्वारा वृक्षारोपण किया गया, जोकि विकास एवं हरित भविष्य का प्रतीक रहा। कार्यक्रम में बच्चों ने गुब्बारे आकाश में छोड़कर उत्सव को और भी उल्लासपूर्ण बना दिया।इस दौरान जसविंदर सिंह बजाज, अमरीश सक्सेना, अशोक अग्रवाल, निर्भय अग्रवाल, राजीव सिंघल, डा. आकाश श्रीवास्तव, रवि खंडेलवाल, दिनेश अग्रवाल, डा. जावेद अहमद, दिनेश चड्ढा शामिल रहे। अन्य सदस्यों में अक्षय अग्रवाल, डा. आर्चित सक्सेना, अर्पित गोयल, लक्ष्य चड्ढा, पारस सचदेवा, शांतनु वर्मा, शोभित गोयल, सिद्धार्थ अग्रवाल, सिद्धार्थ गोयल, सिद्धार्थ रस्तोगी, वंशिका



अग्रवाल, मानसी गोयल, हीना सचदेवा, नित्या वर्मा, प्रिया गोयल आदि रहे। प्रोजेक्ट संयोजक शिवम अग्रवाल, पूजा अग्रवाल ने परियोजना के बारे में जानकारी करते हुए इसके सफल क्रियान्वयन के पीछे की मेहनत और दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन राघव खंडेलवाल द्वारा किया गया, जिससे पूरे कार्यक्रम का संचालन सुचारु रूप से संपन्न हुआ। अतिथियों ने राउंड टेबल इंडिया एवं लेडीज़ सर्किल इंडिया के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की पहलें शिक्षा की नींव को मजबूत करने एवं राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कार्यक्रम का समापन चेयरमैन अक्षत सक्सेना एवं चेयरपर्सन अंकिता सक्सेना द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय की संचालिका गायत्री वर्मा ने सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। अंत में, शाहजहांपुर राउंड टेबल 298 एवं शाहजहांपुर लेडीज़ सर्किल 179 के सदस्यों ने प्रोजेक्ट को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी दानदाताओं, समर्थकों एवं सदस्यों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया।

## सबसे बड़ी चिंता

आज की दुनिया की सबसे बड़ी चिंता है तेल का दाम। पैट्रोल, डीजल, रसोई गैस और हर चीज महंगी हो रही है। क्यों? क्योंकि अमरीका और इसराईल ने मिलकर ईरान पर हमला कर दिया। ईरान ने जवाब दिया, मिसाइलें और ड्रोन दागे। अब युद्ध 2 सप्ताह से ज्यादा चल रहा है। तेल 110 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। होर्मुज की खाड़ी, जहां से दुनिया का 20 प्रतिशत तेल गुजरता है, पर भी खतरा मंडरा रहा है। भारत की बात करें तो रिटायर्ड मेजर जनरल जी.डी. बख्शी ने सोशल मीडिया और टी.वी. पर बार-बार कहा कि यह हमला गलत था। अमरीका-इसराईल ने ईरान को बहुत कम आंका। जनरल बख्शी ने अपने एक पोस्ट में लिखा, ''सब सोच रहे थे कि ये केकवॉक होगा लेकिन मैंने शुरू से चेतावनी दी थी कि ईरान को कम मत समझो। ये असीमित युद्ध लड़ेगा।'' एक टी.वी. इंटरव्यू में उन्होंने सरल भाषा में समझाया कि क्या गलती हुई। ईरान के पास सस्ते ड्रोन (20,000 डॉलर का एक) हैं, जबकि अमरीका-इसराईल के महंगे इंटरसैप्टर मिसाइल (20 लाख डॉलर का एक) खत्म हो रहे हैं। ईरान ने हाइपरसोनिक मिसाइलें दागीं, जो राडार से बच सकती हैं। इन मिसाइलों ने कतर के राडार, थाड बैटरी, अमरीकी बेस और इसराईल के कई शहरों पर हमले किए। 15 दिन में 650 मिसाइलें और 2600 ड्रोन तबाह हुए, 21 अमरीकी सैनिक मारे गए। इस सबका अंदाजन खर्च करीब 21 अरब डॉलर से ज्यादा हुआ। जनरल बख्शी के अनुसार, ''ट्रम्प ने सोचा था कि खामेनेई के मरते ही युद्ध खत्म हो जाएगा लेकिन ईरान का हौसला बहुत ऊंचा है। 8 साल के ईरान-इराक युद्ध में 10 लाख मौतें हुईं, फिर भी ईरान नहीं झुका। अब यह अस्तित्व की लड़ाई है।'' वह आगे कहते हैं, ''होर्मुज खाड़ी बंद करने से पूरी दुनिया में मंदी आ जाएगी। तेल 150 डॉलर से भी ऊपर जा सकता है। अमरीका के लिए बॉडी बैग्स (सैनिकों की मौत) मिडटर्म चुनाव में आफत बन सकते हैं। ट्रम्प फंस गए हैं। यह युद्ध शुरू करना आसान था लेकिन खत्म करना मुश्किल। यह 21 वीं सदी का सबसे बड़ा संघर्ष है।'' हम दुनिया के तीसरे सबसे बड़े तेल आयातक हैं। 80 प्रतिशत तेल बाहर से आता है। यदि होर्मुज बंद हुआ तो पैट्रोल 150-200 रुपए लीटर हो जाएगा। रसोई गैस भी महंगी हो जाएगी। वहीं खाड़ी देशों में काम करने वाले 9 लाख भारतीयों की नौकरी भी खतरे में आ जाएगी। ईरान के साथ भारत का 'चाबहार बंदरगाह प्रोजैक्ट' ठप्प पड़ सकता है। अफगानिस्तान और मध्य एशिया का मार्ग भी बंद हो सकता है। महंगाई आम आदमी की जेब काटेगी। गौरतलब है कि भारत ने हमेशा युद्ध की स्थिति में संतुलन बनाए रखा। इस युद्ध की बात करें, तो ईरान से हमें सस्ता तेल, इसराईल से हथियार और टैक्नोलॉजी और अमरीका से व्यापार मिलता रहा है। लेकिन इस बार मोदी सरकार ने अमरीका-इसराईल के साथ खुलकर खड़ा होने का फैसला किया। प्रधानमंत्री मोदी फरवरी में इसराईल गए। वहां उन्होंने प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ 'स्पैशल स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप' की घोषणा की। युद्ध शुरू होते ही भारत ने ईरान के हमलों की निंदा की। खाड़ी देशों के राजाओं को फोन कर समर्थन जताया। संयुक्त राष्ट्र में ईरान के खिलाफ प्रस्ताव का समर्थन किया। खामेनेई की मौत पर ईरानी दूतावास में श्रद्धांजलि देरी से दी। हम ब्रिक्स के अध्यक्ष हैं। रूस-चीन-ईरान हमारे साथी हैं। लेकिन अमरीका के दबाव में हम ईरान के खिलाफ खड़े हो गए। भारत इसराईल और ईरान से अच्छे संबंध रखता है। हम युद्धविराम के मध्यस्थ बन सकते हैं लेकिन सरकार ने मध्यस्थता की बजाय एकतरफा रुख अपनाया। भारत को तटस्थ रहना चाहिए था, दोनों पक्षों से बात कर युद्धविराम की अपील करनी चाहिए थी। संयुक्त राष्ट्र में 'शांति और संवाद' का प्रस्ताव लाना चाहिए था। ईरान से तेल खरीदना जारी रखना चाहिए था। चाबहार प्रोजैक्ट को मजबूत करना चाहिए था। सरकार ने सोचा कि अमरीका-इसराईल के साथ खड़े होने से फायदा होगा लेकिन भूल गए कि ईरान हमारा पुराना दोस्त है। चाबहार बंदरगाह अमरीका के खिलाफ हमारा रणनीतिक कदम था। सस्ता ईरानी तेल हमारी अर्थव्यवस्था को मजबूत करता था। अब तेल महंगा होने से मुद्रास्फीति बढ़ेगी। विदेशी मुद्रा भंडार पर बोझ पड़ेगा। यदि भारत क्वाड और ब्रिक्स दोनों का सदस्य है तो हमारी आवाज दोनों तरफसुनी जाती। लेकिन क्या एकतरफा रुख अपनाकर हमने अपनी ताकत कम कर दी? मेजर जनरल बख्शी के अनुसार, ''यह मूर्खतापूर्ण युद्ध है। यह जल्द खत्म हो।'' भारत को अब अपनी गलती सुधारनी चाहिए।

# यूपी में बड़ा सियासी फेरबदल तय, योगी कैबिनेट विस्तार से साधेंगे नए समीकरण



संजय सक्सेना

उत्तराखंड में पुष्कर सिंह धामी सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार के ठीक बाद अब उत्तर प्रदेश की राजनीति में हलचल मच गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर पूरी तैयारी में जुट गई है और कैबिनेट का नया खाका बनाने की प्रक्रिया तेज हो चुकी है। भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बीच लगातार बैठकों का दौर चल रहा है। सूत्र बता रहे हैं कि अगले हफ्ते की शुरुआत में ही यह विस्तार हो सकता है। इसमें क्षेत्रीय संतुलन, जातीय समीकरण और संगठनात्मक मजबूती का पूरा ध्यान रखा जाएगा। दरअसल, बीजेपी इस बार पुराने चेहरों के साथ नए और संघर्षशील नेताओं को मौका देकर सामाजिक समीकरण साधने की कोशिश कर रही है, ताकि पश्चिमी यूपी से लेकर तराई और प्रयागराज तक पार्टी की पकड़ और मजबूत हो सके।

पिछले कुछ दिनों से सियासी गलियारों में यही चर्चा छाई हुई है कि सीएम योगी ने आरएसएस और भाजपा संगठन के प्रमुख पदाधिकारियों के साथ लंबी बैठकें की हैं। इन बैठकों में सिर्फ मंत्रिमंडल विस्तार ही नहीं, बल्कि 2027 के चुनावी मिशन की रणनीति भी बनाई जा रही है। पार्टी का मानना है कि पिछले लोकसभा चुनावों के बाद कुछ क्षेत्रों में कमजोरियां उभरी हैं। इन्हें दूर करने के लिए संगठन से सरकार तक समन्वय बढ़ाना जरूरी है। इसलिए कुछ वरिष्ठ संगठन नेताओं को मंत्रिमंडल में लाया जा सकता है, जबकि कुछ मंत्रियों का प्रदर्शन देखते हुए उन्हें संगठन में भेजा जा सकता है। चर्चा है कि कुल मंत्रियों की संख्या 60 तक पहुंचाई जा सकती है और इसमें कम से कम आधा दर्जन नए चेहरे शामिल होंगे।

इसी कड़ी में पांच बड़े नाम चर्चा में हैं, जो इस विस्तार का केंद्र बन सकते हैं। पहला नाम है चौधरी भूपेंद्र सिंह। पश्चिमी यूपी के कद्दावर जाट नेता माने जाने वाले भूपेंद्र सिंह बीजेपी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रह चुके हैं। उनके पास संगठन में गहरी पकड़ है और जमीनी स्तर पर नेटवर्क इतना मजबूत है कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में पार्टी की रीढ़ माने जाते हैं। जाट समुदाय में उनकी पहचान इतनी गहरी है कि उन्हें शामिल करने से बीजेपी को 2027 से पहले एक बड़ा सामाजिक संदेश मिलेगा। पश्चिमी यूपी में किसान आंदोलन और जातीय समीकरणों को देखते हुए भूपेंद्र सिंह जैसे नेता पार्टी के लिए रणनीतिक कदम साबित हो सकते हैं। उनकी मौजूदगी से न सिर्फ जाट वोटरों का भरोसा मजबूत होगा, बल्कि क्षेत्रीय असंतुलन भी दूर होगा।

दूसरा नाम अशोक कटारिया का है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और संगठन में लंबे समय से सक्रिय चेहरा। उन्होंने पहले सरकार में भी अहम जिम्मेदारियां संभाली हैं और संगठन में भी अपनी छाप छोड़ी है। पश्चिमी यूपी में उनकी पकड़ कोर वोटबैंक तक फैली हुई है। पार्टी उन्हें शामिल कर अनुभव और संगठनात्मक मजबूती का संतुलन साधना चाहती है। कटारिया जैसे नेता इस बात का संकेत देते हैं कि बीजेपी सिर्फ नए चेहरों पर नहीं, बल्कि पुराने और परीक्षित नेताओं को भी साथ लेकर चलने की रणनीति पर काम कर रही है। उनका मंत्रिमंडल में आना अनुभवी हाथों से युवा ऊर्जा का मिश्रण तैयार करेगा।



*पिछले कुछ दिनों से सियासी गलियारों में यही चर्चा छाई हुई है कि सीएम योगी ने आरएसएस और भाजपा संगठन के प्रमुख पदाधिकारियों के साथ लंबी बैठकें की हैं। इन बैठकों में सिर्फ मंत्रिमंडल विस्तार ही नहीं, बल्कि 2027 के चुनावी मिशन की रणनीति भी बनाई जा रही है। पार्टी का मानना है कि पिछले लोकसभा चुनावों के बाद कुछ क्षेत्रों में कमजोरियां उभरी हैं। इन्हें दूर करने के लिए संगठन से सरकार तक समन्वय बढ़ाना जरूरी है। इसलिए कुछ वरिष्ठ संगठन नेताओं को मंत्रिमंडल में लाया जा सकता है, जबकि कुछ मंत्रियों का प्रदर्शन देखते हुए उन्हें संगठन में भेजा जा सकता है। चर्चा है कि कुल मंत्रियों की संख्या 60 तक पहुंचाई जा सकती है और इसमें कम से कम आधा दर्जन नए चेहरे शामिल होंगे। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि 2027 के चुनाव से पहले यह कदम बीजेपी की घर-घर पहुंच की रणनीति का हिस्सा है। पार्टी चाहती है कि सभी वर्गों-समुदायों से सीधा संवाद हो। आरएसएस के साथ समन्वय से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सरकार और संगठन एक ही धुन में चले। उत्तराखंड के बाद यूपी में यह विस्तार सिर्फ मंत्रियों की संख्या बढ़ाने का नहीं, बल्कि पूरे मिशन 2027 का ट्रेलर है। अगर यह योजना सफल हुई, तो योगी सरकार की ताकत और बढ़ेगी और विपक्ष को नई चुनौती मिलेगी।अभी तो इंतजार है कि अगले कुछ दिनों में क्या फैसला होता है। लेकिन एक बात साफ है बीजेपी 2027 की तैयारी में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती। सामाजिक समीकरण साधने, क्षेत्रीय असंतुलन दूर करने और संगठन को सरकार से जोड़ने का यह पूरा खेल उत्तर प्रदेश की राजनीति को नई दिशा दे सकता है। लखनऊ की सियासी गलियों में अब सिर्फ एक सवाल गूंज रहा है कौन-कौन सी कुर्सी पर बैठेगा और कौन-कौन सी जिम्मेदारी संभालेगा।*

तीसरा और सबसे दिलचस्प नाम पूजा पाल का है। प्रयागराज की राजनीति में उनकी कहानी निजी त्रासदी, संघर्ष और राजनीतिक बदलाव की मिसाल है। 2005 में उनके पति राजू पाल बहुजन समाज पार्टी के विधायक थे। दिनदहाड़े उनकी हत्या हो गई और इस कांड में माफिया अतीक अहमद का नाम जुड़ा। उस समय यह मामला पूरे प्रदेश में लॉ एंड ऑर्डर का बड़ा मुद्दा बन गया। पति की मौत के बाद पूजा पाल ने हार नहीं मानी। बसपा के टिकट पर चुनाव लड़ा और जीत हासिल की। बाद में समाजवादी पार्टी में गईं, लेकिन मतभेदों के चलते निष्कासित हो गईं। फिर उन्होंने अपना रुख बदला। विधानसभा में खुलकर योगी आदित्यनाथ की कानून-व्यवस्था की तारीफ की। खासकर माफिया के खिलाफ सख्ती का जिक्र किया, जो उनके निजी जीवन से जुड़ा मुद्दा था। इसी के बाद उन्होंने भाजपा का हाथ थामा। दलित और पिछड़े वर्ग में उनकी अच्छी पकड़ है। प्रयागराज क्षेत्र में प्रभाव भी कम नहीं। संघर्षशील महिला नेता की छवि उन्हें भाजपा के लिए खास बनाती है। उनकी कहानी सिर्फ व्यक्तिगत नहीं, बल्कि यह दिखाती है कि कैसे बदलते समीकरणों में नेता अपनी राह चुनते हैं और पार्टी उन्हें मौका देकर एक नया संदेश दे सकती है।

चौथा नाम बलदेव सिंह औलख का है। फिलहाल वे राज्य मंत्री के पद पर हैं और अब उन्हें कैबिनेट मंत्री बनाए जाने की चर्चा जोरों पर है। तराई क्षेत्र और सिख समुदाय में उनका मजबूत प्रभाव माना जाता है। संगठन और सरकार दोनों में संतुलित भूमिका निभाने वाले औलख का प्रमोशन प्रदर्शन को महत्व देने का संदेश देगा। अगर वे कैबिनेट में आते हैं, तो यह साफ होगा कि सरकार सिर्फ क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व नहीं, बल्कि अच्छे काम करने वालों को भी तरजीह दे रही है। सिख समुदाय को साधने का यह कदम 2027 में खास महत्व रखेगा, क्योंकि तराई का इलाका चुनावी नजरिए से संवेदनशील है।

पांचवां नाम गोविंद नारायण शुक्ला का है। वर्तमान में एमएलसी और भाजपा के प्रदेश महामंत्री। संगठन में उनकी सक्रियता और रणनीतिक समझ को देखते हुए उन्हें मंत्रिमंडल में जगह मिलने की संभावना जताई जा रही है। ब्राह्मण चेहरा होने के कारण उनका नाम खास माना जा रहा है। ब्राह्मण वोटबैंक को साधने के साथ-साथ संगठन और सरकार के बीच तालमेल बढ़ाने का यह कदम पार्टी के लिए फायदेमंद साबित हो सकता है। शुक्ला जैसे नेता इस बात का प्रमाण हैं कि बीजेपी अब संगठन के मजबूत कंधों को सरकार में लाकर समन्वय और तेजी दोनों हासिल करना चाहती है।इन सभी नामों को अगर शामिल किया गया, तो यह विस्तार कई मायनों में रणनीतिक होगा। पश्चिमी यूपी को जाट और अनुभवी नेताओं से मजबूती, प्रयागराज को दलित-पिछड़े प्रतिनिधित्व, तराई को सिख और क्षेत्रीय संतुलन। साथ ही ब्राह्मण चेहरे से पारंपरिक वोटबैंक को जोड़ा जाएगा। सूत्रों का कहना है कि इस विस्तार में जातीय समीकरण के साथ-साथ तीसरे उपमुख्यमंत्री की चर्चा भी चल रही है। अगर ऐसा हुआ, तो दलित या पिछड़े चेहरे को यह पद दिया जा सकता है, ताकि विपक्ष के सामाजिक न्याय के नारे को जवाब दिया जा सके। कुल मिलाकर यह विस्तार गुजरात मॉडल की तरह पुराने मंत्रियों की छुट्टी और नए चेहरों की एंट्री का संकेत दे रहा है।

राजनीतिक जानकारों का मानना है कि 2027 के चुनाव से पहले यह कदम बीजेपी की घर-घर पहुंच की रणनीति का हिस्सा है। पार्टी चाहती है कि सभी वर्गों-समुदायों से सीधा संवाद हो। आरएसएस के साथ समन्वय से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सरकार और संगठन एक ही धुन में चले। उत्तराखंड के बाद यूपी में यह विस्तार सिर्फ मंत्रियों की संख्या बढ़ाने का नहीं, बल्कि पूरे मिशन 2027 का ट्रेलर है। अगर यह योजना सफल हुई, तो योगी सरकार की ताकत और बढ़ेगी और विपक्ष को नई चुनौती मिलेगी।अभी तो इंतजार है कि अगले कुछ दिनों में क्या फैसला होता है। लेकिन एक बात साफ है बीजेपी 2027 की तैयारी में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती। सामाजिक समीकरण साधने, क्षेत्रीय असंतुलन दूर करने और संगठन को सरकार से जोड़ने का यह पूरा खेल उत्तर प्रदेश की राजनीति को नई दिशा दे सकता है। लखनऊ की सियासी गलियों में अब सिर्फ एक सवाल गूंज रहा है कौन-कौन सी कुर्सी पर बैठेगा और कौन-कौन सी जिम्मेदारी संभालेगा।

***लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।***

विचार

# कोर्ट में राहुल गांधी का नागरिकता विवाद, कांग्रेस का सियासी हंगामा



अजय कुमार

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी की नागरिकता पर सुनवाई की खबर फैलते ही कांग्रेस ने देश में राजनीतिक हंगामा मचाना शुरू कर दिया है। ऐसा इसलिए है क्योंकि कांग्रेस गांधी परिवार के बिना हमेशा अधूरी रही है। पूरी पार्टी गांधी परिवार के इर्द-गिर्द सिमटी रहती है। यही वजह है कि बिना देरी किए हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने ट्वीट कर कहा कि भाजपा सरकार अदालत का दुरुपयोग कर रही है। राहुल गांधी को निशाना बनाकर लोकतंत्र को कमजोर किया जा रहा है। प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी बयान जारी किया। उन्होंने कहा कि सच्चाई सामने आएगी।

केंद्र का गोपनीयता कार्ड राजनीतिक हथियार है। जिस पर भाजपा ने पलटवार किया। प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि कानून सबके लिए बराबर है। यदि राहुल गांधी के दस्तावेज साफ हैं तो डर क्यों। गोपनीयता राष्ट्रीय हित में जरूरी है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चुप्पी साधी, लेकिन उनके करीबी नेताओं ने इसे विपक्ष की हार बताया। समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव ने समर्थन जताया। उन्होंने कहा कि न्याय अंततः राहुल के पक्ष में होगा।गौरतलब है कि यह विवाद 2017 में शुरू हुआ। एक आरटीआई आवेदन से ब्रिटिश कंपनी में राहुल के नाम का जिक्र सामने आया। केंद्र ने कहा कि वे ब्रिटिश नागरिकता के लिए आवेदन कर चुके। राहुल ने इसे खारिज किया। सुप्रीम कोर्ट ने भी इस पर टिप्पणी की थी। अब हाईकोर्ट में यह लंबा खिंच रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि फैसला चुनावी समीकरण बदल सकता है।

उधर, कानूनी जानकारों ने चैंबर सुनवाई को उचित ठहराया। पूर्व न्यायाधीशों ने कहा कि गोपनीय दस्तावेजों में ऐसा ही होता है। लेकिन कुछ वकीलों ने सवाल उठाए। उनका कहना है कि लोकतांत्रिक देश में पारदर्शिता जरूरी है। यदि दस्तावेज गोपनीय हैं तो मामला क्यों चल रहा है। वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने टिप्पणी की कि यह केंद्र की चाल है। छह अप्रैल को अगली सुनवाई होगी। तब शायद दस्तावेज खुले। यदि केंद्र का दावा सही पाया गया तो राहुल को बड़ा झटका लगेगा, अन्यथा विपक्ष मजबूत होगा। यह मामला लोकसभा चुनावों से ठीक पहले है, इसलिए राजनीतिक महत्व बढ़ गया है। राहुल गांधी ने कहा कि वे अदालत के फैसले का स्वागत करेंगे। केंद्र भी यही दोहरा रहा है, लेकिन तनाव बरकरार है।सुनवाई के दौरान किसी प्रकार का व्यवधान न खड़ा हो, इसके लिए लखनऊ कोर्ट परिसर में बृहस्पतिवार को सुरक्षा कड़ी थी। कांग्रेस कार्यकर्ता इकट्ठा हुए। पुलिस ने बैरिकेडिंग की। मीडिया कवरेज पूरे दिन चला। सोशल मीडिया पर हैशटैग ट्रेंड करने लगे। यह घटना उत्तर प्रदेश की राजनीति को नई दिशा दे सकती है।इस दौरान इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ में एक बड़ा कानूनी ड्रामा देखने को मिला। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के नागरिकता विवाद मामले की सुनवाई हुई। यह मामला राजनीतिक हलकों में चर्चा का विषय बना हुआ है। केंद्र सरकार की ओर से पेश वकील ने गोपनीयता का हवाला देकर सुनवाई बंद कमरे में कराने की मांग की। न्यायालय ने इसे मान लिया। अगली सुनवाई छह अप्रैल को तय हुई। इस घटना ने विपक्ष और सत्ताधारी दल के बीच नई बहस छेड़ दी है।

राहुल गांधी की नागरिकता को लेकर विवाद पुराना है। कुछ वर्ष पहले यह सवाल उठा था कि क्या वे भारतीय नागरिक हैं या ब्रिटिश।



केंद्र सरकार ने दावा किया था कि राहुल गांधी के दस्तावेजों में कुछ अस्पष्टता है। विपक्ष ने इसे राजनीतिक साजिश करार दिया। राहुल गांधी ने कई बार स्पष्ट किया कि वे जन्म से भारतीय हैं। उनके पिता राजीव गांधी और दादी इंदिरा गांधी दोनों भारत के पूर्व प्रधानमंत्री रहे। फिर भी, यह मुद्दा अदालत तक पहुंच गया।लखनऊ पीठ में सुनवाई के लिए काफी संख्या में वकील और पत्रकार इकट्ठा हुए। कोर्ट रूम में तनाव का माहौल था। राहुल गांधी की ओर से पेश वकीलों ने भी अपनी दलीलें तैयार की थीं, लेकिन सुनवाई शुरू होते ही केंद्र सरकार के वकील ने बड़ा कदम उठाया। सुनवाई की शुरुआत होते ही केंद्र सरकार की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता एसबी पाण्डेय ने न्यायालय से विशेष अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि गृह मंत्रालय से लाए गए दस्तावेज अत्यंत गोपनीय हैं। इनमें राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी जानकारियां हो सकती हैं। यदि इन्हें खुले कोर्ट में पेश किया गया तो देशहित प्रभावित हो सकता है। पाण्डेय ने तर्क दिया कि इस तरह के मामलों में चैंबर सुनवाई सामान्य प्रक्रिया है।

न्यायमूर्ति राजीव सिंह की एकल पीठ इस अनुरोध पर विचार करने लगी। उन्होंने दोनों पक्षों से संक्षिप्त बहस सुनी। राहुल गांधी के वकीलों ने इसका विरोध किया। उनका कहना था कि यह मामला सार्वजनिक महत्व का है। गोपनीयता का दावा झूठा है। लेकिन न्यायालय ने केंद्र के अनुरोध को स्वीकार कर लिया। कोर्ट रूम से सभी को बाहर जाने को कहा गया। सुनवाई चैंबर में चली गई। बाहर इंतजार कर रहे पत्रकारों और समर्थकों में निराशा छा गई।चैंबर सुनवाई के दौरान क्या चर्चा हुई, यह गोपनीय है। लेकिन सूत्रों के अनुसार, केंद्र सरकार ने कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज पेश किए। इनमें राहुल गांधी के जन्म प्रमाण पत्र, पासपोर्ट रिकॉर्ड और ब्रिटिश नागरिकता संबंधी पुराने फॉर्म शामिल बताए जाते हैं। राहुल पक्ष ने इनकी प्रामाणिकता पर सवाल उठाए। न्यायमूर्ति राजीव सिंह ने दस्तावेजों का अवलोकन किया। उन्होंने दोनों पक्षों को अगली तारीख तक जवाबी हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया।यह सुनवाई मात्र आधे घंटे चली। उसके बाद कोर्ट ने छह अप्रैल की नई तारीख मुकर्रर की। न्यायालय ने स्पष्ट कहा कि तब तक कोई टिप्पणी सार्वजनिक न की जाए। इस फैसले से मामला और रहस्यमय हो गया। विपक्षी नेता इसे न्यायिक साजिश बता रहे हैं।कुल मिलाकर राहुल गांधी का नागरिकता मामला अब चरम पर है। चैंबर सुनवाई ने रहस्य बढ़ा दिया। छह अप्रैल का इंतजार सबको है। यह केवल कानूनी लड़ाई नहीं, बल्कि राजनीतिक युद्ध है। देश देख रहा है कि सच्चाई क्या निकलती है। न्याय की जीत होनी चाहिए।

***लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।***

साहित्य

## सोंधी सी खुशबू



डॉ. अनुराधा प्रियदर्शिनी

*पहली बरखा के संग,सौंधी-सी खुशबू।*
*तन-मन को हर्षाए, मिट्टी की खशबू।।*

*झरझर झरती बूँदें, तन-मन शीतल करती।*
*व्याकुल जो अबतक, वसुधा देखो खिलती।।*

*सूख रहे वृक्षों पर, नव पल्लव आए।*
*जो लगता मुरझाए, बरखा संग*
*खिलखिलाए।।*

*ताल पोखरे देखो, कैसे पानी से भर जाएँ।*
*टर्र टर्र करते मनभावन, दादुर मन भाएँ।।*

*कागज़ की नाव, बच्चों को बहुत ही भाए।*
*गीत मल्हार स्वयं ही, कृषक मोद में गाए।।*

*नदियों का यौवन, भर भर कर लहराया।*
*आशा के दीपों से, भीगा मन सहराया।।*





## राशिफल

**मेष:-** अच्छी भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंधों की मधुरता बढ़ेगी। रोजगार की समस्याओं को लेकर मन चिंतित होगा। असीम प्रतिभाओं के बावजूद असफल होंगे।

**वृषभ:-** विरोधियों की प्रबलता से कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां संभव। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें।

**मिथुन:-** किसी सहकर्मी के खराब व्यवहार से कष्ट संभव। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। पारिवारिक संबंधों में कटुता न आने दें।

**कर्क:-** किसी विपरीतलिंगी संबंध के प्रति आकर्षण बढ़ेगा। रोजगार में समस्याओं से हतोत्साहित न हों। अपनी क्षमताओं व गुणवत्ता पर भरोसा रखें क्योंकि आगे बहुत सारी सफलताएं मिलने वाली हैं।

**सिंह:-** कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। नाजुक संबंधों में भावनात्मक तालमेल बिठाने का प्रयत्न करें। नये कार्य के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। जीवन साथी से मधुरता कायम रखें।

**कन्या:-** दूसरों की आलोचना का असर मनोबल पर कतई न पड़ने दें। ग्रहों की अनुकूलता प्रगति के अच्छे अवसर प्रदान करेगी।

**तुला:-** कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। कुछ आर्थिक प्रगति के लिए मन नई-नई युक्तियों पर केंद्रित होगा। कुछ नई सफलताएं सुखों का आगाज करेंगी।

**वृश्चिक:-** बीती बातों को भूल वर्तमान में जीने का प्रयास करें। रोजगार में अपनी क्षमता का पूर्ण लाभ मिलेगा। बिना वजह दूसरों की पीठ पीछे आलोचना न करें।

**धनु:-** दूसरों की सफलता से अपने अंदर हीन भावना न पाले। नौकरी का वातावरण थोड़ा अरुचिकर होगा तथा स्थान परिवर्तन का भी योग है। रोजगार में व्यस्तता रहेगी किंतु जरूरी कार्य की पूर्ति समय से करें।

**मकर:-** रोजगार में कुछ आकस्मिक सफलता मिलने का योग है। पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति में व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। कार्यक्षेत्र में क्षमताओं का लाभ उठाएंगे।

**कुंभ:-** रोजगार क्षेत्र में मिल रहे नये अवसरों का लाभ उठाएंगे। आवेश में लिये गये निर्णय से हानि संभव। राजनीतिक सरगर्मियां बढ़ेंगी।

**मीन:-** आपकी सारी समस्याएं खुद ब खुद सुलझ जाएंगी। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

# उपभोक्ता अदालतों में 'खाली कुर्सियां' एक बड़ी समस्या

*भाविनी मिश्रा*

भारत की उपभोक्ता शिकायत निवारण प्रणाली एक संरचनात्मक संकट का सामना कर रही है, जिसकी शुरुआत कानून या योजना से नहीं, बल्कि खाली कुर्सियों से होती है। उपभोक्ता न्याय रिपोर्ट 2026 एक ऐसी व्यवस्था को उजागर करती है, जिसमें राज्य और जिला दोनों स्तरों पर रिक्तियों और महिलाओं के घटते प्रतिनिधित्व ने संस्थागत क्षमता को खोखला कर दिया है, जिससे न्याय वितरण धीमा हो गया है और उपभोक्ता विश्वास कम। इंडिया जस्टिस रिपोर्ट (आई.जे.आर.) द्वारा जारी की गई यह रिपोर्ट, सूचना के अधिकार से संबंधित आंकड़ों और संसदीय प्रश्नों के आधार पर राज्य उपभोक्ता विवाद निवारण आयोगों (एस.सी.डी.आर.सी.एस.) की स्थिति का आकलन करती है। राज्य आयोगों में, प्रत्येक 5 में से 1 पद रिक्त है, कुछ राज्यों में तो 40 प्रतिशत से अधिक पद खाली हैं।

आधे से अधिक एस.सी.डी.आर.सी.एस. में अध्यक्षों और सदस्यों की पूरी संख्या नहीं है। रिपोर्ट में बताया गया है कि जिला और राज्य आयोगों में महिलाओं का प्रतिनिधित्व 2021 में 35 प्रतिशत से घटकर 2024 में 23.2 प्रतिशत हो गया, जो बाद में 2025 में बढ़कर 29 प्रतिशत हो गया। 2024 में केवल दिल्ली और सिक्किम राज्य आयोगों में महिला अध्यक्ष होने की जानकारी मिली। कई मामलों में, आयोग बैंच गठित करने में भी असमर्थ रहे। जिला स्तर पर संकट और भी गहरा जाता है। भारत में 775 जिलों के लिए केवल 685 जिला आयोग हैं, जिससे उपभोक्ता न्याय तक बुनियादी पहुंच में कमी रह जाती है।

**संस्थागत कमियों के कारण लंबित मामले:-** उपभोक्ता मामलों में से लगभग 33 प्रतिशत मामले अभी भी 3 साल से अधिक समय से लंबित हैं, जो कि 3 से 5 महीने की वैधानिक समय सीमा से कहीं अधिक है। झारखंड में कर्मचारियों के लगभग 64 प्रतिशत पद रिक्त हैं, जो रिपोर्ट करने वाले राज्यों में सबसे अधिक है। इसी तरह, पुडुचेरी और दिल्ली में भी 40 प्रतिशत या उससे अधिक पद रिक्त हैं। केरल और हिमाचल प्रदेश भी अपनी वैधानिक बैंचों का गठन करने की आवश्यकताओं को पूरा करने में संघर्ष कर रहे हैं। इसके विपरीत, कुछ राज्य अपेक्षाकृत कम रिक्तियों और बेहतर संस्थागत निरंतरता के साथ अधिक स्थिर स्थिति प्रस्तुत करते हैं, जैसे बिहार और हरियाणा अपवाद के रूप में सामने आए हैं, जिन्होंने विशेष रूप से बड़े और मध्यम आकार के राज्यों में अध्यक्ष और सदस्य दोनों पदों को भरा है। महानगरीय संदर्भ में, बेंगलुरु के जिला आयोगों ने 2021 से 2025 के बीच सदस्यों और अध्यक्षों की पूरी संख्या होने की रिपोर्ट दी, जबकि कोलकाता ने भी अधिकांश वर्षों में लगातार कर्मचारियों की संख्या बनाए रखी। राज्य और जिला स्तर पर लगभग 89 प्रतिशत मामलों का निपटारा हो चुका है लेकिन यह आंकड़ा एक गहरी अक्षमता



को छिपाता है। निपटारे की गति दर्ज मामलों की संख्या के बराबर नहीं है और न्याय निर्णय में देरी लगातार बढ़ती जा रही है।

**बढ़ते मामले, घटती कार्यकुशलता :-** रिपोर्ट में 2010 से 2024 के बीच दर्ज किए गए लगभग 28 लाख मामलों का विश्लेषण किया गया है, जो महामारी के बाद दर्ज किए गए और निपटाए गए दोनों मामलों में स्पष्ट वृद्धि दर्शाते हैं। हालांकि, कार्यकुशलता में गिरावट आ रही है। वार्षिक मामले निपटान दर, जो हाल के वर्षों में 100 प्रतिशत से ऊपर पहुंच गई थी, 2024 में घटकर 98 प्रतिशत हो गई, जो इस बात का संकेत है कि नए मामले निपटाए गए मामलों से अधिक होने लगे हैं।

**न्याय की दहलीज पर बाधा :-** मामलों की संख्या बढने के बावजूद, बड़ी संख्या में उपभोक्ता ऐसे आयोगों से संपर्क नहीं करना पसंद करते। रिपोर्ट एक महत्वपूर्ण व्यावहारिक अंतर्दृष्टि को उजागर करती है-लोग अक्सर मुकद्दमेबाजी से इसलिए नहीं बचते क्योंकि नुकसान नगण्य होता है, बल्कि इसलिए कि प्रणाली दूरस्थ, जटिल और धीमी लगती है। यह 'न्याय की सीमा' समय पर और सुलभ निवारण में विश्वास के क्षरण को दर्शाती है।

**राज्यों में असमान प्रदर्शन :-** तमिलनाडु जैसे कुछ राज्यों में अपेक्षाकृत अच्छी मंजूरी दर देखी जा रही है, जबकि अन्य राज्य लगातार लंबित मामलों से जूझ रहे हैं। उदाहरण के लिए, महाराष्ट्र में आवेदन तो अधिक आते हैं लेकिन कार्यकुशलता कम है, जिसके परिणामस्वरूप काफी संख्या में आवेदन लंबित रहते हैं। बड़े राज्यों में आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश और राजस्थान का प्रदर्शन अपेक्षाकृत अच्छा है, जबकि तेलंगाना और झारखंड पीछे रह गए हैं।

छोटे राज्यों में मेघालय और सिक्किम अग्रणी हैं, जबकि पूर्वोत्तर के अन्य राज्यों को क्षमता संबंधी बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है।

**क्षेत्रीय दबाव और संरचनात्मक सीमाएं :-** कुछ क्षेत्र मुकद्दमेबाजी के परिदृश्य में हावी हैं। राष्ट्रीय स्तर पर आवास क्षेत्र सबसे ऊपर है, उसके बाद बीमा और बैंकिंग का स्थान आता है। जिला स्तर पर, 'अन्य' श्रेणी का हिस्सा सबसे अधिक है, उसके बाद बीमा क्षेत्र का स्थान आता है, जो अकेले ही मामलों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## बेमौसम बारिश से किसानों की बढ़ी चिंता की लकीरें

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** शुक्रवार की सुबह मौसम ने अचानक करवट ली। कई क्षेत्रों में तेज हवाओं के साथ हुई बेमौसम बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है।सिरौलीगौसपुर क्षेत्र में सुबह से ही तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हो गई, जिससे खेतों में खड़ी फसलों को नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है।इस समय अधिकांश किसानों की सरसों की फसल पककर खेतों में तैयार खड़ी है, जबकि गेहूं की फसल भी कटाई के करीब पहुंच चुकी है। ऐसे में अचानक हुई बारिश और तेज हवाओं से फसल गिरने तथा दाने खराब होने का खतरा बढ़ गया है।जिले के अन्य क्षेत्रों में भी बादल छाए रहने और रुक-रुक कर बारिश हुई। ग्रामीण इलाकों में तेज हवा के साथ हुई बारिश से किसानों की मुश्किलें बढ़ गई हैं।

# वृद्धाश्रम में आवासित वरिष्ठ नागरिकों को आत्म निर्भर बनाने की अनूठी पहल

- कौशल विकास प्रशिक्षण देकर बुजुर्गों में रचनात्मक कार्यों से जोड़ने की शुरू हुई कवायद

**समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी।**




फेयरडील ग्रामोद्योग सेवा समिति द्वारा संचालित समाज कल्याण विभाग से अनुदानित वृद्धाआश्रम भूहेरा सफेदाबाद में आवासित वरिष्ठ नागरिकों को कौशल विकास का प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्म निर्भर बनाने की पहल शुरू की गई है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार व समाज कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा जनपद बाराबंकी में संचालित अटल वयो अभ्युदय योजना के अंतर्गत उत्पादक वृद्धावस्था गतिविधियों के द्वारा उन्हें सशक्त बनाया जाना है। वृद्धआश्रम में यह कौशल विकास का प्रथम का प्रशिक्षण 19 मार्च 2026 से प्रारम्भ हुआ है।

दूसरे दिन वरिष्ठ वरिष्ठ नागरिकों 75 माता-पिता को जूट का कार्य एवं लिफाफा बनाना एवं सिलाई कढ़ाई एवं अगरबत्ती एवम् मोम बत्ती का प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण से माता-पिता को आर्थिक रूप से मजबूत किया जा सके प्रशिक्षण का संचालन फेयरडील ग्रामोद्योग सेवा समिति के प्रबंधक द्वारा प्रशिक्षण से संबंधित व्यवस्थाओ को जुटाकर यह प्रशिक्षण दिया जा रहा हैं।

## बकरी चरा रही बालिका से हुई मारपीट, पुलिस को दी तहरीर

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** सुबेहा थाना क्षेत्र के अन्तर्गत इस्माइलपुर मजरे भटगवा गांव निवासी माजिदा ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि वह अपनी लड़की के साथ बकरी चरा रही थी कि तभी गांव निवासी शिवमती विश्वकर्मा इधर से गुजरी और मेरी लड़की को गालियां देने लगी । विरोध करने पर लड़ाई झगड़े पर आमादा हो गई मेरी लड़की ने पुलिस के कहने पर जब घटना का वीडियो बनाने लगी तभी उसने हाथ में डंडा मार दिया जिससे उसका मोबाइल फोन टूट गया और हाथ में भी चोट आई। पीड़िता की बेटी ने तत्काल डायल 112 पुलिस को सूचित किया। सूचना पाकर जब पुलिस पहुंची तो वह सिपाहियो से रौब झाड़ने लगी।

## अवध भारती संस्थान के कार्यकलापों पर हो रहे शोध, डॉ. प्रदीप शुक्ल को मिली पीएचडी



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** अवध भारती संस्थान की स्थापना 1990 में हुई थी। अवधी भाषा, साहित्य एवं संस्कृति के संरक्षण, संवर्धन, प्रकाशन और प्रचार प्रसार में विगत 36 वर्षों से संलग्न इस संस्था के अवधी अवदान पर बी एम एस कालेज तिलोई अमेठी के असिस्टेंट प्रोफेसर डा प्रदीप कुमार शुक्ल को इसी वर्ष पी-एच.डी.की उपाधि मिली। ध्यातव्य है कि संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष डॉ राम बहादुर मिश्र ने 1987 में लखनऊ विश्वविद्यालय से पी-एच.डी.उपाधि पाने के बाद आजीवन अवधी सेवा का व्रत लिया। फलस्वरूप अवधी साहित्यकारों, शोधकर्ताओं,और अवधी सेवियों को एक समृद्ध मंच मिला और अवधी वैश्विक फलक पर प्रतिष्ठित हुई। संस्थान की प्रमुख उपलब्धियों में165 पुस्तकों का प्रकाशन,,36 सालों से अवधी त्रैमासिकी अवध ज्योति का प्रकाशन,भारत और नेपाल के 32अवधी भाषा भाषी जनपदों में सात अवधी जन-जागरण यात्राओं का आयोजन,लगभग तीन हजार अवधी विद्वानों -साहित्यकारों के साहित्य का प्रकाशन और अवधी लोककलाओं को मंच प्रदान करना है।

# डीएम-एसपी ने विभिन्न मस्जिदों व प्रमुख बाजारों का किया भ्रमण

**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने ईद-उल-फितर त्यौहार के मद्देनजर एवं सुरक्षा के दृष्टिगत शहर के विभिन्न मस्जिदों व प्रमुख मार्केट का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं आम जनमानस से त्यौहार को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि अफवाहों से दूर रहकर सभी जन पूर्व के भांति भाईचारा कायम रखने के साथ ही गंगा जमुनी तहजीब को भी कायम रखें। उन्होंने कहा कि त्योहार हम सभी के जीवन को हर्षोल्लास से भर देते हैं और हम सभी के जीवन में नवीनता और



उमंगता का संचार करते हैं, सभी लोग आपसी भाईचारे व एकता का परिचय देते हुए प्रेम पूर्वक त्यौहार को मनाये। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जनपद में प्रतिदिन प्रशासन एवं पुलिस के द्वारा विभिन्न स्थानों पर रूट मार्च किया जा रहा है, जिससे त्यौहार को शांतिपूर्वक मनाया जा सके। उन्होंने सभी को आश्वस्त किया है कि पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है, किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न नहीं होने दी जायेगी।

# रास्ते में कोई करता है छेड़छाड़ तो 1090, 181 पर करें कॉल : सरिता गौतम

**शिवगढ़, रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** मिशन शक्ति अभियान के पांचवें चरण के तहत पुलिस द्वारा लगातार जागरूकता कार्यक्रम,चौपाल के माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके हक एवं अधिकार के प्रति जागरूक करने के साथ ही साइबर सुरक्षा, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ सहित अन्य योजनाओं के बारे में जानकारी दी जा रही है। गौरतलब हो कि शुक्रवार को शिवगढ़ थाना की महिला आरक्षी सरिता गौतम के नेतृत्व में शिवगढ़ पुलिस द्वारा लगातार थाना क्षेत्र अंतर्गत बारी खेड़ा गांव में पहुंचकर गांव की महिलाओं , बालिकाओं को महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरूक करने के साथ ही साइबर सुरक्षा के बारे में जानकारी दी गई। आपको बताते चलें कि जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित



करते हुए महिला आरक्षी सरिता गौतम ने बालिकाओं, महिलाओं को बताया कि जब भी आपके साथ कोई अप्रिय घटना घटे तो उसको छुपाने की बजाय अपने शुभचिंतकों को जरूर बताएं जो भी महिलाएं या बालिका किसी बात को लेकर परेशान हो और अपने परिवारीजन से ना कह पाती हों वह थाने पहुंचकर महिला पुलिसकर्मी से अपनी समस्या जरूर बताएं जिससे कि आप सभी को किसी भी परेशानी का सामना न करना पड़े साथ ही उन्होंने बताया की यदि कहीं भी आते-जाते समय कोई छेड़ता हो या पीछा करता हो तो बालिकाएं बेझिझक होकर इन हेल्पलाइन नंबर 1090 वूमेन पावर लाइन ,181 महिला हेल्पलाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन ,112 पुलिस हेल्पलाइन पर सूचना दे। ताकि समय रहते आपकी मदद की जा सके इसके अलावा बालिकाओं को समाज बढ़ते साइबर अपराध की रोकथाम हेतु जागरूक किया गया साइबर अपराध की रोकथाम के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि यदि आपके पास कोई भी अपरिचित नंबर से कॉल आए और आपके बैंक अकाउंट की जानकारी एटीएम का पिन कोड ,ओटीपी आदि की जानकारी मांगे तो वह कतई शेयर ना करें या फिर किसी भी स्थिति में आपके साथ साइबर क्राइम हो जाए तो तुरंत आप साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल कर अपनी प्राथमिकी दर्ज कर दे जिससे समय रहते आपकी सहायता की जा सके साथ ही आगे की जानकारी देते हुए उन्होंने बालिकाओं , महिलाओं को यूपी कॉप ऐप के बारे में भी जानकारी देते हुए बताया कि जो भी महिला या बालिका थाने नहीं जा सकती तो आप अपनी शिकायत अपने मोबाइल फोन से यूपी कॉप ऐप के माध्यम से दर्ज कर सकती है इससे आपको थाने नहीं जाना पड़ेगा और आपकी शिकायत भी दर्ज हो जाएगी और महिला पुलिस कर्मी द्वारा आपकी शिकायत का समाधान भी कर दिया जाएगा।

इस मौके पर उप निरीक्षक अजेंद्र सिंह,महिला आरक्षी सरिता गौतम आरक्षी सौरभ मिश्रा मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### श्री मुकुट नाथ इंटर कालेज में आयोजित हुआ कवि सम्मेलन



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जनपद के विकास खण्ड अमेठी अंतर्गत स्थित श्री मुकुट नाथ इंटर कॉलेज ताला में विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कवि सम्मेलन का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समीप दीप प्रज्वलित कर प्रतिमा पर पुष्प अर्चन कर किया गया। कवि सम्मेलन में निज जनपद के साथ साथ अन्य पड़ोसी जनपद के कवियों ने भी अपने जलवे दिखाए। कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों द्वारा भी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, ताला का कवि सम्मलेन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम लाजवाब रहा। उक्त कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला एवं सुप्रसिद्ध एवं लोकप्रिय समाज सेवी अमरेंद्र सिंह पिंटू की गरिमामई उपस्थिति ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया। कार्यक्रम का संचालन कवि समीर मिश्रा ने किया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के अलावा समाज के संभ्रांत लोग भी मौजूद रहे।

### जिले में तूफान के साथ बारिश से उड़े किसानों के होश

**कमरौली में तूफान ओले के बीच तेज बारिश**

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** शुक्रवार को मौसम में अचानक आए बदलाव में सुबह से ही तेज हवाओं के साथ बारिश और कई स्थानों पर ओलावृष्टि होने से किसानों की चिंता बढ़ गई है। जगदीशपुर, इन्होंना, और बीएचईएल क्षेत्र सहित आसपास के कई इलाकों में तेज बारिश हुई है और जिले के अन्य क्षेत्रों में



हल्की बारिश दर्ज की गई है। मौसम विभाग के अनुसार सुबह से करीब 15 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवायें चली है। वहीं बारिश के बाद मौसम में ठंडक बढ़ गई है और हवा भी पहले की तुलना में ठंडी हो गई है। हालांकि यह बदलाव आम लोगों को राहत दे रहा है, लेकिन किसानों के लिए यह चिंता का विषय बन गया है। क्षेत्र में गेहूं की फसल पूरी तरह तैयार है और कई जगह कटाई की तैयारी भी चल रही है। तेज हवा और बारिश के कारण कई खेतों में खड़ी गेहूं की फसल गिर गई है, जिससे किसानों को नुकसान होने की आशंका है। किसानों का कहना है कि फसल पकने के अंतिम समय में इस तरह की बारिश और ओलावृष्टि सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाती है। इससे न केवल फसल गिरती है बल्कि दानों की गुणवत्ता भी प्रभावित होती है। फिलहाल किसान मौसम के जल्द साफ होने की उम्मीद कर रहे हैं, ताकि वे अपनी तैयार फसल की कटाई सुरक्षित तरीके से कर सकें।

## पीएम स्वनिधि योजना अंतर्गत स्ट्रीट वेंडर्स को मिलेगा आसान ऋण

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** उपजिलाधिकारी, परियोजना अधिकारी डूडा प्रीति तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत स्ट्रीट वेंडर्स को स्वरोजगार बढ़ाने के लिए ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। योजना का दायरा बढ़ाते हुए इसे नगर पालिका परिषद गौरीगंज, जायस, नगर पंचायत अमेठी और मुसाफिरखाना के साथ-साथ ब्लॉक जगदीशपुर के सेन्सेट टाउन कठौरा, पालपुर निहालगढ़ चक जंगला तथा ब्लॉक भेटुआ के कोरवा में भी लागू किया गया है।

उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत रेहड़ी-पटरी पर व्यवसाय करने वाले वेंडर्स को तीन चरणों में ऋण दिया जाएगा। प्रथम चरण में 15,000 का ऋण 12 माह की आसान किश्तों पर मिलेगा।

## साइकिल सवार बच्चों को बचाने में क्षतिग्रस्त हुई इनोवा कार



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** अयोध्या से चित्रकूट जा रही खाकी महराज की इनोवा कार शंकरगंज में भीषण हादसे का शिकार हो गई। बताया जा रहा है कि साइकिल सवार दो बच्चों को बचाने के प्रयास में यह बड़ा हादसा हुआ है। हादसे में राष्ट्रपति के कार्यक्रम से लौट रहे श्री 1008 खाकी महाराज श्री रविशंकर जी घायल हो गए हैं। दुर्घटना में बाबा को गंभीर चोटें आई हैं और उनका हाथ फैक्चर बताया जा रहा है। ब्लॉक प्रमुख तिलोई कृष्ण कुमार सिंह 'मुन्ना' ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए तुरंत अपनी गाड़ी से घायलों को स्वशासी मेडिकल कॉलेज तिलोई पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार किया गया। घटना की सूचना मिलते ही संघ और भाजपा के प्रदेश स्तर के कई बड़े नेता मेडिकल कॉलेज पहुंच गए। सूचना पर मोहनगंज थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे और क्षतिग्रस्त वाहन को अयोध्या भिजवाया। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। गंभीर स्थिति को देखते हुए बाबा को लखनऊ के हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

# जिलाधिकारी ने सुनीं जनता की फरियाद

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।**



कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी संजय चौहान ने आमजन की समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित निस्तारण के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने भूमि विवाद, राजस्व, विकास, चिकित्सा तथा अन्य विभागों से संबंधित शिकायतें जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कीं। जिलाधिकारी ने प्रत्येक शिकायतकर्ता की समस्या को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान हो, इसलिए सभी अधिकारी जनसुनवाई में प्राप्त प्रार्थना पत्रों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी शिकायत के निस्तारण में लापरवाही या अनावश्यक विलंब पाए जाने पर संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी। साथ ही अधिकारियों से कहा कि शिकायतकर्ता को निस्तारण की जानकारी भी उपलब्ध कराई जाए, ताकि लोगों का प्रशासन पर विश्वास और मजबूत हो।

# हिंदू नव वर्ष पर सनातन सेना का हुआ गठन




**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।**

हिन्दू नववर्ष एवं नवरात्रि के पावन अवसर पर सनातन सेना संगठन का व्यवस्थित रूप से गठन किया गया।जिनका उद्देश्य राष्ट्र कल्याण हिंदू एकता व सनातन धर्म की परंपराओं का प्रचार करना है।साथ ही पदस्थापन पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरण किया गया।रायबरेली के अभयदाता मंदिर के निकट दुर्गा उत्सव लॉन में सनातन सेना के प्रमुख वृजेन्द्र फौजी की अध्यक्षता में सनातन सेना नाम के संगठन का गठन किया गया।वहीं सनातन सेना में जुड़कर कार्य करने के लिए आवाहन किया गया।राष्ट्रीय महासचिव अखण्ड प्रताप ने आए हुए सभी पदाधिकारीगण व सनातनियों को माला पहनाकर स्वागत किया।

वृजेन्द्र फौजी ने सभी पदाधिकारीगण को नियुक्ती पत्र वितरण करते हुए कहा हमें ये नहीं देखना है कि कौन किस जाति का है बस इस बात का ध्यान रखें कि हम हिन्दू हैं और हम सब एक हैं।हमारा उद्देश्य सबका साथ सबका सम्मान।

इस कार्यक्रम में सनातन सेना के राष्ट्रीय संयोजक अरविन्द सिंह,राष्ट्रीय संरक्षक देवेन्द्र सिंह,प्रदेश संयोजक चन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव,प्रदेश प्रभारी हिमांशुधर पाण्डेय,प्रदेश संरक्षक जितेन्द्र सिंह फौजी,प्रदेश महासचिव रूद्र प्रताप सिंह,जिला प्रभारी विवेक सिंह, जिला संयोजक उमेन्द्र सिंह, जिला संगठन मंत्री राम गजेंद्र फौजी,जिला महामंत्री राम उजागर सिंह फौजी आदि व सैकड़ो सनातनी उपस्थित रहे।

# अलविदा की नमाज व ईद के दृष्टिगत पुलिस द्वारा किया गया फ्लैग मार्च



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।**

शुक्रवार को जनपद पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में अलविदा जुमा की नमाज व आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत जनपद में शांति, कानून-व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था को बनाए रखने तथा त्यौहारों को सकुशल एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से उपजिलाधिकारी मुसाफिरखाना व क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह द्वारा थाना क्षेत्र भाले सुल्तान शहीद स्मारक में, क्षेत्राधिकारी गौरीगंज अखिलेश वर्मा द्वारा थानाक्षेत्र जामो में, क्षेत्राधिकारी अमेठी मनोज कुमार मिश्र द्वारा थानाक्षेत्र अमेठी में एवं जनपद के समस्त थानों द्वारा अपने-अपने थानाक्षेत्र में सक्रिय रहते हुये फ्लैग मार्च किया गया। पुलिस बल द्वारा सतर्कतापूर्वक, अनुशासनपूर्वक एवं मुस्तैदी के साथ अपने-अपने दायित्वक्षेत्रों में ड्यूटी करते हुये संवेदनशील स्थानों पर भ्रमण कर प्रभावी निगरानी रखी जा रही है तथा संदिग्ध व्यक्तियों, वस्तुओं व वाहनों की चेकिंग की जा रही है। जिले में शांतिपूर्ण माहौल में अलविदा की नमाज संपन्न हुई।

# जल जीवन मिशन के अन्तर्गत समीक्षा बैठक संपन्न

**समृद्धि न्यूज, सीतापुर।**



जिलाधिकारी राजागणपति आर. की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में गुरूवार को जल जीवन मिशन के अन्तर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्थाओं द्वारा पूर्ण की जा चुकी योजनाओं एवं निर्माणाधीन योजनाओं की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिये कि संचालित समस्त योजनाओं को समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराते हुये जलापूर्ति सुनिश्चित की जाये। पाईप लाइन डालने हेतु क्षतिग्रस्त हुयी सड़कों का पुर्नस्थापन का कार्य तत्काल पूर्ण कराया जाये। पुर्नस्थापन कार्य में मानकों का विशेष ध्यान रखा जाये तथा इसकी नियमित रूप से संबंधित अधिकारियों द्वारा गुणवत्ता की जांच भी की जाये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि आगामी गर्मी के मौसम के दृष्टिगत सभी योजनाओं में निरन्तर जलापूर्ति सुनिश्चित की जाये। बैठक के दौरान अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण ए0के0 त्रिपाठी सहित संबंधित अधिकारी एवं कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# सचिव संतराम पटेल से क्या संबंध जो अपनी सभी ग्राम पंचायत से लगा रहे भुगतान

सीतापुर। की विकासखंड रेउसा में तैनात सचिन संतराम पटेल के द्वारा अपनी ग्राम पंचायत में दो व्यक्तियों के नाम अशोक कुमार और अरुण कुमार के खाते पर कई फर्जी भुगतान लगाए गए हैं आखिर सचिव संतराम पटेल का इन दो व्यक्तियों से क्या संबंध है जो अपने सभी ग्राम पंचायत में लगभग सभी ग्राम पंचायत में भुगतान लग रहे हैं सचिव संतराम पटेल के द्वारा वित्तीय वर्ष 2025 26 के 15वें व 5वें वित्त से दो व्यक्तियों पर इतना मेहरबान हो गए की प्रधान से मिलकर दोनों व्यक्ति अशोक कुमार और अरुण कुमार पर भुगतान लगाने का कार्य कर रहे हैं जबकि




सरकार और प्रशासन ग्राम पंचायत में विकास कार्य के लिए विशेष ध्यान दे रही है परंतु सचिव और प्रधान अपनी जेब भरने के लिए फर्जी भुगतान लगाने का कार्य तेजी से करते हुए नजर आ गए हैं क्या खंड विकास अधिकारी इस मामले पर निष्पक्ष जांच करवा पाएंगे क्या हकीकत आम नागरिकों के सामने आ पाएगी या कागजों पर ही तब कर रह जाएगी

**क्या बोले जिम्मेदार अधिकारी**

इस संदर्भ में संबंधित सचिव संतराम पटेल से संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उनके फोन की घंटियां बजती रही फोन उठाना उचित नहीं समझ गया। इस संदर्भ में खंड विकास अधिकारी रेउसा प्रवीण जीत से मामले की जानकारी के लिए संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उनके सीयूजी नंबर नेटवर्क कवरेज क्षेत्र से बता रहा है।

## मछली पकड़ने गए युवक की संदिग्ध परिस्थितियों मे मौत

**महराजगंज रायबरेली समृद्धि।** मछली पकड़ने गए युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हलोर मंज़रे नाथगंज निवासी मंसाराम अपनी ससुराल सिरसोई मंज़रे जमुरावां मे रहकर स्थानीय ईट भट्टे पर कोयला फुंकाई का काम करता था वही भट्ठे से छुट्टी पाने के बाद वह जाल लेकर मछली पकड़ने निकल गया जब देर रात तक वापस घर नहीं लौटा तो परिजनों को चिंता हुई उन्होंने उसकी तलाश शुरू कर दी काफी खोजबीन के बाद शुक्रवार को माझगांव गांव स्थित खदरा तालाब के पास एक नाले में उसका शव बरामद हुआ शव मिलने की सूचना मिलते ही आसपास लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई।

# लोकतंत्र में रीढ़ की हड्डी होते सभासद : अर्चना पांडेय

- नामित सभासदों को विधायक ने किया सम्मानित
- जनसमस्याओं के समाधान पर दिया जोर



**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज़।**

नगर के सौरिख रोड स्थित अटल भवन में सरकार द्वारा नामित सभासदों के सम्मान में स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें नगरपालिका परिषद छिबरामऊ व गुरसहायगंज तथा नगर पंचायत समधन, तालग्राम व सिकंदरपुर के नामित 19 सभासदों का पार्टी का पटका पहनाकर व माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडेय ने कहा कि सभासद लोकतंत्र की रीढ़ होते हैं और आम जन की समस्याओं के समाधान में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने नामित सभासदों से क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं, जैसे सड़क, सफाई और पेयजल पर विशेष ध्यान देने का आवाहन किया। पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे ने सभी सभासदों को शुभकामनाएं दीं। इनके अलावा पूर्व जिलाध्यक्ष नरेंद्र राजपूत, जिला उपाध्यक्ष गौरव द्विवेदी एवं पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय मंत्री विनय ने मां विचार व्यक्त किए। विजय दुबे गुरसहायगंज के संचालन में हुए कार्यक्रम में गुरसहायगंज पालिकाध्यक्ष के प्रतिनिधि मयंक गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष सुमन पाराशर, जेके सिंह, अंकित दुबे, सभासद सुशील पांडेय, नगर अध्यक्ष दिलीप गुप्ता, भास्कर चतुर्वेदी, अनुराग त्रिपाठी, पवन दीक्षित, शिवओतार गुप्ता, विवेक दुबे, रूपेश दुबे व अजय चतुर्वेदी समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### नामित सभासदों को किया गया सम्मानित

छिबरामऊ। नगरपालिका परिषद छिबरामऊ के नामित सभासद संजीव चौहान, वनदेवी राजपूत, सौरभ सविता, राजेश कुमार दुबे व उमाशंकर बाथम, नगरपालिका परिषद गुरसहायगंज के नामित सभासद चंदन चौरसिया, कृष्णमुरारी कठेरिया, राकेश कुशवाहा, शिवमराज वर्मा, किरन दुबे को सम्मानित किया गया। इसके अलावा नगर पंचायत सिकंदरपुर के नामित सभासद देवेंद्र सैनी, ओमकारनाथ शुक्ला व जगदीश दिवाकर, नगर पंचायत समधन के नामित सभासद अंकित गुप्ता, अमित कठेरिया व सुवीन दीक्षित तथा नगर पंचायत तालग्राम के नामित सभासद सुभाष गुप्ता, जीतू प्रजापति व अमित राठौर को विधायक अर्चना पांडेय ने सम्मानित किया।

## ट्रक की टक्कर से किसान घायल, रेफर

**छिबरामऊ, कन्नौज।** जीटी रोड हाइवे पर नगर के पूर्वी बाईपास पर तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में खाद लेने आया किसान घायल हो गया। गंभीर हालत में उसे मेडिकल कालेज तिर्वा रेफर किया गया है। कोतवाली क्षेत्र के खोजीपुर गांव निवासी किसान अनुराग सिंह (46) पुत्र औसान सिंह शुक्रवार की दोपहर लगभग 3 बजे नगर के पूर्वी बाईपास स्थित किसान सेवा सहकारी समिति छिबरामऊ पूर्वी से खाद लेने आया था। यहां से वापस गांव जाते समय जब वह पूर्वी बाईपास पर पहुंचा, तभी तेज रफ्तार ट्रक ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर जुटे लोगों ने एंबुलेंस से घायल किसान को सौ शैय्या अस्पताल भिजवाया।

## महादेव सेवक संघ ने धूमधाम से मनाया हिंदू नववर्ष



**छिबरामऊ, कन्नौज।** ग्राम असालत नगर स्थित नारायण वाटिका में महादेव सेवक संघ ने हिंदू नव वर्ष धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर महादेव सेवक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट विनीत त्रिपाठी ने कहा इसी दिन ब्रह्मा जी ने इस संसार की रचना की थी। नव दुर्गा का प्रारम्भ इसी दिन से होता है। विश्व के सबसे बडे संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघ चालक डॉ हेडगवार, भगवान झूलेलाल का जन्म दिवस और भगवान राम का राज्याभिषेक भी इसी दिन मनाते हैं। इसलिए आज का ये दिन समस्त सनातन समाज के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है।

कार्यक्रम में नारायण त्रिपाठीॽ सुंदरकांड वाचक कवि दुबेॽ शिखर दुबेॽ चन्द्रकर पाठकॽ सेवानिवृत एसआई विनोद मिश्राॽ प्रशान्त पाठकॽ पारितोष त्रिपाठीॽ सुंदरकांड वाचक धीरज दुबेॽ श्रीनिवास दुबेॽ प्रवीन पाठकॽ अर्पित शुक्लाॽ उपेन्द्र सिंह तोमरॽ राज तिवारीॽ पुष्पेन्द्र यादव दीपक दुबे, कमलेश दुबे, तेज प्रताप यादव, दिनेश दुबे, राहुल दुबे, अंकुल गुप्ता, आदर्श यादव व रामेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

# घरों व देवालयों में की गई मां ब्रहचारिणी की आराधना

- नवरात्र पर देवालयों में लग रहा भक्तों का तांता



**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

नवरात्र के द्वितीय दिवस पर श्रद्धालुओं ने मां ब्रहमचारिणी की आरती वंदना कर आराधना की। इससे नगर सहित क्षेत्र के देवालयों पर सुबह से ही महिला पुरूष भक्तों का तांता लगना शुरू हो गया। देर शाम महिलाओं ने देवालयों में भजन संध्या में गीत गाकर मां का गुणगान किया और मां भगवती की आरती वंदना कर आराधना की।

शुक्रवार को नवरात्र के द्वितीय दिवस पर भक्तों ने मां भगवती की द्वितीय शक्ति ब्रहमचारिणी माता की पूजा अर्चना कर आराधना की। भक्तों ने फल, फूल, नारियल, श्रंगार व अन्य पूजा सामग्री चढ़ाकर मां की आरती वंदना की। नगर के जीटी रोड स्थित प्राचीन संतोषी माता मंदिर, श्री राम मंदिर, सर्विस रोड स्थित सती माता मंदिर, प्राचीन काली देवी मंदिर, श्री गणेश्वर नाथ मंदिर स्थित दुर्गा महोत्सव आदि देवालयों में सुबह से ही भक्तों ने पूजा अर्चना कर आराधना की। जबकि अधिकांश महिला व पुरूष भक्तों ने व्रत रखकर घरों पर ही मां की आरती वंदना कर आराधना की। सुरक्षा व्यवस्था के लिए महिला व पुरूष पुलिस कर्मी मौजूद रहे। जबकि पालिका प्रशासन की ओर से देवालयों के आसपास सफाई कराकर चूना डलवाया गया। इस मौके पर नीरज मिश्रा चंदन चौरसिया अरविंद यादव गदरू चौरसिया रामचंद्र शर्मा कन्हैया गुप्ता संगम चौरसिया नीतू गुप्ता पालतू गुप्ता सुमित सक्सेना रविंद्र सक्सेना नीतू शर्मा चंदन सक्सेना बाबू शर्मा के अलावा महिला पुरुष श्रद्धालु गढ़ मौजूद रहे।



## आपसी भाईचारे के साथ मनाएं ईद का त्योहार

**समधन, समृद्धि न्यूज़।** माहे रमज़ान का अलविदा जुमा पर नगर के रोजेदारों सहित जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्रीय आम जनता से आपसी सौहार्द व भाईचारे के साथ ईद का त्योहार मनाने की अपील करते हुए मुबारकबाद भी दी है। शुक्रवार शाम ईद का चांद नजर आते ही मुस्लिम लोगों में खुशी का माहौल देखने को मिला समधन नगर स्थित अपने आवास कार्यालय पर बसपा नेता सैय्यद उसैव अहमद, सपा नेता इरफान हुसैन एवं फैसल हुसैन, कनीशा कोल्ड स्टोरेज के प्रबन्धक मोहम्मद नफीस बल्ले, मैनेजर मोहम्मद आमिर लकी आदि ने अल्लाह की इबादत करने व ईद का त्योहार शान्ति व आपसी भाईचारे के साथ मनाने की अपील की है। इस दौरान फैसल हुसैन ने कहा कि रमजान का पवित्र महीना आपको हर तरह की बुराइयों और गलत रास्ते से बचकर मेघ रास्ते पर ले जाने का काम करता है यह महीना लोगों में आपसी भाईचारा कायम करता है।

# पिछड़े वर्गों का सशक्तिकरण शिक्षा से ही संभव

### किसान नेता ने राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की अध्यक्ष से की मुलाकात

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज़।**



भारतीय हलधर किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र कश्यप ने हाल ही में भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (एनसीबीसी) की अध्यक्ष पद पर नियुक्त पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं महामंडलेश्वर पूज्य दीदी साध्वी निरंजन ज्योति जी के आवास पर पहुंचकर उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर शुभकामनाएं दीं। इसके साथ ही क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से भी उन्हें अवगत कराया।

साध्वी निरंजन ज्योति ने इस मुलाकात के दौरान समाज की एकजुटता पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि समाज केवल एकजुटता से ही मजबूत बन सकता है। साथ ही उन्होंने शिक्षा को सर्वोपरि बताया और जोर देकर कहा कि शिक्षित समाज ही भविष्य में तरक्की कर नई ऊंचाइयों को छू सकता है। उन्होंने आवाहन किया कि समाज को एकजुट रहने के साथ-साथ शिक्षा पर भी विशेष ध्यान देना चाहिए, ताकि पिछड़े वर्गों का सशक्तिकरण संभव हो सके। यह मुलाकात पिछड़े वर्गों के उत्थान और सामाजिक न्याय की दिशा में महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखी जा रही है। साध्वी निरंजन ज्योति की नियुक्ति से ओबीसी समुदाय में नई उम्मीद जगी है, और विभिन्न संगठन उनकी सफलता की कामना कर रहे हैं।

## खबरें एक नजर में

### राजकीय महिला चिकित्सालय में बीपीएचयू लैब का शुभारंभ



**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर के राजकीय महिला चिकित्सालय में बीपीएचयू लैब का शुभारंभ विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडेय ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम के दौरान एएनएम सबलेश ने दो किशोरियों सुची सिंह और बिट्टू को टीका लगाकर अभियान की औपचारिक शुरुआत की। गर्भाशय कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी वैक्सीन का यह विशेष अभियान शुक्रवार से प्रारंभ हो गया है। डॉ. जितेंद्र नाथ ने जानकारी दी कि आगामी तीन माह तक प्रतिदिन अस्पताल में 14 से 20 वर्ष आयु वर्ग की किशोरियों को यह टीका लगाया जाएगा। इसके बाद निर्धारित सत्रों के अनुसार अभियान को आगे भी जारी रखा जाएगा, जिससे अधिक से अधिक किशोरियों को इस गंभीर बीमारी से सुरक्षा मिल सके। इस अवसर पर जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. जितेंद्र नाथ, सीएचसी के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. राहुल मिश्रा, जिला कोल्ड चेन प्रभारी मोहम्मद इरशाद बेग, रजनी राठौर, लैब टेक्नीशियन श्याम कुमार, सूर्यकांत मिश्रा एवं सत्येंद्र कुमार सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे। सभी ने अभियान को सफल बनाने के लिए समन्वय और जागरूकता पर जोर दिया।

### कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

**छिबरामऊ, कन्नौज।** आवास विकास कॉलोनी के गांधी पार्क में कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हो गया। आवास विकास कॉलोनी के गांधी पार्क से शुरू हुई कलश यात्रा नगर के विभिन्न मंदिरों का भ्रमण करती हुई कथा स्थल पर समाप्त हुई। यज्ञाचार्य राहुल दुबे ने मंत्रोचार के साथ कलशों की स्थापना कराई। सरस कथा वाचक पंडित राघव पाठक ने श्रीमद् भागवत कथा का महत्व बताया। कथा में परीक्षित का दायित्व शांति दुबे ने निभाया। प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक होने वाली कथा का विराम 26 मार्च को होगा और भंडारा 27 मार्च को किया जाएगा। इस अवसर पर शिवकुमार अग्निहोत्री संध्या, नीतू, अतुल दुबे, अनुज दुबे, अजीत शुक्ला, राजेश मीणा, स्वदेश पाल, गौरव यादव, अंकित यादव, आशीष यादव (गोलू), आयुष तिवारी, शिखर दुबे, पारस, आर्यन शुक्ला, निरुपमा दुबे, तृप्ति दुबे, ममतेश पाल, पुष्पा अवस्थी, उपासना तिवारी, गीता तिवारी, बीना यादव, प्रतिमा मिश्रा, अर्चना दुबे, लता पाठक, रश्मि पाठक सहित बड़ी संख्या में भक्त मौजूद रहे।

### खेत में पानी जाने को लेकर दो पक्षों में संघर्ष, पांच घायल



**तिर्वा,कन्नौज।** खेत में पानी जाने को लेकर दो पक्षों में संघर्ष हो गया। विवाद में पांच लोगों के घायल होने की खबर है। जानकारी के मुताबिक तिर्वा कोतवाली के दिलीप नगर में शुक्रवार को सोनेलाल अपने खेत में फसल में पानी लगा रहे थे। सिंचाई के दौरान उनके खेत की मेड टूट गई जिससे खेत का पानी पड़ोसी के खेत में चला गया। मामले कि जानकारी जब पड़ोसी खेत स्वामी को हुई तो विवाद शुरू हो गया। दोनों ओर से पहले वाद विवाद हुआ और इसके बाद गालीगलौज और मारपीट शुरू हो गई। विवाद में सोनेलाल, उनकी पत्नी कलावती, प्रेमावती, अनमोल, निशा घायल हुए हैं। मामले की सूचना पर मौके पर आसपास के लोगों की भीड़ और उसके बाद पुलिस भी पहुंची। सोनेलाल, कलावती, निशा को उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी थी। कोतवाली प्रभारी संजय शुक्ला ने बताया कि, सोनेलाल की तहरीर पर मामले कि जांच पड़ताल जारी है, जल्द ही आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

# उत्कृष्ट कार्य हेतु कुलपति ने किया सम्मानित



विश्वविद्यालय में असिस्टेंट प्रोफे. को सम्मानित करते कुलपति विनय पाठक

- असिस्टेंट प्रो . डॉ. नागेंद्र सिंह विवि कानपुर में सम्मानित

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय में शुक्रवार को आयोजित विशेष सम्मान समारोह में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) पाठ्यक्रम में जिला स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने पर डॉ. भीमराव अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय, अनौगी कन्नौज के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. नागेंद्र सिंह को कुलपति प्रोफेसर विनय पाठक ने सम्मानित किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. हेमेंद्र सिंह ने बताया कि डॉ. नागेंद्र सिंह को विश्वविद्यालय की ओर से जनपद कन्नौज के कृत्रिम बुद्धिमत्ता पाठ्यक्रम का समन्वयक नामित किया गया था। उनके कुशल समन्वय और समर्पण के चलते जिले में एआई पाठ्यक्रम का प्रभावी संचालन संभव हो सका। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय, कानपुर में आयोजित समारोह में यह सम्मान मिलना महाविद्यालय के लिए गौरव का विषय है।

कुलपति प्रोफेसर विनय पाठक ने जनपद समन्वयकों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि कन्नौज जैसे क्षेत्रों में, जहां ग्रामीण पृष्ठभूमि के छात्र- छात्राओं की संख्या अधिक है, वहां कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे आधुनिक विषय को सरल, सहज और प्रभावी रूप में पहुंचाना अत्यंत सराहनीय प्रयास है। समारोह में विश्वविद्यालय के अन्य अधिकारी एवं शिक्षक भी उपस्थित रहे।

# चार को ट्रक ने रौंदा, एक की मौत, तीन घायल

- कन्नौज से मंदिर दर्शन कर वापस लौट रहे थे बाईकों पर सवार परिवार के युवक और युवतियां

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

मंदिर दर्शन कर गांव वापस लौट रहे दी बाईकों पर सवार चार लोगों को सामने से आ रहे ट्रक चालक ने अनियंत्रण के कारण रौंद दिया। हादसा इतना दर्दनाक था कि, घटनाक्रम के दौरान जहां एक बाइक पर सवार दो लोग ट्रक के नीचे जा घुसे वहीं दूसरी बाइक सवार पर सवार दो लोग ट्रक की चपेट में आकर सड़क पर जा गिरे। इस दौरान एक बाइक सवार युवक की मौत घटनास्थल पर ही हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हुए, जिसमें एक युवती को उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज में उपचार हेतु भर्ती कराया गया है।

घटनाक्र म की जानकारी के मुताबिक इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के गांव सपहा निवासी हेतराम का 22 वर्षीय पुत्र अवधेश कुमार अपनी बहन राखी के साथ एक बाइक से जबकि परिवार के ही भतीजे धोनी और वर्षा दूसरी बाइक से शुक्रवार की सुबह कन्नौज स्थित देवी मंदिर दर्शन करने को गए थे। सायं चार बजे के करीब दोनों बाईकों पर सवार चारो लोग अपने गांव वापस लौट रहे थे। जैसे ही दोनों बाईकों पर सवार लोग तिर्वा इंदरगढ़ मार्ग पर बछज्जापुर गांव के निकट पहुंचे इसी दौरान सामने से आ रहे तेज रफ्तार एक ट्रक एच आर 38 ए ए 2547 के चालक ने घटनास्थल पर सड़क पर गहरा गड्ढा और सड़क किनारे तालाब होने के अलावा संकरी सड़क होने के कारण ट्रक पर अनियंत्रण के कारण तिर्वा की ओर से इंदरगढ़ की ओर जा रहे बाइक सवारों को टक्कर मार दी। दुर्घटना इतनी तेज थी कि, एक बाइक सवार अवधेश ट्रक के नीचे बाइक समेत जा घुसा, जबकि उसकी बहन राखी उछल कर सड़क पर दूर गिरने के कारण घायल हो गई। हादसे में अवधेश की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दूसरी बाइक पर सवार पारिवारिक भतीजा धोनी और साथ मौजूद वर्षा पुत्री देवेंद्र कुमार भी हादसे में घायल हुए हैं। वर्षा को गंभीर हालत में तिर्वा मेडिकल कॉलेज भेजा गया है, जहां उसका उपचार जारी था। घटनास्थल पर हादसे के दौरान ट्रक चालक मौके से भाग निकलने में सफल हो गया। जबकि मौके पर हादसे के बाद ग्रामीणों की भारी भीड़ और जाम के हालात पैदा हो गए। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस बल ने जहां मृतक के शव को पोस्टमार्टम हेतु मेडिकल कॉलेज भिजवाया है वहीं सड़क पर लगे जाम को हटवाने के लिए भी पुलिस को कड़ी मशक्कत करते देखा गया।

# आलू किसानों को राहत के लिए केंद्र को पत्र : रजनी तिवारी

- कन्नौज में प्रदर्शनी का अवलोकन, 60 लाख रोजगार सृजित
- आलू आधारित उद्योगों पर 30 प्रतिशत सब्सिडी, गैस किल्लत विपक्ष का प्रचार

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



प्रदेश की उच्च शिक्षा राज्यमंत्री एवं प्रभारी मंत्री रजनी तिवारी ने कन्नौज दौरे के दौरान जहां प्रदेश सरकार की नौ वर्षों की उपलब्धियां गिनाईं, वहीं आलू किसानों की समस्या को लेकर भी सरकार की पहल स्पष्ट की। कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी व स्टॉल का अवलोकन किया और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ली।

प्रेस वार्ता में मंत्री ने कहा कि जिले में आलू का उत्पादन अधिक होने के कारण किसानों को उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है। इस समस्या के समाधान के लिए प्रदेश सरकार ने केंद्र सरकार को पत्र लिखकर हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने किसानों द्वारा आत्महत्या और फसल जोत देने की घटनाओं को गंभीर बताते हुए प्रशासन को सख्त निर्देश दिए हैं कि ऐसी पुनरावृत्ति न हो। जिलाधिकारी को किसानों से सीधा संवाद कर त्वरित समाधान सुनिश्चित करने को कहा गया है। मंत्री ने विपक्ष द्वारा उठाए जा रहे गैस किल्लत के मुद्दे को निराधार बताते हुए इसे महज प्रचार करार दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आवश्यक वस्तुओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित है। सरकार की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए रजनी तिवारी ने बताया कि बीते नौ वर्षों में उत्तर प्रदेश निवेश और विकास का बड़ा केंद्र बनकर उभरा है। प्रदेश को 50 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले हैं और करीब 60 लाख रोजगार सृजित हुए हैं।

कानून व्यवस्था में सुधार के साथ महिला सुरक्षा के क्षेत्र में भी प्रभावी कार्य हुए हैं। उन्होंने आलू आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने पर जोर देते हुए कहा कि इस क्षेत्र में निवेश करने वाले उद्यमियों को 30 प्रतिशत तक सब्सिडी दी जाएगी, जिससे किसानों को बेहतर मूल्य और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर मिलेंगे। इस दौरान जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री सहित अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## दोबारा पढ़ी गई जुमातुल विदा की नमाज में उमड़ा नमाजियों का सैलाब



**छिबरामऊ, कन्नौज।** रमजान उल मुबारक के आखिरी जुमा अलविदा की नमाज में अकीदतमंदों का सैलाब उमड़ पड़ा। मस्जिदों में अलग ही रौनक देखने को मिली। यह इस रमजान का दूसरा जुमातुल विदा था, क्योंकि पिछले गुरुवार को शव्वाल का चांद न दिखने से रमजान 30 दिनों का पूरा हुआ और जुमातुल विदा की नमाज दो बार हुई। पिछले शुस्र5वार को भी अलविदा जुमा मनाया गया था, लेकिन चांद नजर न आने के कारण रमजान का एक दिन और बढ़ गया। नतीजतन इस शुक्रवार को फिर जुमातुल विदा की नमाज अदा की गई। अलविदा जुमा रमजान की विदाई का प्रतीक है और मुस्लिम मान्यताओं में इसका विशेष महत्व है। आखिरी अशरे की इबादत रोजेदारों को जहन्नुम की आग से बचाती है। अलविदा को छोटी ईद भी कहा जाता है, जिसको लेकर अजान से पहले ही मस्जिदें नमाज पढ़ने बालों से भर गईं और बड़ी तादाद में लोग पहुंचे। इस दौरान पुलिस व पीएसी की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। सभी मस्जिदों में नमाज सकुशल संपन्न हुई, जिसके बाद प्रशासन ने राहत की सांस ली। शनिवार को सुबह 8ः30 बजे ईदगाह में ईद–उल–फितर की नमाज अदा की जाएगी।

# बैलेंस शून्य होने से पहले रिचार्ज करें उपभोक्ता

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



नगर ब ग्रामीण क्षेत्र की उपभोक्ता को चाहिए कि अगर किसी का स्मार्ट मीटर डिस्कनेक्ट हो गया है तो बिल पेमेंट के साथ एडवांस रिचार्ज करने के बाद कनेक्शन स्वत कनेक्ट हो जाएगा विद्युत विभाग द्वारा बनाए गए पोर्टल पर अपना बैलेंस भी चेक कर सकते हैं। यह जानकारी देते हुए विद्युत उपखंड कार्यालय विद्युत घर गुरसहायगंज के अवर अभियंता राजकुमार ने बताया कि नगर ब ग्रामीण क्षेत्र के सभी विद्युत उपभोक्ता संकल्प लेने की बिजली चोरी को हर हाल में रोकना है चोरी होते देखे तो उसको अनदेखा न करें तत्काल विद्युत विभाग को सूचना दें जानकारी करें चुप ना रहे बोले और विरोध करें विद्युत चोरी के मामले में सतर्क नागरिक बने जिम्मेदारी निभाई विद्युत चोरी की सूचना मिलते ही तुरंत बिजली घर मित्र पोर्टल के जरिए ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर भुगतान के लिए महत्वपूर्ण सूचना यह है। कि बैलेंस शून्य होने से पहले रिचार्ज कर निर्वाद बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करें स्मार्ट प्रीपेड मीटर में बैलेंस समाप्त होते ही विद्युत आपूर्ति स्वत बंद हो जाएगी। जिसका उपभोक्ता ही जिम्मेदार होगा विद्युत कनेक्शन काटने में विभाग का कोई रोल नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि अब अपने स्मार्ट प्रीपेड मीटर को विभागीय वेबसाइट पर यूपीपीसीएल स्मार्ट एप पेटीएम या नजदीकी विभागीय काउंटर जन सुविधा केंद्र के माध्यम से आसानी से रिचार्ज कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक उपभोक्ता को संकल्प लेना है कि विद्युत चोरी को रोकना है जिसके लिए उपभोक्ताओं को विभाग का सहयोग करना पड़ेगा तभी उपभोक्ताओं को सुचारू रूप से विद्युत आपूर्ति विभाग उपलब्ध करा पाएगा।

# मासूम की मौत के बाद गांव में तनाव, आरोपी गिरफ्तार

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



मासूम असद की मौत के बाद गांव में ग्रामीणों के मध्य तनावपूर्ण माहौल को देखते हुए पुलिस पीएसी बल की तैनाती नजर आ रही है वहीं मासूम की मौत के बाद परिजनों का हाल बेहाल नजर आ रहा है। पता चला है कि, मामले में कोतवाली पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामला तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के गांव बहसार का है। बताते चलें कि, बीते एक माह पूर्व बच्चों के खेल खेल के विवाद में दो परिवारों असद पुत्र शानू एवं अरबाज पुत्र जाबिर, अफसर पुत्र इरशाद के मध्य विवाद हो गया था। शुरुआती दौर में दोनों परिवारों के मध्य हुए विवाद को ग्रामीणों ने शांत करवा दिया था। दोनों परिवारों के मध्य बच्चों में बीच हुए विवाद का कारण एक लेजर टार्च से सेल निकालने को लेकर था। शुरुआती विवाद के बाद शानू के मुताबिक विपक्षी परिवार लगातार परिवार धमकियां देता रहा। बीते दो दिन पूर्व आरोपियों ने मौका पाकर शानू के पुत्र 8 वर्षीय असद को घर से दूर देखकर प्राणघातक हमला बोल दिया था।

# ट्रक-कार की भिड़ंत, किशोरी फंसकर ट्रक के नीचे घुसी

- सभी चारो लोग दिल्ली -नोएडा से तिर्वा के अन्नपूर्णा मंदिर दर्शन के लिए आ रहे थे

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



कन्नौज।खड़े ट्रक से तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होने के कारण टकरा गई। हादसे के दौरान एक 12 वर्षीय किशोरी चपेट में आकर ट्रक के नीचे जा घुसी। जानकारी के मुताबिक जिले के थाना सौरिख के नादेमऊ चौकी के निकट हादसा हुआ।

बताते चलें कि, शुक्रवार को नादेमऊ चौकी की निकट सड़क किनारे एक ट्रक खड़ा था, इस दौरान एक कार तेज स्पीड के कारण अनियंत्रण के कारण ट्रक से जा टकराई। टक्कर इतनी तेज थी कि, ट्रक से टकराने के बाद कार एक ही बार में दो बार घूमने के बाद सामान्य स्थित में आकर क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के दौरान कार के एयरबैग खुलने के कारण कार में सवार चार लोग बाल बाल बच गए, लेकिन इस दौरान निकट से गुजर रही एक किशोरी खरगपुर गांव निवासी गिरीश चक की 12 वर्षीय पुत्री गुन्नू कार की चपेट में आकर ट्रक के नीचे जा घुसी और गंभीर रूप से घायल हो गई। मामले की जानकारी पर मौके पर पहुंची पुलिस ने कार सवार कमलेश, सोनू, ममता, सिद्धी, को अपनी कस्टडी में लेकर चौकी ले गए। पूंछताँछ पर पता चला कि, कार सवार सभी चारो लोग दिल्ली नोएडा से तिर्वा के अन्नपूर्णा मंदिर दर्शन के लिए आ रहे थे। हादसे में चारो कार सवार मामूली रूप से घायल हुए हैं। वहीं घायल गुन्नू को उपचार हेतु तिर्वा मेडिकल कॉलेज भेजा गए है जहां उसका उपचार जारी था। घायल किशोरी गुन्नू की हालत चिंताजनक बनी हुई थी। मामले में चौकी प्रभारी देवी सहाय वर्मा ने बताया कि, कर चालक को हिरासत में लेकर कार्यवाही की जा रही है।

# पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता में विजेता गौतमबुद्ध नगर टीम को प्रभारी मंत्री ने किया सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिला खेल कार्यालय द्वारा 18 से 20 मार्च तक ओपन स्टेट आमंत्रण पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन स्व. ब्रह्मदत्त स्पोर्ट्स स्टेडियम फतेहगढ़ में किया गया। ओपन स्टेट सीनियर पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जनपदों गौतमबुद्ध नगर, इटावा, एटा, कानपुर, सीतापुर, फिरोजाबाद, मिर्जापुर, मऊ, उन्नाव की 09 टीमें एवं 01 स्थानीय जनपद टीम सहित कुल 10 टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के तीसरे दिन समापन समारोह में कर्मवीर सिंह यादव क्रीडाधिकारी द्वारा मुख्य अतिथि जयवीर सिंह पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री (कैबिनेट मंत्री) प्रभारी मंत्री को पुष्प गुच्छ एवं प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को पुरस्कार एवं आशीर्वचन प्रदान कर प्रतियोगिता का समापन किया गया।

प्रतियोगिता के तीसरे दिन पहला सेमीफाइनल गौतमबुद्ध नगर (34 पॉइन्ट) बनाम फिरोजाबाद (15 पॉइन्ट) के बीच खेला गया। जिसमें गौतमबुद्ध नगर 19 पॉइन्ट से विजेता बना। दूसरा सेमीफाइनल एटा (22 पॉइन्ट) बनाम मऊ (24 पॉइन्ट) के


ट्राफी के साथ विजेता टीम

बीच खेला गया। जिसमें मऊ 02 पॉइन्ट से विजेता बना। फाइनल मैच गौतमबुद्ध नगर (29 पॉइन्ट) बनाम मऊ (21 पॉइन्ट) के बीच खेला गया। जिसमें गौतमबुद्ध नगर 08 पॉइन्ट से विजेता एवं मऊ उपविजेता घोषित हुए। मैचों में निर्णायक की भूमिका कुलदीप यादव सचिव जिला कबड्डी संघ, अवनीश कुमार राय, शराफत अली, पवन गोस्वामी, नरसिंह शर्मा, जितेन्द्र नागर, सरफराज, शीत कुमार, विमलेश कुमार, सुनील पाल, कृष्ण प्रताप सिंह ने निभाई। इस अवसर पर प्रदीप कुमार जायसवाल, सुभाष चन्द्र, प्रदीप यादव, विपिन कुमार, केशव गंगवार, अतीत यादव, सूर्य प्रताप सिंह, अनीश कुमार, पुष्पेन्द्र सिंह, आकाश मिश्रा, सुशांत गुप्ता, सत्यम मिश्रा, पूनम शर्मा के साथ समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का सेमीफाइनल एवं फाइनल मैच कराये जाने के साथ ही विजेता/उपविजेता एवं निर्णायकों का पुरस्कार वितरण किया गया।

# प्रभारी मंत्री ने की विकास कार्यों व कानून व्यवस्था की समीक्षा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मंत्री पर्यटन एवं संस्कृति विभाग उप्र/प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों एवं कानून-व्यवस्था की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

मंत्री ने विगत समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा की गई। सीएम डैशबोर्ड में खराब प्रदर्शन करने वाले विभागों की समीक्षा करते हुए उनके प्रदर्शन में सुधार हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। कार्यदायी संस्थाओं को सभी परियोजनाएं निर्धारित समय-सीमा के अनुसार पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए। मंत्री ने



बैठक लेते प्रभारी मंत्री मौजूद अन्य

समीक्षा बैठक में अपने स्थान पर प्रतिनिधि भेजने वाले अधिकारियों पर नाराजगी व्यक्त की तथा स्पष्ट निर्देश दिए कि अगली बैठक में संबंधित अधिकारी स्वयं उपस्थित रहें, अन्यथा कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। इस अवसर पर सांसद, अध्यक्ष जिला पंचायत, विधायक भोजपुर, विधायक कायमगंज, जिला अध्यक्ष भाजपा, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी सहित समस्त जिलास्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।


हाथों में पाती लिये शिक्षक

## पोस्ट कार्ड भरकर टीईटी अनिवार्यता का शिक्षकों ने किया विरोध

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** टीईटी अनिवार्यता के विरोध में शिक्षकों ने पाती पोस्ट कार्ड भरें। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष भूपेश प्रकाश पाठक के नेतृत्व में शिक्षकों ने राजेपुर के ब्लाक व कमालगंज, शमशाबाद, नवाबगंज एवं बढ़पुर में भ्रमण कर विभिन्न विद्यालयों में कार्ड भरवाये गये। टीईटी अनिवार्यता प्रकरण को लेकर अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ के आवाह्न पर शिक्षक पाती भरों अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत शुक्रवार को भी टीईटी अनिवार्यता का विरोध करते हुए पोस्ट कार्ड भरे गये। जनपद से विभिन्न विद्यालयों के अध्यापकों ने पोस्ट कार्ड भरकर विरोध जाहिर किया। बढ़पुर में सोमनाथ दीक्षित ने शिक्षक पाती भरवाये। वहीं यूपीएस जैतपुर व कमालगंज तथा राजेपुर के गौटिया एवं प्राथमिक विद्यालय नहरैया कमालगंज आदि विद्यालयों में टीईटी अनिवार्यता का विरोध देखा गया।

# अधिकारियों को जानकारी नहीं, जेई ने कर दिया कम्प्यूटर आपरेटर नियुक्त

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

विद्युत विभाग के अवर अभियंता विभाग के नियमों को ताख पर रखकर सरकार को लाखों का चूना ही नहीं लगा रहे, बल्कि विभाग की गोपनीयता भी भंग कर रहे है। ऐसा ही मामला एक सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो से पुष्टि हुई है। याकूतगंज फीडर पर तैनात अवर अभियंता अजीत राजपूत बिना विभागीय किसी अधिकारी की अनुमति लिये बगैर अपने सरकारी कार्य को कराने के लिए एक सहायक मनोज नाम के व्यक्ति को रख रखा है। अपने क्षेत्र में काम कराने के साथ-साथ वह विद्युत विभाग याकूतगंज फीडर पर सरकारी कार्य भी कराते है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि अवर अभियंता द्वारा जिस व्यक्ति को अपनी


कम्प्यूटर पर बैठकर काम करता मनोज

सहायता के लिए रखा गया है वह बेफिक्र होकर विद्युत विभाग परिसर के अंदर बैठकर कम्प्यूटर पर कार्य कर रहा है। इस दौरान कुछ लोगों से फोन पर बातचीत भी की गई जो सुनाई दे रही है, जिसमें कुछ पैसा जैसी बात भी सुनाई दे रही है। जबकि जिस सीट पर वह बैठ कर काम कर रहा है उस कार्यालय में ना तो इस व्यक्ति की नियुक्ति है और न ही किसी विभागीय अधिकारी को इसकी जानकारी है। ऐसे में सरकारी अभिलेखों से छेड़छाड़ व उसकी गोपनीय भंग होने की पूरी संभावना है।

बाहरी व्यक्ति द्वारा कम्प्यूटर आपरेटर के स्थान पर काम करने के मामले में अधीक्षण अभियंता ने बताया कि विभाग द्वारा याकूतगंज फीडर पर अभी तक किसी कम्प्यूटर आपरेटर की नियुक्ति नहीं की गई है और यदि कोई कर्मचारी किसी बाहरी व्यक्ति को बैठाकर काम करवा रहा है तो यह नियम विरुद्ध है। जांच कराकर दोषी कर्मचारी के विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी।

# लूट की झूठी सूचना देने वाले युवक को पुलिस ने लिया हिरासत में

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र में एक युवक ने अपने साथ लूट की झूठी सूचना पुलिस को दी। जांच में मामला मारपीट का निकला। जिसके बाद पुलिस ने झूठी सूचना देने वाले आरोपी को हिरासत में ले लिया। नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव पुठरी निवासी राजू बाइक से अपने घर लौट रहा था।

राजारामपुर मेई गांव के पास पहुंचने पर उसने डायल 112 पर कॉल कर 9700 रुपये की लूट की जानकारी दी। डायल 112 के पुलिसकर्मियों ने तत्काल इसकी सूचना थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार को दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और पूछताछ शुरू की। थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने मामले की जानकारी सीओ मोहम्मदाबाद अजय वर्मा और अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार को भी दी।

दोनों अधिकारियों ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर पूछताछ की। गहन जांच के बाद सामने आया कि लूट की सूचना पूरी तरह से झूठी थी। थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि यह लूट का मामला नहीं था, बल्कि रास्ते में निकलने को लेकर हुए विवाद के बाद मारपीट की घटना थी। युवक ने पुलिस को गुमराह करने के लिए लूट की झूठी सूचना दी थी। आरोपी युवक पुलिस हिरासत में है।

# भक्तों ने मां ब्रह्मचारिणी की पूजा अर्चना कर की सर्व मंगल की कामना

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

चैत्र नवदुर्गा के दूसरे दिवस नगर के शक्तिपीठों व देवी मंदिरों में भीड़ उमड़ती रही। भक्तों ने मंदिर में पहुंचकर दुर्गा देवी के द्वितीय स्वरुप ब्रह्मचारिणी का पूजन किया। लोगों ने उपवास रखकर मां की उपासना की। वहीं शाम को महिलाओं ने जागरण किया।

नवरात्र के दूसरे दिन नगर के देवी मंदिरों में मां दुर्गा के देवी ब्रह्मचारिणी रूप की पूजा की गयी। मां ब्रह्मचारिणी के दाएं हाथ में माला और बाएं हाथ में कमण्डल है। शास्त्रों में बताया गया है कि मां दुर्गा ने पार्वती के रूप में पर्वतराज के यहां पुत्री बनकर जन्म लिया और महर्षि नारद के कहने पर अपने जीवन में भगवान महादेव को


शीतला माता मंदिर में पूजा अर्चना करते भक्तगण

पति के रूप में पाने के लिए कठोर तपस्या की। हजारों वर्षों तक अपनी कठिन तपस्या के कारण ही इनका नाम तपश्चारिणी या ब्रह्मचारिणी पड़ा। अपनी इस तपस्या की अवधि में इन्होंने कई वर्षों तक निराहार रहकर और अत्यन्त कठिन तप से महादेव को प्रसन्न कर लिया। यह देवी भक्तों की सभी मनोकनाओं को पूर्ण करती है। पूजन करने के लिए देवी मंदिरों पर सुबह से लेकर शाम तक भक्तों का आना-जाना लगा रहा।

पल्ला मठिया, गुरगांव देवी मंदिर, महाकाल मंदिर, काली देवी मंदिर मऊदरवाजा, बढ़पुर स्थित शीतला देवी मंदिर, संतोषी माता मंदिर, भोलेपुर स्थित वैष्णोदेवी मंदिर, फतेहगढ़ के कालीबाड़ी मंदिर, सैन्य क्षेत्र में स्थापित शक्तिपीठ मंदिर सहित शहर व देहात क्षेत्र में छोटे-बड़े सभी मंदिरों में पहुंचकर भक्तों ने माथा टेंका। पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष इंतजाम किये।

# दलित कर्मचारी का उत्पीड़न करने वाले जेई पर विभाग नहीं कर रहा कार्यवाही

▸ न्याय न मिला तो उच्चाधिकारियों से भी करेंगे शिकायत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सरकार के नियमों की अनदेखी कर अपने निजी लाभ के लिए बिना स्टीमेट के ट्रांसफार्मर लगवाने वाले जेई पर दबंगई का भी एक कर्मचारी ने आरोप लगाया है और इस संदर्भ में पीड़ित कर्मचारी ने अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खण्ड ग्रामीण व अधीक्षण अभियंता से भी लिखित रुप में शिकायत कर कार्यवाही की मांग की है, लेकिन जेई की दबंगई के चलते विभागीय अधिकारी कार्यवाही करने से बच रहे है। पीड़ित कर्मचारी ने इस संदर्भ में प्रशासन से भी शिकायत की है। 11 केवी फीडर


जानकारी देते पीड़ित देवेन्द्र पाल सिंह

याकूतगंज पर तैनात टीजी-2 देवेन्द्र पाल सिंह ने बताया कि अवर अभियंता अजीत राजपूत हमारा काफी समय से जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित कर उत्पीड़न कर रहे है। पीड़ित ने विभागीय अधिकारियों को दिये गये प्रार्थना पत्र में दर्शाया कि 3 दिसम्बर को सायंकाल 4:30 पर याकूतगंज कैम्प में मौजूद थे, तभी जनता के सामने सार्वजनिक रुप से अवर अभियंता अजीत राजपूत ने जाति सूचक अपशब्दों का प्रयोग करते हुए काफी भद्दी भाषा का इस्तेमाल किया। यहीं नहीं इससे पूर्व भी गाली देकर लाइनमैन के सामने अपमानित कर चुके है। इस घटना की जानकारी वर्तमान एसडीओ के संज्ञान में है। इससे पूर्व भी जब मैं भोलेपुर उपकेंद्र पर तैनात था, तब भी अवर अभियंता ने अभद्रता की। जाति को लेकर वह हमसे खुन्नस मानते है, इससे वह अपमानित कर उत्पीड़न कर रहे है। पीड़ित का कहना है कि हम पर तरह-तरह का दबाव बनाया जा रहा है। जिला प्रशासन से भी शिकायत की। अगर मुझे न्याय न मिला तो उच्चाधिकारियों से भी शिकायत करेंगे।

इस संदर्भ में अधीक्षण अभियंता सुशील कुमार गौतम से जब संवाददाता ने जानकारी की तो उन्होंने बताया कि यह मामला मेरे संज्ञान में नहीं है। अगर मेरे पास आता है तो जांच कराकर कार्यवाही की जायेगी। वहीं पीड़ित का कहना है कि वर्तमान में जो अधीक्षण अभियंता है मैंने उन्हीं को प्रार्थना पत्र दिया था।

## बेमौसम हुई बरसात से किसानों की फसलों को नुकसान

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र में गुरुवार रात मौसम में अचानक बदलाव आया। तेज हवाओं के साथ हुई बेमौसम बारिश से गेहूं और तंबाकू की खड़ी फसलें बड़े पैमाने पर प्रभावित हुई हैं। इस घटना से क्षेत्र के किसानों को भारी नुकसान हुआ है। तेज हवाओं के कारण खेतों में तैयार खड़ी गेहूं की फसल बिछ गई है। किसानों के अनुसार फसल के गिरने से दानों की गुणवत्ता पर असर पड़ेगा और कुल पैदावार में भी कमी आने की आशंका है। इसके अलावा तंबाकू की खेती को भी इस बारिश से काफी क्षति पहुंची है। क्षेत्र के किसानों देवकी, राम सिंह, सुखदेव राजपूत, रामखिलाड़ी, बबलू सिंह और विश्व प्रकाश ने बताया कि इस बेमौसम बारिश और हवा ने उनकी उपज की उम्मीदों को प्रभावित किया है। उन्होंने अपनी मेहनत से तैयार फसल को नुकसान होते देखा है। किसानों की आर्थिक स्थिति पहले से ही चुनौतीपूर्ण थी। इस वर्ष आलू की फसल के उचित दाम न मिलने के कारण वे पहले से ही घाटे में थे। अब बेमौसम बारिश ने उनकी शेष उम्मीदों को भी प्रभावित किया है, जिससे क्षेत्र के किसानों के सामने आर्थिक संकट गहरा गया है।

# पशु पलकों को दिया गया आय बढ़ाने का मंत्र

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।**

विकासखंड कायमगंज के गांव त्यौरखास में पशुपालन विभाग ने गांव पहुंचकर पशु पलकों को विज्ञान के साथ आय बढ़ाने के गुर सिखाये। ग्रामीणों से बातचीत कर सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं पर प्रकाश डाला। पशु पलकों, पशु पालन विभाग के कर्मचारियों के लिए एक दिवसीय पशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पशु मैत्रीयो, पशु पलकों को विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के साथ-साथ आधुनिक एवं पशु पालन की उन्नति तकनीक की विस्तृत जनकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान विभाग ने पशुओं के सही रख रखाव, संतुलित आहार, गर्मी से बचाव के उपाय बताये। सही


ग्रामीणों को जानकारी देते अधिकारी

नश्ल की गाय, भैस की जनकारी विस्तार से बतायी। उन्होने बताया की वैज्ञानिक पद्धति से पशु पालक अपनी आय मे वृद्धि कर सकते हैं।

कायमगंज के उपमुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. संजय सचान ने पशुपालको से अपील की कि वह अधिक से अधिक सरकारी योजनाओं का लाभ उठाये। इस दौरान उन्होने टीकाकरण नियमित कराने की। पशु पलकों से अपील की। इस दौरान विभाग के आनंद कुमार, नरेंद्र कुमार, चंद्रपाल, अतुल कुमार, सोनू मौजूद रहें। ग्रामीणों मे प्रधान प्रतिनिधि सिट्टू यादव, क्षेत्र पंचायत सदस्य टीटू अग्निहोत्री, होरिलाल, सचिन पाण्डेय, राजवीर सिंह यादव सहित अनेक ग्रामवासी मौजूद रहें।

# कैंडिल मार्च निकाल, आरोपियों को फांसी देने की मांग

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

तरुण हत्याकाण्ड

दिल्ली के उत्तम नगर में हुई तरुण कुमार की हत्या के विरोध में हिन्दूवादी संगठनों ने कैंडल मार्च निकाला। कैंडिल मार्च में हिंदूवादी संगठनों और स्थानीय लोगों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। जिसमें हत्यारों को फांसी देने की मांग की गई। दिल्ली प्रांत के उत्तम नगर क्षेत्र में होली के त्योहार पर दूसरे समुदाय के एक व्यक्ति पर रंग पड़ने को लेकर विवाद हुआ। जिसके बाद मारपीट में तरुण कुमार की हत्या कर दी गई थी। इस घटना के विरोध में शुक्रवार शाम नवाबगंज नगर के



कैंडिल मार्च निकालते हिन्दूवादी संगठन

मोहल्ला बरतल स्थित खेरे वाली माता मंदिर में हिंदूवादी संगठन और स्थानीय लोग एकत्रित हुए। उन्होंने हाथों में मोमबत्ती और बैनर लेकर नवाबगंज मुख्य बाजार में कैंडल मार्च निकाला। मार्च के दौरान तरुण कुमार के हत्यारों को फांसी दो जैसे नारे लगाए गए। कैंडल मार्च में बड़ी संख्या में युवाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और नगरवासियों ने भाग लिया। सभी ने हाथों में मोमबत्तियां लेकर नगर के मुख्य चौराहा पर तरुण कुमार को श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रदर्शनकारियों ने हत्या के दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और उन्हें फांसी की सजा देने की मांग की। मार्च के दौरान लोगों ने कहा कि होली जैसे पवित्र त्योहार पर इस प्रकार की घटना बेहद निंदनीय है। उन्होंने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर जल्द से जल्द आरोपियों को गिरफ्तार कर कड़ी सजा देने की मांग की, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों। नगर के मुख्य चौराहा पर अंत में दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष आदेश राठौर, आरएसएस खंड कार्यवाह वीर सिंह, सभासद पवन सूर्यवंशी, रतन पाल, सुनील सूर्यवंशी, अर्जुन, सूरज कुमार, दिलीप कुमार, अतुल प्रधान पुत्र और अनिल राठौर सहित कई लोग मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल भी तैनात था।

# सामुदायिक केंद्र के गेट पर महिला की हुई डिलीवरी



सीएचसी के बाहर खड़े परिजन

▸ कर्मचारियों पर लगा लापरवाही का आरोप, सीएमओ ने जांच के दिये आदेश

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

कमालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी में बीती रात एक महिला को प्रसव पीड़ा के दौरान अस्पताल के मुख्य गेट पर ही बच्चे को जन्म देना पड़ा। घटना रात करीब साढ़े नौ बजे की बताई जा रही है। जिसके बाद परिजनों में नाराजगी जतायी।

जानकारी के अनुसार जहानगंज थाना क्षेत्र के राजेपुर टप्पा मंडल निवासी अमित कुमार अपनी पत्नी प्रांजली को प्रसव पीड़ा होने पर सीएचसी लेकर पहुंचे थे। परिजनों ने आरोप लगाया कि ड्यूटी पर मौजूद स्टाफ से मरीज को दिखाने और भर्ती कराने का अनुरोध किया गया, लेकिन समय पर प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी। इस दौरान महिला की स्थिति गंभीर होने पर अस्पताल परिसर में ही प्रसव हो गया। मौके पर मौजूद आशा कार्यकर्ता रचना सिंह ने नवजात को संभाला और आवश्यक सहयोग प्रदान किया। बाद में मां और बच्चे को देखभाल के लिए अंदर ले जाया गया। घटना की जानकारी मिलने पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ0 अजय कुमार ने कहा कि पूरे मामले की जांच कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि जांच के आधार पर जो भी तथ्य सामने आएंग, उसके अनुसार विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

# मारपीट के मामले में छह लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के गांव नगला कोमिल में दबंगों ने एक राय होकर लाठी-डंडों और अवैध असलहों से लैस होकर घर पर हमला कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर छह नामजद आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना क्षेत्र के गांव नगला कोमिल निवासी रामसरन सिंह पुत्र रघुवीर सिंह हाल निवासी मसेनी चौराहा ने थाने में दी तहरीर में बताया कि बीती 18 मार्च को गांव के ही कुछ दबंगों ने एक राय होकर उनके घर पर हमला बोल दिया। आरोपी लाठी-डंडों और नाजायज असलहों से लैस थे। दहशत फैलाने के उद्देश्य से आरोपियों ने हवाई फायरिंग की और वादी के घर की दीवार व टीन सेट तोड़ दी। इतना ही नहीं, आरोपियों ने वादी के दिव्यांग भाई और वृद्ध मां के साथ हाथापाई की और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने वादी की तहरीर पर गांव कलौली महवुल्लापुर निवासी इन्दपाल पुत्र रूपराम, सुमित कुमार पुत्र जवर सिंह, जवर सिंह, अजव सिंह, अनिल कुमार पुत्रगण नाहर सिंह, ओमवीर सिंह पुत्र वसन्त सिंह के विरुद्ध केस दर्ज किया है। थाना नवाबगंज पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 191(2), 191(3), 190, 115(2), 351(3), 324(4) और 7 सीएल एक्ट के तहत मुकद्दमा अपराध संख्या 59/2026 पंजीकृत किया है। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक जितेन्द्र सिंह को सौंपी गई है। प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है। जांच की जा रही है।

## ई-लाटरी के माध्यम से देशी, कंपोजिट व मॉडल शॉप के लिए हुए 62 आवेदन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी व पुलिस अधीक्षक आरती सिंह की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिला आबकारी अधिकारी जी0पी0 गुप्ता आबकारी आयुक्त द्वारा नामित अधिकारी देवेन्द्र सिंह रावत, समस्त आबकारी निरीक्षक उपस्थित आवेदकगण एवं अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में वर्ष 2026-27 हेतु ई-लाटरी प्रथम चरण की प्रक्रिया में देशी शराब की 14 दुकानों पर 54, कंपोजिट शॉप की 04 दुकानों पर 07 तथा मॉडल शॉप की 01 दुकान पर 01 आवेदन इस प्रकार कुल 62 आवेदन प्राप्त किए गए। जिला सूचना विज्ञान अधिकारी ज्योति चौधरी की उपस्थिति में तकनीकी सहयोग प्रदान कर सर्वप्रथम आवेदकों की उपस्थिति में सिमुलेशन की कार्यवाही की गयी। जिसमें आवेदकों से 3 सीड अंक प्राप्त कर सबको समान चयनित होने के बारे में अवगत कराया गया। रेण्डमाईजेशन की प्रक्रिया प्रारम्भ की गयी। जिसमें आवेदकों से 3 सीड अंक प्राप्त कर अन्तिम रूप से ई-लाटरी की प्रक्रिया शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करायी गयी।

# तेज बारिश से 27 गांवों की बिजली गुल

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र में गुरुवार रात करीब 10 बजे तेज बारिश और बिजली गिरने के कारण विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। लगभग 27 गांवों की बिजली गुल हो गई। जिससे ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज विद्युत उपकेंद्र से जुड़े अठसेनी फीडर की 11000 केवी लाइन पर गांव वीरपुर के पास बिजली गिरी। इसके परिणामस्वरूप, एक इंसुलेटर फट गया, जो बिजली आपूर्ति बाधित होने का एक प्रमुख कारण बना। इसके अतिरिक्त, सिरमौरा फीडर की 11000 केवी लाइन पर भी तेज हवा के कारण कई जगह पेड़ की डालियां गिर गईं। इस वजह से भी विद्युत आपूर्ति में बाधा आई, जिससे समस्या और बढ़ गई। बिजली आपूर्ति बहाल करने के लिए विभाग द्वारा कई प्रयास किए गए, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद, सुरक्षा कारणों से दोनों लाइनों को ब्रेकडाउन घोषित कर दिया गया। शुक्रवार सुबह लाइनमैन मंजेश कुमार और वीर सिंह ने प्रभावित लाइनों का निरीक्षण किया। जांच के दौरान, उन्हें इंसुलेटर फटने और पेड़ की डालियां गिरने की समस्या का पता चला, जिसके बाद मरम्मत कार्य शुरू किया गया।

समृद्धि न्यूज़
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
समृद्ध समाज का आधार
शनिवार, 21 मार्च 2026

# अहले वतन को ईद की दिली मुबारकबाद



ईद उल-फितर की सभी को दिली मुबारकबाद
मो0 वसीम
उर्फ मोहम्मद मिया
नायब सज्जादा नशीन
खानकाह मखदूम शाह सैय्यद शहाबुद्दीन औलिया दरगाह लोको रोड फतेहगढ़

ईद उल-फितर की सभी को दिली मुबारकबाद
मुजीबुल हसन
जिला सचिव
समाजवादी पार्टी
फर्रुखाबाद

ईद उल-फितर की सभी को दिली मुबारकबाद
रफी अहमद
महानगर अध्यक्ष
समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ, फर्रुखाबाद

ईद उल-फितर की सभी को दिली मुबारकबाद
कला सम्राट चौक, किराना बाजार व शाही लिवास सुतहट्टी बाजार, फर्रुखाबाद
फैसल जमा खां, फाहद जमा खां, फराज जमा खां

सभी लोगों को ईद-उल- फितर की दिली मुबारकबाद
डा0 मोहम्मद अमीन मंसूरी
असिस्टेंट प्रोफेसर
दुर्गा नारायण महाविद्यालय फतेहगढ़

ईद उल-फितर की सभी को दिली मुबारकबाद
मुजाहिद अंसारी
नगर अध्यक्ष-युवजन सभा
समाजवादी पार्टी, फर्रुखाबाद

ईद उल-फितर की सभी को दिली मुबारकबाद
जहांगीर मंसूरी
समाजसेवी
पूर्व जिला उपाध्यक्ष, बसपा
निवासी-पचपुखरा फर्रुखाबाद

ईद उल-फितर की सभी को दिली मुबारकबाद
सलमान खान
नूरी इलेक्ट्रिक
लालसराय, फर्रुखाबाद

सभी लोगों को ईद-उल- फितर की दिली मुबारकबाद
EID MUBARAK
फराज शेख
मो0 आकिब खान

ईद उल-फितर की सभी को दिली मुबारकबाद
Eid Mubarak
इकलाख खान
नगर अध्यक्ष
उद्योग व्यापार मण्डल (मिश्रा गुट), फर्रुखाबाद

ईद उल-फितर की सभी को दिली मुबारकबाद
असलम अंसारी
सभासद
सीमा परवीन
पूर्व सभासद
नगर पालिका परिषद, फर्रुखाबाद
मोः- 8318595671

ईद उल-फितर की सभी को दिली मुबारकबाद
चन्द्रपाल सिंह यादव
जिलाध्यक्ष
समाजवादी पार्टी
विनीत परमार
जिला सचिव, सपा, फर्रुखाबाद
इलियास मंसूरी
जिला महासचिव, सपा, फर्रुखाबाद

बढ़पुर उत्तरी प्रथम क्षेत्र के वासियों को
ईद-उल-फितर की सभी को दिली मुबारकबाद
प्रतिमा अंसारी
पत्नी मोहम्मद यूनुस अंसारी
मो0 यूनुस अंसारी
प्रदेश सचिव, समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ

ईद उल-फितर की सभी को दिली मुबारकबाद
हाजी फजल मंसूरी
पूर्व कानपुर मंडल कोआर्डिनेटर
बसपा
निवास- फतेहगढ़

सभी लोगों को ईद-उल- फितर की दिली मुबारकबाद
सैय्यद आफताब हुसैन ★ सैफ हुसैन
पूर्व जिलाध्यक्ष, कांग्रेस- आलू आढ़ती सातनपुर मंडी फर्रुखाबाद

सभी लोगों को ईद-उल- फितर की दिली मुबारकबाद
ईद मुबारक
हुमेरा गारमेन्ट्स
लाल सराय, फर्रुखाबाद
अनाविया सिद्दीकी
मो0 वसीम सिद्दीकी

ईद उल-फितर की सभी को दिली मुबारकबाद
EID MUBARAK
मज़हर मोहम्मद खान
अध्यक्ष, मुस्लिम जकात फाउण्डेशन
कोषाध्यक्ष, प्रांतीय कार्यकारिणी
उत्तर प्रादेशिक जू0हा0 स्कूल शिक्षक संघ

ईद उल-फितर की सभी को दिली मुबारकबाद
अताउल हक काश्फी
एडवोकेट,
जेल विजिटर
केंद्रीय कारागार/जिला कारागार फतेहगढ़

ईद उल-फितर की सभी को दिली मुबारकबाद
EID MUBARAK
फरहत अली खान
एडवोकेट
सदर तहसील फर्रुखाबाद
आवास-542, नई बस्ती
फर्रुखाबाद

ईदुल फितर की सभी को दिली मुबारकबाद
हाजी अकरम अंसारी
हाजी सलीम अंसारी
हाजी असलम अंसारी
हाजी हिलाल अंसारी
होटल ताज पैलेश, रेलवे रोड, फर्रुखाबाद

ईद उल-फितर की सभी को दिली मुबारकबाद
Eid Mubarak
साबिर हुसैन
वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ, फर्रुखाबाद

ईद उल-फितर की सभी को दिली मुबारकबाद
Eid Mubarak
मोहम्मद रफी
कोरियोग्राफर
क्रेजी डांस अकेडमी, फर्रुखाबाद

ईद उल-फितर की सभी को दिली मुबारकबाद
EID MUBARAK
मकसूर अंसारी
जिला उपाध्यक्ष
फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया व्यापार मण्डल, फर्रुखाबाद

अहले वतन को ईद-उल- फितर की दिली मुबारकबाद
ईद मुबारक
मा. अखिलेश यादव
राष्ट्रीय अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी
अनीस राजा
मरहूम हाजी इस्तिखार खॉं
मो0 इज़हार खॉं
जिलाध्यक्ष-समाजवादी मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड, फर्रुखाबाद

अहले वतन को ईद-उल- फितर की दिली मुबारकबाद
Dr. Anwar Ahmed Khan
B.D.S.K.G.M.C (Lucknow)
Dr. Ahmed Hussain Khan
B.D.S., M.D.S (Lucknow)
Dr. ANWAR DENTAL HOSPITAL Court road, fatehgarh, farrukhabad

अहले वतन को
ईद मुबारक
Eid Mubarak
राजा शमसी
समाज सेवक

अहले वतन को ईद-उल- फितर की दिली मुबारकबाद
मैक्स हेल्थ रिलीफ हॉस्पिटल
सेलिब्रेशन गेस्ट हाउस के पास
आवास विकास, फर्रुखाबाद
24/7 Emergency Services
Mob. 8423131580, 8756351027
बेड चार्ज फ्री, दवाईयों पर 15% प्रतिशत की छूट
नार्मल डिलीवरी एवं वैक्यूम डिलीवरी से बच्चा पैदा करने की सुविधा
डॉ0 मुस्कान
स्त्री, प्रसूति एवं बाल रोग विशेषज्ञ
डॉ0 समीर राजा
संस्थापक

Eid Mubarak
सभी को ईद-उल-फितर की हार्दिक शुभकामनायें
समाजसेवा व उत्कृष्ट कार्य के लिए
नोवेल सिटीजन अवार्ड से सम्मानित
सैय्यद रिजवान अली
राज्य समन्वयक व नोडल अधिकारी
श्रम विभाग
निवासी-फतेहगढ़

सभी को ईद-उल-फितर की हार्दिक शुभकामनायें
प्रबंधक-एमए फारुखी इंटर कालेज, शमशाबाद, फर्रुखाबाद
नदीम अहमद फारुखी
पूर्व जिलाध्यक्ष,
समाजवादी पार्टी, फर्रुखाबाद
पूर्व चेयरमैन, नगर पंचायत शमशाबाद